लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आश्विन कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 34, अंक 234, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, रविवार, 22 सितंबर 2024



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हीन भावना और श्रेष्ठता की भावना से बचना सेहत के लिए फायदेमंद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



जैकलीन का पहला गाना स्टॉर्मराइडर रिलीज...15

आज का मौसम

34.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05:57
सूर्यास्त 06:05

# खड़े डंपर में पीछे से घुसी कार, चार की मौत

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर ऐरवाकटरा क्षेत्र में हुआ हादसा, हादसे का शिकार हुए लोग कानपुर नगर के

संवाददाता, बिधूना (औरैया)

**अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को ऐरवाकटरा थाना क्षेत्र के हरनागरपुर पुल के पास एक तेज रफ्तार कार खड़े डंपर में पीछे से घुस गई, जिससे कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए सभी लोग कानपुर नगर के रहने वाले हैं।

कानपुर के इंदिरा नगर कल्याणपुर निवासी पीयूष यादव (33) नोएडा के सूरजपुर में रहते थे। पीयूष अपनी मां नीता यादव (55), भाभी संजना (31) और भतीजे आरव (5) को लेकर शनिवार को कार से कानपुर के लिए निकले थे। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर ऐरवाकटरा थाना क्षेत्र के हरनागरपुर पुल के पास उनकी कार पहले से खड़े डंपर में पीछे से घुस गई। डंपर से



हादसे में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

भिड़ंत में कार के परखचे उड़ गए। चारों लोग कार में ही फंस गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष संतप्रकाश सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और डंपर में फंसी कार को बाहर निकलवाया। फिर कार में फंसे तीन मृतकों को बाहर निकाला गया। कार की ड्राइविंग सीट में फंसे पीयूष को कार काटकर बाहर निकाला गया। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा भी मौके पर पहुंचे।

पुलिस को कार में मोबाइल मिला, जिसका नंबर डायल करने पर पीयूष की पत्नी ने काल रिसीव की। उन्हें हादसे की जानकारी दी गई। आलोक मिश्रा ने बताया कि एक परिवार की दो महिलाओं, एक बच्चे समेत चार लोगों मौत हुई है। खड़े डंपर में कार के टकराने से हादसा हुआ है। एक्सप्रेस-वे पर डंपर खड़ा होने की जांच कराई जा रही है। लोगों का कहना है कि डंपर सुबह से खड़ा था। कार के एयरबैग तो खुल गए, मगर डंपर के पीछे लगे सेफ्टी गार्ड कार में घुसने से सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और मौत हो गई।

# पाकिस्तान को मोदी का डर, इसलिए सीमा पर शांति

- केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा-पड़ोसी मुल्क ने यदि गोलीबारी की हिम्मत की तो देंगे मुंहतोड़ जवाब
- शाह ने कहा-आतंकवाद का हुआ सफाया, सरकार अब पहाड़ों में नहीं गूंजने देगी गोलियों की आवाज

मेंढर (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में सीमा पर शांति है क्योंकि पाकिस्तान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से डरता है और वह गोलीबारी करने की हिम्मत नहीं करेगा क्योंकि उसे पता है कि भारत उसे ऐसा मुंहतोड़ जवाब देगा जो उसकी बंदूकों को चुप कराने के लिए काफी होगा।

शाह ने केंद्रशासित प्रदेश में पुंछ जिले के सीमावर्ती इलाके में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मुर्तजा खान के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र ने युवाओं के हाथों में बंदूकों और पत्थरों की जगह लैपटॉप देकर आतंकवाद का सफाया कर दिया है।



### कांग्रेस, नेकां और पीडीपी ने बढ़ाया आतंकवाद

शाह ने कहा कि आतंकवाद 1990 में शुरू हुआ और 2014 तक जारी रहा, जिसमें 40,000 लोगों की जान गई। नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि ये तीनों परिवार आतंकवाद को रोकने में विफल रहे और उन्होंने इसके बजाय इसे बढ़ावा दिया। भाजपा और मोदी ने आतंकवाद को खत्म किया और युवाओं के हाथों में बंदूकों और पत्थरों की जगह लैपटॉप थमाए।

उन्होंने कहा कि सरकार जम्मू क्षेत्र के पहाड़ों में बंदूकों की आवाज नहीं गूंजने देगी। शाह ने कहा कि हम लोगों की सुरक्षा के लिए सीमा पर और बंकर बनाएंगे। मैं आपको 1990 के दशक में सीमा पार से होने वाली गोलीबारी की याद दिलाना चाहता हूं... क्या आज भी सीमा पार से गोलीबारी हो रही है? उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि यहां पहले के शासक पाकिस्तान से डरते थे, लेकिन अब पाकिस्तान मोदी से डरता है। वे गोलीबारी करने की हिम्मत नहीं करेंगे, लेकिन अगर वे ऐसा करते हैं, तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। शाह ने दावा किया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला लोगों को आतंकवाद के फिर से पनपने का डर दिखा रहे हैं। शाह ने कहा कि मैं यहां से बताना चाहता हूं कि आपके संरक्षण के बावजूद मोदी और शाह इन खूबसूरत पहाड़ियों में उन्हें फिर से पनपने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से किसी को कोई लाभ नहीं है। हमारे बच्चों को बंदूकें थमा दी गईं।

## एक नजर

### एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह होंगे अगले वायुसेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह को भारतीय वायुसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया गया है। उनके पास 5,000 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव है। सिंह एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी का स्थान लेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में वायुसेना उप प्रमुख के पद पर कार्यरत सिंह 30 सितंबर को वायुसेना प्रमुख के तौर पर कार्यभार संभालेंगे। 27अक्टूबर 1964 को जन्मे एयर मार्शल सिंह को दिसंबर 1984 में वायुसेना की लड़ाकू विमान पायलट श्रेणी में शामिल किया गया था।

### ड्रग तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने केंद्रीय एजेंसी के साथ एक संयुक्त अभियान में जालंधर, अमृतसर और लुधियाना में चल रहे एक बड़े ड्रग तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को कहा कि समन्वित छापेमारी के बाद 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वे क्षेत्र में ड्रग नेटवर्क चला रहे थे और हवाला के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग कर रहे थे। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों से एक किलोग्राम हेरोइन, 381 ग्राम चरस, एक ग्लॉक पिस्तौल, दो पिस्तौल, 62 कारतूस, 48.7 लाख रुपये की ड्रग मनी, 262 ग्राम सोना बरामद किया है।

# जातीय विभेद, छुआछूत व अस्पृश्यता से राष्ट्रीय एकता को चुनौती : योगी

## गोरक्ष पीठ में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह में बोले मुख्यमंत्री

- कहा-बांटने वाली ताकतों के षड्यंत्र से सतर्क होकर करना होगा काम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जातीय विभेद, छुआछूत, अश्पृश्यता के चलते जब तक सामाजिक एकजुटता का अभाव रहेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता को चुनौती मिलती रहेगी। यही कारण है कि मार्गदर्शक संत परंपरा ने समाज को जोड़ने का संदेश दिया है। आह्वान किया कि बांटने वाली ताकतों के षड्यंत्र से सतर्क होकर एकजुटता से देश और समाज हित के लिए काम करना होगा।

वे शनिवार को गोरखपुर में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 55वीं तथा ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतिम दिन बोल रहे थे। मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर ने दादागुरु व गुरु के व्यक्तित्व और कृतित्व के तमाम प्रसंग सुनाते हुए कहा कि इनके स्मरण से नई प्रेरणा मिलती है। कहा कि आज भारत सही दिशा में बढ़ रहा है। गत दस वर्ष में भारत की प्रगति और सर्वांगीण विकास की रूपरेखा उत्साहित करने वाली है। इस परिस्थिति में सबका दायित्व है कि हम बांटने वाली ताकतों के षड्यंत्र से बचें। सतर्क इसलिए भी रहना होगा कि आपस में लड़ाने के लिए पैसा किसी और का होगा लेकिन माध्यम यहीं के लोग। इससे बचने के लिए संत परंपरा के संदेशों को जानने की आवश्यकता है। श्रद्धांजलि समारोह में राजस्थान के विधायक महंत बालकनाथ, काशी के कथाव्यास डॉ. रामकमल दास वेदांती, अयोध्या से जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य, स्वामी रामदिनेशाचार्य, जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी राघवाचार्य, गाजियाबाद के स्वामी नारायण गिरी समेत केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, गोरखपुर के सांसद रविकिशन शुक्ल आदि ने विचार व्यक्त किए।



### विकास व निवेश के अभियान का हिस्सा बन रहा यूपी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में शनिवार को सैमसंग इनोवेशन कैंपस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बीटेक के करीब 600 छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए कहा कि उप्र सुशासन के बल पर विकास और निवेश के बड़े अभियान का हिस्सा बन रहा है। निवेश का सबसे आकर्षक गंतव्य उत्तर प्रदेश है। छात्रों को सफलता हासिल करने का मंत्र देते हुए कहा कि परिश्रम की पराकाष्ठा पर पहुंचिए। छह घंटे की बजाय 12 से 14 घंटे काम करने की आदत डालिए। अधिक कार्य करके ही आप पीएम मोदी के डिजिटल इंडिया को मजबूत कर पाएंगे।

### जमीन कब्जाने में पेशेवर माफिया को चिह्नित करें

गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिह्नित कर सख्ती की जाए। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे।

### पोलियोग्रस्त बच्चे का पीजीआई में होगा इलाज

जनता दर्शन में शनिवार को एक महिला अपने दिव्यांग बच्चे को लेकर आई थी। उसे व्हीलचेयर पर देख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। महिला ने बताया कि यह बच्चा जन्म से दिव्यांग नहीं था, उसे बाद में पोलियो हुआ। लखनऊ और दिल्ली के बड़े अस्पताल में दिखाया गया है लेकिन डॉक्टरों ने जवाब दे दिया है। इस पर मुख्यमंत्री ने बच्चे को पीजीआई लखनऊ के डॉक्टरों को दिखाने को अधिकारियों को निर्देशित किया।

# गद्दा फैक्ट्री में लगी भीषण आग तीन लोगों की मौत, सात गंभीर

## तेज धमाके से ढहा हॉल, दमकल की छह गाड़ियों ने पाया काबू

- डीएम और एसपी ने मौके पर की छानबीन, शाम तक चला रेस्क्यू

संवाददाता, रनियां (कानपुर देहात)

**अमृत विचार :** खानचंद्रपुर-मटियामऊ रोड पर स्थित फोम गद्दा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। तेज धमाके के साथ बड़ी टीनशेड ढह गई और वहां काम कर रहे 10 मजदूर उसके नीचे दब गए जिनमें से तीन की मौत हो गई जबकि सात मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। बुरी तरह जला एक और शव पाया गया है लेकिन स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह मानव का है या पशु का। दमकल की छह गाड़ियों ने चार घंटे के बाद आग पर काबू पाया। डीएम व एसपी ने मौके पर जाकर छानबीन की।

रनियां क्षेत्र के खानचंद्रपुर-मटियामऊ रोड पर आरपी पॉली पैक प्राइवेट लिमिटेड नाम से फोम गद्दा फैक्ट्री है। फैक्ट्री के मालिक अजय अग्रवाल हैं। पैक्ट्री के दो गोदामों में फोम डंप था। फैक्ट्री में टीनशेड के नीचे शनिवार सुबह 10 मजदूर काम कर रहे थे। सुबह करीब छह बजे फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और एक के बाद एक तेज धमाके होने लगे।

धमाकों के साथ टीनशेड ढह गई, जिसके नीचे वहां पर काम कर रहे मजदूर रोहित, शिवम, अजीत, रवि, विशाल, सुरेंद्र निवासी जरिहा थाना गजनेर, प्रांशु निवासी सुजौर थाना देवराहट, लवकुश व अमित निवासी अनंतापुर थाना बरौर, मनोज व संजय निवासी स्याही रूरा दब गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि अंदर जाने का कोई साहस नहीं जुटा सका। सूचना पर डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, एएसपी राजेश पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।



फैक्ट्री में आग लगने के बाद उठता धुएं का गुबार। ● अमृत विचार

### जिला अस्पताल व हैलट में भर्ती हैं घायल

माती और अन्य जगहों से दमकल की छह गाड़ियां पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। चार घंटे की मशक्कत के बाद बाद करीब 10 बजे आग को नियंत्रित किया जा सका। इसके बाद मलबे के नीचे दबे मजदूरों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक तीन मजदूरों की मौत हो चुकी थी, जबकि सात गंभीर रूप से झुलस गए हैं। उन्हें जिला अस्पताल अकबरपुर भेजा गया। कुछ घायलों को कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# राहुल गांधी पर टिप्पणियों को लेकर आंदोलन करेगी कांग्रेस

- सच बोलने पर नफरत का माहौल बनाया जा रहा : खरगे

जम्मू, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी आरएसएस-भाजपा की जहरीली मानसिकता से नहीं डरेगी और राहुल गांधी को दी गई धमकियों के खिलाफ आंदोलन करेगी। उन्होंने गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले भाजपा नेताओं पर कार्रवाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विफल रहने पर भी सवाल उठाया। खरगे ने जम्मू में दावा किया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता, जिनमें विधायक और सांसद भी शामिल हैं, हमारे नेताओं की जुबान काटने की बात करते हैं। सच बोलने पर राहुल गांधी पर हमला किया जाता है और उनके खिलाफ नफरत का माहौल बनाया जाता है।

खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री इन नेताओं पर लगाम लगाने और इनके खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहे हैं, क्योंकि वह उनसे डरते हैं। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने जम्मू पहुंचे खरगे ने कहा कि राहुल गांधी को आतंकवादी और राष्ट्र विरोधी करार दिया जा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री इस तरह के बयानों को बढ़ावा दे रहे हैं और कार्रवाई नहीं कर लोगों को उकसा रहे हैं।



प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष व अन्य।

### भाजपा ने कहा-सिखों पर दिया बयान वापस लें राहुल

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कई सिख समूहों के संयुक्त बयान का हवाला देते हुए शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से वह बयान वापस लेने को कहा जिससे देश में भय का माहौल पैदा हो गया है। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि कई सिख और गुरुद्वारा प्रबंधन निकायों ने इस मुद्दे पर गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात की और कहा कि सिखों के बलिदान ने देश को मजबूत बनाया है। सिरसा ने कहा कि सिख संगठनों ने गांधी से अमेरिका में दिए गए अपने बयान वापस लेने का आग्रह किया है।

### मेरी टिप्पणी पर भाजपा कर रही झूठा प्रचार : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि अमेरिका में सिख समुदाय को लेकर उन्होंने जो बात कही है उसमें सच्चाई है लेकिन भाजपा उसको लेकर झूठ फैला रही है। गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि उन्होंने जो कुछ भी अमेरिका में कहा है वह सच है क्योंकि हर व्यक्ति को स्वतंत्र रूप से अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। कहा कि भाजपा अमेरिका में मेरी टिप्पणी को लेकर झूठ फैला रही है।

# आतिशी ने संभाला दिल्ली के मुख्यमंत्री का पदभार

- पांच मंत्रियों ने भी ली शपथ मुकेश अहलावत नया चेहरा

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी को उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने शनिवार को दिल्ली की 8वीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई। सक्सेना ने यहां राजनिवास में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में आतिशी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद इस सप्ताह के प्रारंभ में आतिशी को पार्टी के विधायक दल का नेता चुना गया था। शपथ ग्रहण समारोह में केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया भी उपस्थित थे। कांग्रेस की शीला दीक्षित और भाजपा की सुषमा स्वराज के बाद आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री हैं। स्वतंत्र भारत में, आतिशी मुख्यमंत्री पद संभालने वाली 17वीं महिला हैं। उपराज्यपाल ने पार्टी के नेताओं सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत को मंत्री पद की शपथ दिलाई। सुल्तानपुर माजरा से पहली बार के विधायक मुकेश अहलावत, आतिशी मंत्रिमंडल में नया चेहरा हैं।



### आजम और अब्दुल्ला की बेल याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रामपुर की जौहर यूनिवर्सिटी में सफाई मशीन बरामदगी मामले में आरोपी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इस मामले में कोर्ट ने 2 सितंबर को फैसला सुरक्षित कर लिया था। रामपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अजहर खान की भी जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ के समक्ष हुई। आजम और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम सहित पांच अन्य के खिलाफ 19 सितंबर 2022 को थाना कोतवाली रामपुर में वाकर अली खान द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

# पिता की मौत का बदला लेने को भांजे ने मामा की हत्या की

- नानी को भी गोली मारी, छह साल पहले पिता की हुई थी मौत, नानी को मानता था पिता की मौत का जिम्मेदार

संवाददाता, मीरगंज (बरेली)

**अमृत विचार :** थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव सिल्लापुर में पिता की मौत का बदला लेने के लिए युवक ने अपने मामा और नानी को गोली मार दी। गोली लगने से मामा की मौत हो गई और नानी की हालत गंभीर बनी हुई है। नाना की तहरीर पर पुलिस आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

गांव सिल्लापुर निवासी शेर सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात वह पत्नी राम मूर्ति (75), बेटे रणवीर और उसकी पत्नी अंशू के साथ बैठकर बातें कर रहे थे। रात 12:30 बजे उनका नाती मीरगंज के मोहल्ला टीचर कॉलोनी निवासी अनुराग उर्फ छोटू मोटरसाइकिल से आया। वह सभी से बात करने लगा लेकिन अचानक उसने रणवीर (52) और राममूर्ति को गोली मार दी। रणवीर की मौके पर मौत हो गई और राममूर्ति गंभीर रूप से घायल हो गईं। शोर-शराबा के बाद ग्रामीणों को आता देख आरोपी सभी को जान से मार देने की धमकी देकर बाइक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने घायल राममूर्ति को अस्पताल भेजा और रणवीर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच में आया कि आरोपी के पिता की छह साल पहले रेलवे लाइन किनारे लाश मिली थी और गांव वालों ने उसके मन में भर दिया था कि पिता की मौत की जिम्मेदार उसकी नानी है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की हैं।

# औषधि निरीक्षक, वरिष्ठ विश्लेषक का बढ़ा वेतनमान

## वेतन विसंगति दूर — मुख्य सचिव की संस्तुति पर राज्यपाल की मंजूरी के बाद शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग में तैनात औषधि निरीक्षक और वरिष्ठ विश्लेषक का वेतनमान बढ़ाने को लेकर मुख्य सचिव की संस्तुति पर राज्यपाल की मंजूरी के बाद शनिवार को वित्त विभाग ने शासनादेश जारी किया है। अब औषधि निरीक्षक को उच्चीकृत वेतन मैट्रिक लेवल 8 और वरिष्ठ विश्लेषक को लेवल 7 मिलेगा।

सातवां वेतनमान वर्ष 1 जनवरी 2016 में लागू होने के बाद केंद्र के मुकाबले वेतनमान कम होने से बढ़ाने की मांग हो रही थी। राज्य सरकार की ओर से बनी मुख्य सचिव समिति को संस्तुति देने में साढ़े 8 वर्ष लग गए। राज्यपाल से मंजूरी के बाद शनिवार को वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने शासनादेश जारी किया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के एसीएस को भेजे शासनादेश में कहा है कि औषधि निरीक्षक के पद पर वर्तमान में अनुमन्य वेतन मैट्रिक्स लेवल-7 (रुपये 44900-142400) के स्थान पर विभागीय शासनादेश निर्गत होने के दिनांक से उच्चीकृत वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (रुपये 47600-151100) अनुमन्य किया जाए। वरिष्ठ विश्लेषक (खाद्य-औषधि) के पद पर वर्तमान में अनुमन्य वेतन मैट्रिक्स लेवल-6 (रुपये 35400-112400) के स्थान पर उच्चीकृत वेतन मैट्रिक्स लेवल-7 (रुपये 44900-142400) अनुमन्य होगा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के उपायुक्त शशि मोहन गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार ने विसंगतियां दूर करने का प्रयास किया है।

### नहीं सुनी गई फार्मासिस्ट और नर्सिंग संवर्ग की मांग

**लखनऊ।** वित्त विभाग के एसीएस दीपक कुमार की ओर से शनिवार को जारी शासनादेशों में फार्मासिस्ट संवर्ग का 1 जनवरी 2016 से अनुमन्य पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल यथावत रखा गया है। यही आदेश नर्सिंग संवर्ग के नर्सिंग अधिकारी, सीनियर नर्सिंग अधिकारी, सहायक नर्सिंग अधीक्षक, उप नर्सिंग अधीक्षक, नर्सिंग अधीक्षक और मुख्य नर्सिंग अधिकारी के लिए भी है। मगर, नर्सिंग संवर्ग के पदों पर भर्ती हेतु अब बीएससी (ऑनर्स) के साथ छह माह का अनुभव या नर्सिंग में डिप्लोमा के साथ ढाई वर्ष का अनुभव की अर्हता निर्धारित की गई है। फार्मासिस्ट फेडरेशन उप्र के अध्यक्ष सुनील यादव का कहना है फार्मासिस्ट व नर्सिंग संवर्ग की ओर से नियुक्ति के समय मूल वेतन केंद्र के बराबर देने की मांग थी, लेकिन सरकार ने नहीं माना।

# अयोध्या दुष्कर्म मामले में भ्रूण की डीएनए रिपोर्ट तलब

- हाईकोर्ट ने अभियुक्त अहमद की जमानत याचिका पर दिया आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अयोध्या दुष्कर्म मामले में भ्रूण की डीएनए रिपोर्ट तलब की है। न्यायालय ने निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने अभियुक्त मोईद अहमद की जमानत याचिका पर पारित किया। अभियुक्त की ओर से दलील दी गई कि वह 71 वर्ष का वृद्ध है और वर्तमान मामले में उसे राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है। कहा गया कि अभियुक्त को कोई भी दस्तावेज भी नहीं दिए जा रहे हैं। वहीं याचिका का विरोध करते हुए, राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता वीके शाही ने दलील दी कि मामला बहुत ही गंभीर प्रकृति का है, पीड़िता नाबालिग है जिसके साथ दुराचार का आरोप अभियुक्त व उसके नौकर पर है। घटना के बाद पीड़िता गर्भवती भी हो गई, जिसके गर्भपात के पश्चात डीएनए जांच के लिए सैंपल भेज गया है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट डीएनए रिपोर्ट तलब कर ली।

## एक नजर

### सवाल पूछा तो ठेकेदार ने पत्रकार को दी धमकी

**टोंडरपुर, हरदोई।** पीडब्ल्यूडी के तहत ठेकेदार द्वारा कराई जा रही पुलिया निर्माण में पीला ईंट लगाए जाने का आरोप लगाया गया है कि सकाहा से खिरिया जाने वाले संपर्क मार्ग पर हो रहे पीला ईंट से पुलिया निर्माण को लेकर एक संवाददाता ने लिखित शिकायती पत्र बेहटा गोकुल पुलिस को दिया। जिसमें ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए बताया कि सकाहा से खिरिया संपर्क मार्ग पर नेवादा के निकट पुलिया निर्माण में पीला ईंट से निर्माण कराया जा रहा था, इसी की सूचना पाकर वह कवरेज करने के लिए गए थे। मौके पर देखा कि पीला ईंट ट्रैक्टर से उतारी जा रही थी। इसी की पूछताछ ठेकेदार अजय कुमार से की तो इन्होंने अभद्र शब्दों का प्रयोग किया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी है।

### अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

**कोथावां, हरदोई।** पिता ने बेटी के ससुरालीजनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग कर मारपीट व गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। लालता निवासी भिठौली थाना सण्डीला ने बेनीगंज कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि करीब छह माह पूर्व उन्होंने बेटी अंजली की शादी सूरज निवासी कैमा मजरा कल्यानमन थाना बेनीगंज के साथ की थी। लेकिन शादी के बाद से ही सूरज, दीपू, नीरज पुत्रगण पुत्तीलाल व केतका पत्नी पुत्तीलाल और दहेज के लिए बेटी को मानसिक व शारीरिक रुप से प्रताड़ित करते हैं व जान से मारने की धमकी देते हैं।

### जिला क्षय रोग अधिकारी ने बैठक कर दिए जरूरी निर्देश

**हरदोई।** जिला क्षय रोग डॉ अखिलेश बाजपेई ने शुक्रवार को जिला क्षय रोग कार्यालय में कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि क्षय उन्मूलन में कर्मचारियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। देश ने वर्ष 2025 तक टीबी को समाप्त करने का संकल्प लिया है। यह तभी संभव है कि जब लोग जागरूक हों।

# बांधों से फिर छोड़ा गया पानी, बाढ़ के और विकराल होने का भय

## बाढ़ से जूझने को ग्रामीण विवश, पलिया उपकेंद्र से तीन फीडरों के 113 गांवों की आपूर्ति बंद

संवाददाता, हरपालपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र की गंगा व रामगंगा का चार दिनों से कहर जारी होने से तटवर्ती इलाकों में बाढ़ की स्थिति विकराल होती जा रही है। शुक्रवार को दिन में नदियों का जलस्तर स्थिर रहने के बाद शाम को नरौरा बांध से गंगा नदी में 99 हजार क्यूसेक, बिजनौर बैराज से 67 हजार क्यूसेक, हरिद्वार बांध से 86 हजार क्यूसेक तथा रामगंगा नदी में 11 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गंगा नदी पहले से ही खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। अब स्थिति और विकराल होने की संभावना को लेकर लोग भयभीत है। उधर विद्युत विभाग ने पलिया उपकेंद्र से मिलने वाली विद्युत को बाढ़ ग्रस्त इलाके के अब तक तीन फीडरों के 113 गांवों की आपूर्ति तत्काल प्रभाव से बंद कर दी है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र की गंगा, रामगंगा व गम्भीरी नदियों का जलस्तर शुक्रवार को दिन भर स्थिर रहने के बाद शाम को नरौरा बांध से गंगा नदी में 99 हजार क्यूसेक, बिजनौर बैराज से 67 हजार क्यूसेक, हरिद्वार बांध से 86 हजार क्यूसेक तथा रामगंगा नदी में 11 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बांधों से छोड़े गए पानी के रविवार तक क्षेत्र में पहुंचने की संभावना है। हालांकि गंगा नदी पहले से ही खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। अब बांधो से और पानी छोड़े जाने के बाद बाढ़ की विकराल स्थिति होने की संभावना से इनकार नही किया जा सकता।

अरवल व हरपालपुर इलाके की रामगंगा नदी के किनारे बसे एक सैकड़ा से अधिक गांवों में घरों तक पानी पहुंच गया है। लोगों ने गांव के बाहर सड़को पर या फिर मकानों की छतों पर आशियाना बना लिया है।यही नही क़ई बेसिक स्कूलों में भी दो से तीन फीट तक पानी भरा हुआ है। साथ ही कटियारी के गांवो व स्कूलों तक पहुंचने के लिए सड़को पर भी दो से चार फीट तक पानी बह रहा है। दिनों दिन बाढ़ की विक्रासल होती जा रही स्थिति पर तहसील प्रशासन पूरी तरह नजर लगाए हुए है। लोगों से सतर्कता बरतने के साथ-साथ सावधान रहने की अपील भी तहसील प्रशासन कर रहा है। एसडीएम संजय अग्रहरि राजस्व टीम के साथ लगातार बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पहुंचकर जायजा ले रहे है। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित लोगों को तहसील प्रशासन जरूरत मंद सामग्री व खाद्यान्न किट पहुंचा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों के उपचार हेतु दवाएं उपलब्ध करा रही है। एसडीएम ने बताया कि राजस्व टीम को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर लोगो की मदद का निर्देश दिया गया है। बाढ़ राहत चौकियों पर तैनात कर्मियों को एलर्ट रहने के साथ-साथ लोगों को सावधान करने के भी निर्देश दिए है। बाढ़ से लोगों को कोई परेशानियां नहीं होने दी जाएंगी। प्रशासन हर सम्भव मदद का प्रयास कर रही है। उधर बाढ़ ग्रस्त इलाके के 28 और गांवों की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गयी है। विद्युत उपकेंद्र पलिया के 85 गांवों की आपूर्ति पहले ही बंद कर दी गयी थी। अब इन गांवों की संख्या बढ़कर 113 हो गयी है। सुरक्षा की दृष्टि से पलिया उपकेंद्र के धर्मपुर, चौंसार व खद्दीपुर फीडर के कुल 113 गांवों की आपूर्ति बंद कर दी गयी है।



श्रीमऊ-भदार मार्ग पर भरा बाढ़ का पानी व गुजरते ग्रामीण। अमृत विचार



बाढ़ के बीच पीड़ितों को भोजन के पैकेट वितरित करते एसडीएम संजय अग्रहरि।




अरवल थाने में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

### रामगंगा का जलस्तर घटा थाने के अंदर भरा पानी

**हरपालपुर, अमृत विचार।** शनिवार को रामगंगा नदी के जलस्तर में मामूली गिरावट तो देखी गई। अरवल थाना परिसर में दो फिट तक बाढ़ का पानी भर जाने से पुलिस कर्मियों की मुश्किलें बढ़ गयी है। अरवल-श्रीमऊ मार्ग पर अवस्थी पुरवा गांव के पास मुख्य मार्ग पर पानी बहने लगा है। हालांकि राजस्व व पुलिस टीम के अलावा एसडीआरएफ की एक यूनिट भी इलाके में पहुंच गयी है जो हर मुसीबत से लोगों को बचाने का काम करेगी।



बाढ़ पीड़ित महिलाओं को दवाएं वितरित करतीं उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी।

### बाढ़ पीड़ितों को राज्य मंत्री ने वितरित की दवाएं

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** उमरिया कैथानी गांव पहुंचकर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने बाढ़ प्रभावितों से मुलाकात कर उनसे कुशल क्षेम पूंछी और उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया। इस मौके पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों को दवाएं भी वितरित की। गर्रा नदी के उफनाने की सूचना पाकर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र के उमरिया कैथानी गांव पहुंची। यहां पर बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और राजस्व तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उमरिया कैथानी में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने ग्रामीणों और खासकर महिलाओं से मुलाकात की उनसे बाढ़ से होने वाले नुकसान के बारे में पूछा। बीमार लोगों को उन्होंने स्वयं अपने हाथों से दवाएं वितरित की। पीडब्ल्यूडी विभाग और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को उन्होंने गांव में पर्याप्त निकास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ग्रामीणों को बाढ़ के पानी से निकलने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। राज्य मंत्री ने कहा सरकार जनपद में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आ रही है, और उनको हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने तहसील, सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी आदि विभागों के अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित इलाकों पर बराबर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम सुश्री दीक्षा जोशी, अधिशासी अभियंता सिंचाई अखिलेश गौतम, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी सुमंत कुमार, नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, जिला पंचायत सदस्य लाला राम राजपूत, उदन लाल राजपूत, राम अवतार आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने स्टीमर से पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को पहुंचाई राहत किट

**हरपालपुर।** शनिवार को एसडीएम संजय अग्रहरि ने राजस्व टीम के साथ अरवल के बाढ़ प्रभावित गांव वितरण , अदनिया पुरवा, कटरी छोछपुर, आलमपुर मड़ैया में स्टीमर से पहुंचकर पीड़ितों को राहत किट व भोजन पैकेट वितरित किये। आश्वस्त किया कि वह किसी भी बाढ़ पीड़ित को कोई परेशानी नही होने देंगे। हालांकि रामगंगा के जलस्तर में मामूली गिरावट होने के बाद भी लोग बाढ़ से अभी प्रभावित है। एसडीएम ने लोगों से सतर्कता बरतने के साथ साथ सावधान रहने की अपील भी की है।उन्होंने कहा कि शासन व प्रशासन की तरफ से हर सम्भव मदद के लिए क्षेत्र में राजस्व व आपदा राहत टीम काम कर रही है।किसी को भी भयभीत होने की जरूरत नही है। उनहोने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के गांवों में बाढ़ पीड़ितों के बीच स्टीमर व नाव से पहुंचकर उनका हाल चाल लिया तथा पूरे दिन क्षेत्र में खुद राजस्व टीम के साथ काम्बिंग करते रहे।

# गांव से शहर तक चलाएं सफाई अभियान : एसडीएम

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** उप जिलाधिकारी दीक्षा जोशी ने तहसील सभागार में 1 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 अक्टूबर के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए क्षेत्र में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए।



बैठक में निर्देश देतीं एसडीएम दीक्षा जोशी। अमृत विचार

**▸▸ विशेष संचारी रोग दस्तक अभियान को लेकर हुई बैठक**

उपजिलाधिकारी ने कहा कि नगरीय एवं ग्रामीण तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं। साथ ही, महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाए। नगरीय व ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु तालाबों, नालों व नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। ब्लॉक स्तरीय कार्ययोजना बनाते समय सीएचसी के अधीक्षक, सीडीपीओ व अन्य सम्बन्धित अधिकारी बैठक करते हुए कार्ययोजना बनाएं।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रवीण कुमार दीक्षित ने कहा कि सभी डॉक्टर, चिकित्सा कर्मी, आशा, एएनएम पूरी जिम्मेदारी के साथ अभियान पर काम करें। तहसील टास्क फोर्स बैठक एवं संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान, टी.डी./डी.पी.टी. अभियान बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी डॉ दीक्षा जोशी ने की। जिसमें ब्लाक शाहाबाद टोडरपुर पिहानी के समस्त विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। डॉ एमपी जायसवाल, बीडीओ काजल शाहाबाद,खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल झा, पशु चिकित्साधिकारी रघुवीर सिंह, ईओ शाहाबाद आर आर अंबेश, पिहानी ईओ, सीडीपीओ राजेंद्र कुमार शाहाबाद, ब्लाक मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर यूनिसेफ अभय सिंह, अंकित मिश्रा, डब्लूएचओ पंकज अस्थाना, अरविंद कुमार सिंह, हेल्थ सुपरवाइजर सुनिल कुमार, एआरओ रूपेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक कल

**हरदोई, अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार ने बताया कि 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की सफलता के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक 23 सितम्बर तथा द्वितीय अन्तर्विभागीय बैठक 29 सितम्बर को स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित की गई है।

### दंपति से लूट करने का आरोपी गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** बाइक सवार दंपति से गन प्वाइंट पर लूट मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कैश, जेवर, बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद हुए है। बतातें चलें कि कोतवाली शहर के बजानी पुरवा मजरा फर्दापुर निवासी अम्बेडकर 15 सितम्बर पत्नी के साथ बाइक से ससुराल जा रहा था। लिलवल रोड गढ़ी मोड़ पर बाइक सवार लुटेरों ने अम्बेडकर को तमंचा दिखाते हुए उससे 15 हज़ार रुपये, मोबाइल और पत्नी से जेवर लूट लिए थे। टड़ियावां पुलिस केस दर्ज कर इस मामले में शुक्रवार को सुलेमान निवासी भक्तबन पुरवा पिहानी, अंसार निवासी मुजहा मझिला और सहीम निवासी उजागर पिहानी को गिरफ्तार किया है।

## सार-संक्षेप



सड़क पर पलटा ट्रक। अमृत विचार

### ट्रक पलटने से चालक और क्लीनर घायल

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कटरा -बिल्हौर हाइवे पर महमपुर के पास गेहूं का बीज लेकर आ रहा ट्रक अचानक चालक को झपकी आने के चलते पलट गया, जिससे ट्रक चालक और क्लीनर घायल हो गए। ट्रक पलटने से हाइवे पर वाहनों की लम्बी लाइनें लग गईं और जाम लगने से यातायात प्रभावित बना रहा है। शुक्रवार की रात करीब एक बजे पंथनगर उत्तराखंड से गेहूं का बीज लादकर ट्रक पर लेकर चालक बलवीर यादव जबलपुर जा रहा था। जैसे ही मल्लावां कस्बे के महमदपुर के पास पहुंचा ही था, तभी चालक बलवीर को झपकी आ गईं, जिससे ट्रक पलट गया। जिसमें चालक बलवीर निवासी बरेली और क्लीनर अजय शर्मा निवासी बरेली घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां लाया गया। ट्रक देर सुबह तक सड़क के किनारे पड़े होने से वाहनों की लम्बी लाइने लग गईं जिसके चलते रोडवेज बस और वाहनों को नयागांव से होकर जाना पड़ा। पुलिस ने क्रेन की सहायता से ट्रक को साइड में कराकर कई घंटे बाद सड़क बहाल कराई।

### चोरों ने दो घरों से नगदी समेत आभूषण उड़ाए

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** चोरों ने दो बन्द मकानों सहित तीन मवेशी बांधे जाने वाले स्थानों का ताला तोड़कर दो मकानों से आभूषण समेत नगदी पार कर ले गए। चोरी से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। ज़ब कि इससे पूर्व गांव में अन्य घरों में चोरी का आज तक खुलासा न हो सका। कोतवाली क्षेत्र के गांव शुक्लापुर निवासी सुभाष चंद्र पुत्र नरपत परिवार सहित लुधियाना में रहकर मेहनत मजदूरी करते है। शुक्रवार की रात को घर के मुख्य दरवाजे के ताला तोड़कर अज्ञात चोर मकान में दाखिल हो गए कमरे में रखे दो बक्सों को चोर उठा ले गए। एक बक्से को चोर खाली कर मक्के के खेत मे फेंक गए जबकि दूसरे बक्शे का पता नही चल सका। सुभाष चंद्र की चाची रामबेटी ने बताया कि उनके मकान में उसकी पांच जोड़ी पायल , एक जोड़ी झुमकी, तीन जोड़ी बिछिया रखी थी जो चोरी हुई है। सुभाष चंद्र के घर से कितना सामान चोरी हुआ है इसकी जानकारी उनके आने के बाद ही हो सकेगी । वहीं पड़ोसी दयाशंकर पुत्र ताराशंकर गुरुवार की शाम को परिवार समेत काम की तलाश में दिल्ली गए है। गांव में इनका मकान बन्द है। रात में चोर इनके घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर मे दाखिल हो गए। भाई मुंशीलाल ने बताया कि कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर सामान चोरी किया। बताया कि चोर जमीन में दबे जेवरात खोदकर चोरी कर ले गए। कितना जेवर चोरी हुआ है इसकी जानकारी भाई दयाशंकर ही दे सकेंगे। इसके बाद चोरो ने ग्राम प्रधान जयप्रकाश, श्रीपाल पूर्व शिक्षक व वीरपाल के मवेशी बांधे जाने वाले स्थानों का ताला तोड़ा, लेकिन सामान कुछ न मिलने पर चोर भाग गए। शनिवार की सुबह चोरी होने की घटना की जानकारी लोगों को हुई, ज़िस पर उन लोगो ने पुलिस को सूचना दी। कोतवाल अनिल कुमार सैनी फोरेंसिक टीम के साथ पहुच कर जांच पड़ताल की है। कोतवाल अनिल कुमार सैनी ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### मनरेगा में धन का गबन, प्रधान गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** गांव में मनरेगा के तहत कराए गए काम में फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन हड़पने पर तीन ग्राम विकास अधिकारियों, तकनीकी सहायक व वर्तमान प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। प्रधान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विकास खंड संडीला की ग्राम पंचायत लोहरई में मनरेगा के कार्य में गड़बड़ी की शिकायत गांव निवासी राम प्रताप सिंह द्वारा की गई थी, जिस पर जिलाधिकारी ने शिकायत की जांच के निर्देश दिए। जांच में पाया गया कि गुलामऊ मार्ग से डामर ड्रेन तक चकमार्ग का काम 70-80 मीटर तक कराया गया, लेकिन निर्माण कुछ दूरी तक ही हुआ। इस कार्य के लिए एक लाख 35 हजार 539 रुपये निकाल लिए गए। जांच के दौरान वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर खंड विकास अधिकारी ने तत्कालीन सचिव सुशील कुमार पाल, ग्राम विकास अधिकारी अंकिता दीक्षित, ग्राम विकास अधिकारी सत्येंद्र वीर सिंह, तकनीकी सहायक फिरोज समी व वर्तमान प्रधान रामकुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। प्रधान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी प्रधान।

# फर्जी रिपोर्ट लगाते हुए पकड़ा गया फर्जी लेखपाल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पैसे देने के बाद भी जाति प्रमाण पत्र न बनने की शिकायत जिलाधिकारी से की गई। मामले की जांच कराई गई तो पता चला कि जिस शख्स ने पैसे लेकर रिपोर्ट लगाई थी, वह लेखपाल नहीं है। रिपोर्ट लगाने वाला फर्जी लेखपाल था। जिसके बाद पुलिस ने फर्जी लेखपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दरअसल शुक्रवार को सदर तहसील में तहसील दिवस के दौरान डीएम मंगला प्रसाद सिंह व एसपी नीरज कुमार जादौन जन-सुनवाई कर रहे थे। उसी बीच एक महिला डीएम के पास पहुंची और बताया कि उसने जाति प्रमाण पत्र के लिए लेखपाल को 300 रुपये दिए थे, लेकिन अभी तक उसका जाति प्रमाण पत्र नहीं बना।

जिलाधिकारी ने पड़ताल कराई तो सामने आया कि जिस शख्स ने लेखपाल बन कर रिपोर्ट लगाई वह लेखपाल है ही नहीं। डीएम ने उसे बुला कर उससे पूछताछ की। पहले तो उसने अपना नाम नीरज निगम बताया। बाद में नीरज कुमार बताया। पहले तो उसने अपने एक टीवी चैनल का रिपोर्टर बताया। जिस पर डीएम ने डीआईओ से उसके बारे में पूछा तो उसकी बात झूठी निकली। सारी जानकारी करने के बाद पता चला कि नीरज कुमार इसी तरह से फ्राड करता घूमता था। इससे पहले वह प्रोबेशन अधिकारी के पास पहुंच कर खुद को सप्लाई इंस्पेक्टर भी बता चुका था। डीएम के आदेश पर पुलिस ने फर्जी लेखपाल को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।



पकड़ा गया फर्जी लेखपाल।

**पुलिस ने मानवाधिकारों की उड़ाईं धज्जियां, दुकानदार का उसके पड़ोसी अंडा विक्रेता से हुआ था विवाद**

# मारपीट के आरोपी को हाथ जुड़वाकर बाजार में घुमाया

संवाददाता, पाली, हरदोई

**अमृत विचार।** थाना पुलिस अब आरोपियों को तत्काल दोषी मानकर सजा देने लगी है। स्थानीय पुलिस को मुकदमा, कानूनी धाराओं यहां तक कि न्यायालय की भी जरूरत नहीं है। पुलिस तत्काल आरोपी को दोषी ठहरा कर सजा देने लगी है। ऐसा ही एक मामला पाली कस्बे का सामने आया है, जिसमें मारपीट के आरोपी को पुलिसकर्मियों ने बाजार में हाथ जुड़वाकर गली-गली घुमाया और कहलवाया कि अब कभी मारपीट और झगड़ा फसाद नहीं करेंगे। पुलिस का कहना है कि आरोपी हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी की बाजार में दुकान है और पड़ोसी अंडा विक्रेता से उसका विवाद हो गया था।

पाली कस्बे के मोहल्ला सरायसैफ निवासी बृजेश मिश्रा उर्फ वीरू की बाजार में दुकान है। उसके भाई फास्ट फूड का काम करते हैं। पड़ोस में ही राजू गुप्ता निवासी मोहल्ला काजी सराय भी सड़क किनारे फुटपाथ पर अंडे की दुकान लगाता है। शनिवार सुबह को वीरू और राजू के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राजू ने वीरू को जमकर पीट दिया। आसपास के लोगों के कहने पर वीरू को छोड़ा, छूटने के बाद वीरू ने डंडे से राजू के अंडे तोड़ दिए। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पाली थाने के उपनिरीक्षक शिव शंकर मिश्रा अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और बृजेश उर्फ वीरू को पकड़ ले गए। कुछ घंटे बाद उपनिरीक्षक शिव शंकर मिश्रा, ललित कुमार अन्य पुलिस कर्मियों के साथ वीरू को पुनः कस्बे की बाजार लाए और हाथ जोड़वाकर पूरे बाजार में गली-गली घुमाया। इस दौरान वीरू से कहलवाया कि अब किसी से कभी झगड़ा फसाद नहीं करेगा। बताया गया कि आरोपी बृजेश उर्फ वीरू को ही राजू ने सड़क पर गिराकर जमकर पीटा है। फिलहाल पाली पुलिस के इस कृत्य की कस्बे में जमकर निंदा हो रही है। स्थानीय लोगों ने कहा इस तरह से किसी को सरे बाजार बेइज्जत करना न्याय संगत नहीं है, पुलिस ने खुलेआम मानवाधिकारों की धज्जियां उड़ाई हैं।

वहीं थाने के प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि आरोपी बृजेश उर्फ वीरू के खिलाफ थाने पर कई मुकदमे दर्ज हैं, वह थाने का हिस्ट्रीशीटर है। वीरु आए दिन झगड़ा प्रसाद करता रहता है। वहीं पुलिसकर्मियों द्वारा बृजेश उर्फ वीरू को बाजार में गली-गली घुमाने और हाथ जुड़वाकर माफी मंगवाने के कई वीडियो भी सामने आए हैं, जो कि वायरल हो रहे हैं।



मारपीट के आरोपी युवक को हाथ जुड़वाकर बाजार में घुमाती पुलिस।

### पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को बरामद कर सौंपा

**सवायजपुर,हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माईल अभियान के तहत सवायजपुर पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा। बीती 20 सितंबर को सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र के वादी ने अपने 16 वर्षीय बच्चे के बिना बताये घर से चले जाने तथा काफी खोजबीन करने के बाद भी कोई पता न चलने के सबंध में थाना सवायजपुर में अभियोग दर्ज कराया था। बरामदगी हेतु गठित पुलिस टीम ने बच्चे को कोतवाली सवायजपुर के खितौली मोड से सकुशल बरामद किया गया। विधिक कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत बच्चे को परिजनों को सुपुर्द किया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत - सुनासी, विकासखण्ड मल्लावां, हरदोई**

पत्रांक - मेमो / मनरेगा / राज्यवित्त । केन्द्रीय वित्त । सामग्री आपूर्ति । टेण्डर 2024-25

एतत द्वारा सूचित किया जाता है मनरेगा/ राज्य-केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत तकनीकि स्वीकृति के उपरान्त प्राकलन के सापेक्ष ग्राम पंचायत के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराए जाने है। जिस पर निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु वाणिज्य विभाग कार्य में पंजीकृत भट्ठा मालिको एवं अन्य आपूर्तिकर्ताओं से दिनांक 25/09/2024 को अपरान्ह 3 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 25/09/2024 को 4 बजे तक आपूर्तिकताओं के समक्ष निविदा खोली जाएगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | भौतिक मात्रा | योजना का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 01 | हरिपाल के गोड़ा से श्याम के घर तक खडंजा रिपेयरिंग | 90X3.3M | 05 वां राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त | 180130 |
| 02 | सुखवीर के मकान से राजवीर के खेत तक खडंजा रिपेयरिंग | 154X3.3M | राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त | 319700 |
| 3. | कमलेश के घर से किशनू के घर तक खडंजा व नाली निर्माण कार्य | 60×1.5M | राज्यवित्त / केन्द्रीय वित्त | 106150 |
| 4. | चन्द्रपाल मिस्त्री के मकान से रजान के मकान तक इण्टलॉकिंग और नाली कार्य | 70×4M | मनरेगा | 359281 |

नियम व शर्ते निम्नवत् है - 1. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। 2. समस्त सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर की जाएगी। 3. नियमानुसार आयकर व वाणिज्यकर की कटौती की जाएगी।

अनुप कुमार, प्रधान

धवल चन्द्र, सचिव/ग्राम विकास अधिकारी

ग्राम पंचायत - सुनासी, विकासखण्ड मल्लावां, हरदोई

## एक नजर

### पठकाना रामलीला की शिव बारात शोभायात्रा आज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पठकाना रामलीला की शिव बारात शोभा यात्रा रविवार को नगर के प्रमुख मार्गों से गाजे और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली जाएगी। यह जानकारी देते हुए मेला समिति के मीडिया प्रभारी पंडित ओमदेव दीक्षित ने बताया शोभायात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिषद कार्यालय के समक्ष किया जाएगा। तत्पश्चात तमाम मनोरम झांकियों और धार्मिक नृत्यों के साथ शिव बारात शोभा यात्रा भ्रमण करते हुए कटरा पहुंचेगी। जहां पर शोभा यात्रा का समापन किया जाएगा।

### 4 नवम्बर से होगा झाड़ी शाह का उर्स व मेला

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** हज़रत रब्बानी शाह झाड़ी शाह बाबा रह. का सालाना उर्स आगामी 4 नवम्बर से होगा। मेला सम्बन्धित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दरगाह के सज्जादानशीन सूफ़ी शाह नवाज़ आलम ने बताया कि मेले से सम्बंधित तैयारियां शुरू हो गई हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उर्स व मेला परम्परगत तरीके आयोजित होगा। उन्होंने बताया विगत वर्ष की प्रबन्ध कमेटी को भंग कर दिया गया है। साथ कई पदाधिकारियों मेला इंचार्ज, नुमाइश इंचार्ज आदि को पद से हटा दिया गया है। उर्स मेला की मुख्य मेला कमेटी झाड़ी शाह बाबा उर्स मेला कमेटी द्वारा नई प्रबन्ध कमेटी का गठन शीघ्र ही किया जाएगा। सूफ़ी शहनवाज़ आलम ने बताया कि क़स्बा के लोगों के सहयोग से यह मेला लगाया जाएगा।

### युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई में एक युवक के साथ शराब पीकर मारपीट करने वाले आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी बीरू ने बताया कि मोहल्ले का राज शराब के नशे में उसे गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर विपक्षी ने डंडे से उसकी पिटाई कर दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बिना पुलिस सत्यापन के श्रमिकों से ट्रैक के पास कराया जा रहा कार्य

संवाददाता, हरदोई

**लापरवाही**
- हादसों के बाद भी नहीं जाग रहे हरदोई स्टेशन के अधिकारी



**अमृत विचार।** लगातार भारतीय रेल को अराजकतत्वों द्वारा अपना निशाना बनाया जा रहा है। कानपुर से लेकर रामपुर तक रेलवे ट्रैक को अराजकतत्व द्वारा अपना निशाना बनाया गया। लगातार अराजकतत्वों द्वारा ट्रेन को लेकर साजिश रची जा रही हैं। भारतीय रेल बीते कई महीनों में कई बार हादसे का शिकार भी हो चुकी है। इन सब के बाद भी हरदोई रेलवे स्टेशन के जिम्मेदार है कि जागने का नाम नहीं ले रहे हैं।

हरदोई रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य में टेंडर के बाद एक कंपनी को निर्माण का ठेका आवंटित किया गया है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर बीते कई महीनो से निर्माण का कार्य चल रहा है लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही और अनदेखी के चलते किसी दिन कोई बड़ी और अप्रिय घटना घटित हो सकती है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर दर्जनों की संख्या में श्रमिक कार्य कर रहे हैं।

सूत्रों अनुसार श्रमिकों का हरदोई रेलवे स्टेशन के जिम्मेदारों के पास कोई भी पुलिस सत्यापन उपलब्ध नहीं है। बिना पुलिस सत्यापन के हरदोई रेलवे स्टेशन पर श्रमिकों से कार्य कराया जा रहा है। यह श्रमिक स्टेशन परिसर और रेल ट्रैक के नजदीक कार्य कर रहे हैं। निर्माण कार्य के चलते स्टेशन पर लगे सीसीटीवी को हटा लिया गया है अगर हरदोई में कोई हादसा होता है तो हरदोई के रेल अधिकारियों के पास इन श्रमिकों का कोई भी पुलिस सत्यापन नहीं है। इस बारे में स्टेशन अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि इसकी जानकारी आईओडब्लू या एडीईएन के पास उपलब्ध होगी निर्माण से संबंधित कोई भी जानकारी उनके पास उपलब्ध नहीं है।

### आरपीएफ दो बार मांग चुकी सत्यापन की जानकारी

हरदोई में प्लेटफार्म नंबर 3, प्लेटफार्म नंबर 1, प्लेटफार्म नंबर 4 पर निर्माण कार्य चल रहा है। अभी कुछ दिन पूर्व हरदोई में रेल ट्रैक पर फैक्चर भी मिला था। हालांकि मंडल तक के रेल अधिकारी किसी साजिश के बाद से इनकार कर रहे हैं लेकिन लगातार हादसों के बाद भी और लगातार रेल को लेकर हो रही साजिश के बाद भी हरदोई रेलवे स्टेशन के जिम्मेदारों की कुंभकर्णी नींद नहीं टूटी है। हरदोई के जिम्मेदार द्वारा अब तक स्टेशन पर कार्य कर रहे श्रमिकों का पुलिस सत्यापन कराना मुनाफ़िफ़ नहीं समझा। रेलवे से जुड़े विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि स्टेशन पर कार्य करने वाले श्रमिकों का पुलिस सत्यापन को लेकर रेलवे सुरक्षा बल हरदोई स्टेशन के उच्च अधिकारियों को दो बार पत्र भेज कर श्रमिकों के सत्यापन की जानकारी मांग चुकी है, लेकिन स्टेशन के उच्च अधिकारियों द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के पत्र को कोई भी तवज्जो नहीं दी गई। न ही कार्य करने वाले श्रमिकों का कोई सत्यापन दिया गया है। स्टेशन से जुड़े सूत्र बताते हैं कि अभी 2 से 3 दिन पूर्व रेलवे सुरक्षा बल द्वारा एक बार पुनः स्टेशन पर कार्यरत श्रमिकों का सत्यापन के विषय में जानकारी स्टेशन के अधिकारियों से मांगी है लेकिन अब तक उच्च अधिकारियों द्वारा रेलवे सुरक्षा बल को जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है यदि किसी दिन हरदोई में कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो क्या हरदोई के जिम्मेदार इस बाबत जिम्मेदारी लेंगे जबकि हरदोई के जिम्मेदारों को स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी नहीं होती। स्टेशन पर निर्माण में क्या गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ हो रहा है इसकी जानकारी नहीं होती है। स्टेशन पर कार्य कर रहे श्रमिकों में किसी का अपराधिक इतिहास तो नहीं है। श्रमिक कहां के रहने वाले हैं, इसका ब्यौरा रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मांगा गया है। इस संदर्भ में जब आईओडब्लू के जानकारी के लिए फ़ोन मिलाया तो उनका फ़ोन नहीं उठा।

# शिकायतों का निस्तारण पूरी संवेदनशीलता से किया जाए

## सम्पूर्ण समाधान दिवस: डीएम व एसपी ने तहसील सदर में सुनीं जनता की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, हरदोई



सदर तहसील में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शनिवार को सबसे पहले अधिकारियों को आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश देते हुए अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का निस्तारण पूरी संवेदनशीलता के साथ कराएं और जांचकर्ता अधिकारी मौके पर जाएं तथा आख्या में शिकायतकर्ता के साथ अपनी फोटो अवश्य अपलोड करें और बार-बार शिकायत निस्तारण में गलती करने पर सम्बंधित की जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होने उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय दिवस नियमित प्रातः 10 से 12 बजे तक कार्यालय में बैठकर फरियादियों द्वारा दी जाने वाली विभागीय शिकायती प्रार्थना पत्रों को गम्भीरता से लेते हुए उनकी कम से कम समय में निष्पक्ष जांच कराकर शिकायतों का निस्तारण करें और पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलायें। इसके बाद सरकारी एवं गरीबों की भूमि पर अवैध कब्जों की आयी शिकायतों पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश भूमि पर अवैध कब्जों की प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के तत्काल पुलिस टीम के साथ उक्त भूमि पैमाइश करें और सरकारी एवं गरीबों की पट्टे की भूमि पर किये गये अवैध कब्जों को हटवायें और अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें। बिजली विभाग की शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में बिजली के तार एवं ट्रांसफार्मर खराब है उन्हें शीघ्र बदलवायें और नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति कराने के साथ उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय से निस्तारण भी कराएं। पेंशन संबंधी प्रार्थना पत्रों के लिए डीएम संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन पात्र व्यक्तियों की पेंशन किसी कारण रुक गई है उसकी जांच कराकर पेंशन पुनः बहाल कराएं। अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों हेतु जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह में करायें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि ग्रामीण आदि क्षेत्रों में भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गयी सरकारी एवं गरीबों की भूमि राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर जाये और सभी सरकारी तथा गरीबों की भूमि कब्जा मुक्त करायें तथा भूमाफिया के विरूद्व कठोर कार्यवाही करें। थानाध्यक्षों से कहा कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी दबंग, अपराधी, भूमाफिया एवं अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का स्वयं नियमित संज्ञान लें। उनके प्रत्येक दिन की गतिविधियों की जानकारी बीट सिपाही एवं चौकीदारों के माध्यम से लेते रहें। क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रात्रिगश्त तेज करें। ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों की भी जानकारी लें। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार, डीएफओ, उप जिलाधिकारी व तहसीलदार सदर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार सहित सभी जिलास्तरीय अधिकारी, बीडीओ, सीडीपीओ, थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में एसडीएम सुश्री दीक्षा जोशी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस और राजस्व से संबंधित 83 शिकायतें आई। जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। तहसील सभागार में एसडीएम दीक्षा जोशी की अध्यक्षता में तहसील दिवस संपन्न हुआ। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा भी मौजूद रहे। पुलिस और राजस्व से संबंधित 83 शिकायतों में से पांच शिकायतों का मौके पर दोनों अधिकारियों ने निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### ससुराल में महिला का शव फंदे से लटका मिला

**हरदोई, अमृत विचार।** महिला का शव ससुराल में फंदे से लटका मिला। मामला कोतवाली देहात के सेवा गांव का है। ससुराल वाले इसे आत्महत्या बता रहे हैं। वहीं उसके भाई ने बहनोई के अलावा बहन के सास-ससुर और उसकी जेठानी के ऊपर दहेज़ की मांग के चलते हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली देहात के सेवा गांव निवासी सोनपाल की पत्नी अंजलि (25) शुक्रवार की शाम घर में अकेली थी। रात में उसकी सास जब घर पहुंची तो देखा कि दरवाज़े खुले हुए थे। अंदर जाकर देखा, जहां अंजलि का शव फांसी पर लटक रहा था। अंजलि के भाई सत्येन्द्र निवासी ककेड़ी थाना सुरसा ने आरोप लगाते हुए बताया कि पांच साल पहले उसकी बहन की शादी हुई थी। दहेज़ की मांग के चलते ससुराल वाले उसे अक्सर प्रताड़ित किया करते थे। आरोप है कि अंजलि की उसके पति, सास-ससुर और जेठानी ने हत्या कर दी, उसके बाद शव को फांसी पर लटका दिया।

# फर्जीवाड़ा कर बन गया बैंक क्लर्क, गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई

**जालसाजी**
- ज्वाइनिंग के दौरान बायोमेट्रिक से पहले हुई जांच में दस्तावेज में पकड़ा गया फर्जीवाड़ा
- बिहार के पटना शहर में बुना गया था फर्जीवाड़े का ताना-बाना



गिरफ्तार आरोपी।

**अमृत विचार।** आईबीपीएस बैंक क्लर्क परीक्षा में फर्ज़ीवाड़ा कर नौकरी हासिल करने वाले को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस की पकड़ में आए मुन्नाभाई ने खुलासा किया कि बिहार के पटना शहर में एक शख्स उसे मिला और उसी ने आईबीपीएस क्लर्क की प्रतियोगी परीक्षा पास कराने का जिम्मा लिया था। बायोमेट्रिक से पहले दस्तावेज की जांच में उसका फर्जीवाड़ा खुल कर सामने आ गया। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आगे की जांच शुरु कर दी।

बिहार के आदमपुर थाना दानापुर जिला पटना निवासी दीपक कुमार पुत्र महेंद्र ने आईबीपीएस बैंक क्लर्क की प्रतियोगी परीक्षा दी थी। दरअसल फोटो किसी की लगाई गई और परीक्षा किसी और ने दी। मानव संसाधन विकास बैंक आफ इंडिया आंचलिक के रविकांत शुक्ला पुत्र सत्येन्द्र शुक्ला निवासी हुसैनापुर बेहटा गोकुल ने कोतवाली शहर पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि दीपक कुमार आईबीपीएस बैंक क्लर्क की परीक्षा पास कर ज्वाइनिंग लेटर हासिल कर लिया था। ज्वाइनिंग के दौरान बायोमेट्रिक से पहले जब उसके फोटो का मिलान किया गया तो पता चला कि दस्तावेज़ में फर्ज़ीवाड़ा कर नौकरी हासिल कर ली। फर्ज़ीवाड़े का खुलासा होने पर पुलिस ने दीपक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि बिहार के पटना शहर में उसे एक शख्स मिला और उसी ने प्रतियोगी परीक्षा पास कराने की गारंटी दी थी। आईबीपीएस बैंक क्लर्क परीक्षा में फर्ज़ीवाड़े का खुलासा होने पर प्रतियोगी परीक्षा पर सवालिया निशान लग रहे है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एम्बुलेंस ने पहुंचने में कर दी देर, सर्प दंश से युवक की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** खेत जा रहे युवक को रास्ते में सांप ने डस लिया। उसे अस्पताल ले जाने के लिए 108 पर काल की गई। तकरीबन एक घंटे बाद एम्बुलेंस पहुंची और युवक को सीएचसी ले जा रही थी, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई।

बेहटा गोकुल थाने के बेहटा धीरा निवासी 24 वर्षीय गुड्डू पुत्र विशाल शुक्रवार को खेत पर जा रहा था। रास्ते में उसे सांप ने डस लिया। इसका पता होते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। गुड्डू की हालत बिगड़ती देख एम्बुलेंस के लिए 108 पर काल की गई। काफी देर तक घर वाले एम्बुलेंस की राह ताकते रहे। एक घंटे बाद एम्बुलेंस पहुंची तो गुड्डू को सीएचसी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। गुड्डू फास्ट फ्रूड का काउंटर लगाकर पत्नी और जुड़वा बेटों का भरण पोषण कर रहा था।

## सार-संक्षेप



बीआरसी पर बैठक करते शिक्षक। अमृत विचार

### शिक्षकों ने उठाई पुरानी पेंशन की मांग

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** पुरानी पेंशन की मांग को लेकर अटेवा ब्लॉक कार्यकारणी ने बीआरसी पर बैठक कर अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया तथा 26 सितंबर को जिला मुख्यालय पर होने वाले प्रदर्शन की रणनीति बनाई। ब्लॉक अध्यक्ष रामकृपाल ने कहा कि वर्तमान में पुरानी पेंशन की मांग की जाएगी, क्योंकि पुरानी पेंशन बुढ़ापे का सहारा है। दर्जनों शिक्षक, कर्मचारी स संगठनों से जुड़कर पुरानी पेंशन हेतु एक मंच पर आने की मांग की है। विभाग व अन्य विभाग के कर्मचारियों का भी समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि 26 तारीख को जिला मुख्यालय पर होने वाले प्रदर्शन में अधिक से अधिक भागीदारी कर अपनी आवाज को बुलंद करना है। कार्यक्रम में गदाधर, यशवंत, रामरतन, अवधेश, ब्लॉक संयोजिका शालिनी वर्मा, संतोष, विमल किशोर, आशुतोष, लाल सिंह, नीरज तिवारी, प्रवीण कुमार, दिवाकर, शिवेंद्र, आदर्श, अनुराग सहित शिक्षक मौजूद रहे।

### अस्पताल को अवैध बताने पर प्रबंधक ने दी तहरीर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती में संचालित ग्लोबल हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर को सोशल मीडिया पर अवैध बताकर पोस्ट डालने वाले के खिलाफ हॉस्पिटल के संचालक ने एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के नई बस्ती स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर के संचालक डॉ. हरिश्चंद्र राठौर के अनुसार नई बस्ती में उनका ग्लोबल हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर के नाम से अस्पताल संचालित है, जो मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरदोई के यहां पंजीकृत है। आरोप है कि नमन शुक्ला आशु निवासी अल्लाहपुर सैदी खेल ने उनके अस्पताल को अवैध बताते हुए सोशल मीडिया की अपनी आईडी से फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट डालकर उनकी छवि धूमल करने का प्रयास किया है, जो दंडनीय अपराध है। हरिश्चंद्र ने प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है।




कार्यक्रम में छात्र को पुरस्कृत करते शिक्षक। अमृत विचार

### कॉलेज में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** आईआर इण्टर कॉलेज संडीला में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथियों राम सुजान मिश्र प्रधानाचार्य पं. दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इण्टर कॉलेज खसरौल, भरावन एवं डॉ. अंजू सिंह प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज संडीला ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में अमित सिंह प्रधानाचार्य बीवीएम इण्टर कॉलेज भरावन, सुनील कुमार प्रधानाचार्य जनता इंटर कॉलेज भरावन, मृगेश सिंह प्रधानाचार्य अटल बिहारी इण्टर कॉलेज ढिकुन्नी एवं हरगोविद खसरौल उपस्थित रहे। सीनियर वर्ग (इण्टरमीडिएट) में प्रथम स्थान अक्षत एवं अजय सैनी को, द्वितीय स्थान देवांश सक्सेना को, तृतीय स्थान मेहविश को एवं जूनियर वर्ग (हाई स्कूल) में प्रथम स्थान हरिकेश, द्वितीय स्थान गायत्री गौतम और तृतीय स्थान कबीर खान को मिला।

# अधिवक्ताओं व तहसीलदार के बीच चल रहा विवाद खत्म

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** अधिवक्ता संघ के बैनर तले तहसील के अधिवक्ताओं ने एसडीएम की मध्यस्थता में तहसीलदार के अव्यवहारिक वार्ता के कारण चल रही तकरार को खत्म कर दिया है। सभी अधिवक्ता सोमवार से तहसीलदार कोर्ट में सुचारू रूप से कार्य करेंगे।

बताते चले कि 29 अगस्त को एक दाखिल खारिज के वाद में तहसीलदार अजय कुमार और अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामजी तिवारी के बीच बहसहो गई थी। जिसके उपरांत तहसील के अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनकी कोर्ट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था। एसडीएम दीक्षा जोशी ने अधिवक्ता संघ के परिचय कार्यक्रम में तहसीलदार के विरुद्ध चलाए जा रहे अधिवक्ताओं के आंदोलन को वार्ता के जरिए सुलझाने का वादा किया था। शनिवार को एसडीएम ने मध्यस्थता करते हुए अधिवक्ताओं और तहसीलदार के बीच वार्ता करवाकर समझौता करवा दिया।

# पालिका कर्मियों की धमकी से पड़ा दिल का दौरा

संवाददाता, हरदोई

**दबंगई**
- दो बार के सभासद की विधवा व बेसहारा पत्नी की उठाकर फेंकवा दी गई गुमटी
- कोविड से पुत्र की भी मौत के बाद दुकान से ही हो रहा गुजर बसर



घर में इलाज कराती किरण सिंह।

**अमृत विचार।** सड़क के किनारे एक गली में गुमटी रखकर अपने लिए दो वक्त की रोटी जुटा रही दो बार के सभासद रहे जितेंद्र सिंह की पत्नी और समाजसेवी रहे दिवंगत रूद्र प्रताप सिंह की मां को नगर पालिका परिषद की टीम ने ऐसी घुड़की दी कि उसे दिल का दौरा पड़ गया। उसी की तरह न जाने कितने लोगों को शहर में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान ने रोटी का मोहताज बना दिया, जबकि ऊंची पहुंच वालों को छुआ तक नहीं गया।

बतातें चलें कि शहर के गौरी नगर निवासी जितेंद्र सिंह नगर पालिका परिषद के दो बार सभासद रहे। उनके न रहने के बाद पुत्र रूद्र प्रताप सिंह ने पिता की विरासत संभालने के लिए समाजसेवा शुरु की। लेकिन कोविड के दौरान रूद्र प्रताप सिंह की भी मौत हो गई। पहले पति और उसके बाद पुत्र की मौत से किरण सिंह पूरी तरह से टूट चुकी थी। उन्होने अपने लिए दो जून की रोटी के बंदोबस्त के लिए मकान के पास गली में गुमटी रख ली। लेकिन अतिक्रमण हटाओ अभियान में नगर पालिका परिषद की टीम ने उनकी गुमटी हटाकर वहां ट्री-गार्ड लगा दिया। उसके बाद किरण सिंह ने ट्री-गार्ड हटाकर दोबारा गुमटी रख ली। उसकी शिकायत पहुंचने पर नगर पालिका परिषद कर्मी किरण के पास पहुंचे और गुमटी उठवा कर फिकवा दी। साथ ही धमकी भी दी। जिसके चलते महिला को दिल का दौरा पड़ गया।

किरण सिंह के पड़ोसियों का कहना है कि उनका उसी गुमटी से गुज़र-बसर हो रहा था। हालांकि अतिक्रमण हटाओ अभियान पर शुरुआत से ही इसी तरह पक्षपात किए जाने के सवाल उठ रहे है। इस संबंध में जब ईओ से बात करने की कोशिश की गई तब उनका मोबाइल रिसीव ही नहीं हुआ।

**कार्यक्रम** जिपं अध्यक्ष प्रेमावती, विधायक प्रभाष कुमार व पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# विश्व शांति दूत के अनुयायियों ने निकाला शांति मार्च

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विश्व शांति दिवस के अवसर पर शांति शिक्षा कार्यक्रम के संस्थापक एवं विश्व शांति दूत प्रेम रावत के अनुयायियों ने शनिवार को नगर में शांति मार्च निकालकर शांति और मानवता का संदेश दिया। शांति मार्च को शहीद उद्यान से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा, विधायक प्रभाष कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर तथा वरिष्ठ समाजसेवी अरुणेश बाजपेई, पत्रकार अरुण मिश्रा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




शांति मार्च निकालते अनुयायी।



अनुयाइयों को जल उपलब्ध कराती जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती।

शांति मार्च में शांति मानवता और अध्यात्म के कोटेशन लिखे हुए बैनर और तख्तियां प्रेम रावत अनुयायी हाथों में लिए हुए मानवता और शांति का संदेश दे रहे थे। मार्च का रास्ते में जगह-जगह पर फूल बरसा कर स्वागत किया गया। डीएम चौराहा के निकट जितेंद्र ऑटो पार्ट्स के जितेंद्र गुप्ता ने नुमाइश चौराहे पर पंकज गुप्ता व राजीव गुप्ता ने अपने साथियों के साथ शांति मार्च पर पुष्प वर्षा की। वहीं वेणी माधव इंटर कॉलेज के पास महेश गुप्ता डब्लू ने शांति मार्च में चल रहे प्रेम रावत के अनुयायियों को पानी की बोतल बांटी और पुष्प वर्षा की सचिन मिष्ठान भंडार के सामने लाखन सिंह ने पुष्प वर्षा की। जिंदपीर चौराहे के पास जसवंत सिंह ने यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा की। जहां पर सैकड़ों लोगों का टीम द्वारा सम्मान किया गया।

शांति मार्च जब जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती के आवास पर पहुंचा तो उन्होंने अनुयाइयों को जल सेवा की। उन्होंने कहा कि ऐसी गर्मी में अनुयायी पूरे मनोयोग से मार्च में जुटे हैं। इनकी सेवा करना बेहद पुनीत कार्य है। शांति मार्च का एक लॉन लखनऊ रोड पर समापन हुआ। समापन पर बोलते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं निवर्तमान एससी एसटी आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजू बाला ने सेवाभाव पर विस्तृत रूप से उद्बोधन दिया। कहा कि प्रेम रावत विश्व में शांति का डंका बज रहे हैं। उन्होंने बचपन से ही लोगों के अंदर छिपी हुई शांति के लिए जो प्रयास किया वह बेहद प्रशंसनीय है।

### स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** शनिवार को जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरपालपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रयोग करते हुए नई तकनीक विकसित करने हेतु मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 7 के छात्र अंबुज सिंह द्वारा दृष्टिबाधित लोगों के उपयोग हेतु सेंसर युक्त चश्मा व कक्षा 9 के छात्र आनंद राज द्वारा छात्रावास तथा लॉकअप में पंखे से आत्महत्या के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए अलर्ट मैसेज देने वाला सेंसर युक्त पंखा, भूकंप की स्थिति में सेंसर युक्त अलार्म के माध्यम से लोगों को अलर्ट मैसेज देने हेतु गैजेट्स का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विज्ञान शिक्षक मनजीत शुक्ला सहित समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# पुत्र ने पिता को पीटा, इलाज के दौरान मौत

## बरगदिया गांव की घटना, क्षेत्राधिकारी नगर बोले- जांच के आधार पर होगी कार्रवाई

संवाददाता रामकोट, सीतापुर



घटना के बाद घर के बाहर मौजूद मृतक के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना रामकोट थानाक्षेत्र के बरगदिया गांव में घटित हुई। एक पुत्र ने अपने ही पिता को इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। वहीं क्षेत्राधिकारी नगर का कहना है कि पिटाई के दौरान हुई मौत के मामले में जांच करते हुए परिवार के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

रामकोट थाना क्षेत्र के बरगदिया गांव में खेमकरण अपने घर पर थे। परिजनों के मुताबिक, जमीन-जायदाद को लेकर खेमकरन और उसके पुत्र गोलू के बीच झगड़ा शुरू हो गया। शराब के नशे में धुत गोलू ने 50 वर्षीय पिता खेमकरण की जमकर पिटाई कर दी। किसी तरह परिवार के लोग ने बीच- बचाव किया। तब तक खेमकरण की हालत गंभीर हो चुकी थी। आनन-फानन में परिजनों द्वारा घायल को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां हालत में सुधार न होने पर परिजन उसको घर वापस ले आए एक निजी चिकित्सालय में दिखाया। जहां उपचार के दौरान खेमकरण की मौत हो गई।

वहीं सीओ सिटी अमन सिंह ने बताया है कि परिवार से हुई पूछताछ में मृतक की बहू सदा प्यारी ने बताया है कि खेमकरण का विवाद उसके पुत्र गोलू के साथ हुआ था। शराब के नशे में गोलू ने अपने पिता बुरी तरह पिटाई की थी, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। जिसके बाद खेमकरण को गंभीर अवस्था में उनका इलाज जिला चिकित्सालय में कराया गया, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजनों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में इलाज के भर्ती कराया, जहां उनकी इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

वहीं सीओ सिटी ने बताया कि परिवार के लोगों के बयान दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद स्थितियां और भी स्पष्ट हो जाएंगी। उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## रुद्रपुर गांव में चोर ने किया हमला, महिला जख्मी

**संवाददाता सकरन, सीतापुर, अमृत विचार:** बड़ी वारदात को छोटा किये जाने के जतन किये जा रहे हैं। कुछ ऐसा ही मामला सकरन थानाक्षेत्र के रुद्रपुर गांव में हुआ। रात के अंधेरे में चोरी का प्रयास करने वाले को देखकर विरोध कर रही महिला पर हमला हो गया। वहीं पुलिस मानने को तैयार को नहीं है, वारदात करने वाला कोई चोर था। फिलहाल मामले में छानबीन हो रही है।

सकरन थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गांव निवासी हुसैन शाह बाहर मजदूरी करता है। उसकी पत्नी नफीसुन के मुताबिक, देर रात अज्ञात चोर घर के भीतर घुस आए ,आहट सुनकर वो जग गई तो एक चोर ने 40 वर्षीय नफीसुन के सिर पर चाकू से हमला कर दिया। जख्मी महिला ने चीख-पुकार की तो आसपास के लोग जग गए। रात के अंधेरे में शातिर फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 गांव पहुंची। घायल नफीसुन को सीएचसी सांडा ले गया, जहां उसका उपचार हुआ। एसओ सकरन कृष्ण कुमार ने बताया कि नफीसुन का पति बाहर काम करता है, नफीसुन घर में अकेली रहती थी, किसी अज्ञात व्यक्ति ने हमला कर महिला को घायल किया है। हमला करने वालो चोर नहीं था। प्रार्थना पत्र मिला है, मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने किया सीमा स्तंभ का आरंभ, शिकायतों के भी निस्तारण



बिसवां तहसील में शिकायतकर्ताओं से बातचीत करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार टीम सीतापुर

- जिले की सभी तहसीलों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन
- महमूदाबाद तहसील में ई-रिक्शा, जाम और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बनी मुद्दे

**अमृत विचार:** जिले के सभी तहसीलों पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील बिसवां में सम्पूर्ण समाधान दिवस में 17 शिकायतों का निस्तारण कराकर जिलाधिकारी ने सीमा स्तंभ का भी आरंभ किया।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद बिसवां में तहसील दिवस पर शामिल हुए। इनके साथ एएसपी डॉ. प्रवीण रंजन सिंह भी थे। 140 शिकायतों में से 17 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। फिर राजस्व परिषद के निर्देशों के क्रम में डीएम ने बिसवां ब्लाक के ग्राम गुरेरा, मुजुद्दीनपुर, हैबतपुर के सरहद पर सीमा स्तम्भ का शुभारम्भ किया। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी स्थानों पर सीमा स्तम्भ स्थापित कराये जाएं। महमूदाबाद संवाददाता के अनुसार महमूदाबाद में कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम नीतीश सिंह ने की। जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव अय्यूब अहमद का कहना था कि ई रिक्शे के कारण जाम लग रहा है। रूट निश्चित किया जाए। इसके बाद डग्गामार वाहन का मुद्दा उभरा। सीएचसी पर हो रही समस्या भी सामने लाई गई। वहीं आयोजन में पहुंचे लोगों ने समस्याओं के निदान के लिए अधिकारियों से मांग की।

लहरपुर संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में सीडीओ निधि बंसल की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। 40 शिकायतें आई, जिसमें से तीन का मौके पर निस्तारण किया जा सका।


**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY**

**VACANCY/REQUIREMENT**

| Post/Profile | Minimum Educational Qualification and Experience |
|---|---|
| Coordinator / Assistant Director-Accreditation and International Relations | i) Master Degree in any Discipline with 10 years Teaching and Research or other relevant experience.ii) Ph.D/. Doctoral degree holder will be preferred. iii) In depth hand-on Experience in related work (NAAC-Accreditation/ NIRF /12-B/IQS Ranking etc.) for any university./ HEIs / Research Establishment iv) Experience of International Relations for University/HEIs / Research Establishment (MoU/ Collaborations/Consultancy / FRRO ) |
| Deputy Registrar (Academics & Administration) | I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 6-7 Years Experience as Assistant Registrar or its equivalent in teaching/administrative post in University/HEIs /Research Establishment. iii) Thorough knowledge of University Establishment regulations/GovernanceSystem /Recognition and Accreditations. |
| Assistant Registrar ( Academics) | I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 5-7 years Teaching/administrative Secretarial work or its equivalent in University / HEIs / Research Establishment/ any other organisations.iii) Fully awareness of University Establishment / Governance System.iv) Proficient in Computer operations. |
| Examination Assistant | I) Minimum Graduate Degree in any Discipline. (BCA / MCA will be preferred) ii) Proficient in Computer Operation. MS Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 year of University Examination system. |
| Computer Operator/ Admin. Assistant | i) Minimum Graduate Degree in any Discipline ii) Proficient in Computer operations, MS-Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 years/Freshers may also apply. |

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly -243006 ( U.P)
Resume may be sent within 15 days from the date of Advertisement at : registrar@biu.edu.in Whattsapp: 9799527611
Applicants may also submit their updated Resume online at : www.biu.edu.in/career


## एक नजर

### सीडीओ ने निर्माण कार्य का जाना हाल

**हरगांव, सीतापुर :** मुख्य विकास अधिकारी निधि बसंल ने हरगांव विकास खंड की ग्राम पंचायत कल्याणपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत सरोवर, अमृत वाटिका सहित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत सरोवर का तत्काल निर्माण कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर में टूटे हुए टाइल्स बदलवाने के लिए भी कहा। इस दौरान खंड विकास अधिकारी हरगांव संदीप कुमार, एडीओ पंचायत वीरसेन व ग्राम प्रधान प्रतिनिध सजंय जायसवाल सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

### जय प्रकाश बने क्षेत्रीय महासचिव

**रामपुर मथुरा, सीतापुर :** अपना दल अनुप्रिया पटेल गुट के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश वर्मा द्वारा जिले में पार्टी के प्रति सदस्यता अभियान व संगठन को मजबूत बनाया गया। इसके फलस्वरूप जयप्रकाश वर्मा को क्षेत्रीय महासचिव परिक्षेत्र लखनऊ बनाया गया है। जिला महासचिव शिवदास शुक्ला द्वारा बैठक कर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर अरुण पटेल, मुकेश गुप्ता, अनूप गुप्ता, रामकिशोर गौतम, रितेश वर्मा, जगदीश चौहान, नन्हा साहू आदि उपस्थित रहे।

### गांधी और शास्त्री जयंती पर मंगलवार को होगी बैठक

**सीतापुर :** अपर जिलाधिकारी नीतीश सिंह ने बताया कि गांधी एवं शास्त्री जयन्ती के अवसर पर कार्यक्रमों के निर्धारण के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार दोपहर 12 :30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक की जाएगी। उक्त बैठक में समस्त संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, गैर सरकारी स्वैच्छिक संस्थाओं और संगठनों के पदाधिकारीगण प्रतिभाग करेंगे।

## साप्ताहिक योजनाएं बनाकर ही करना चाहिए शिक्षण कार्य: चन्द्रशेखर

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

- शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षण कार्यों के क्रियान्वयन पर रहा फोकस

**अमृत विचार:** स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र पर चल रहे शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को संदर्भ दाताओं ने निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा और गणित के शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए तकनीकी जानकारी प्रदान की। इस दौरान समन्वयक चंद्रशेखर ने शिक्षकों को साप्ताहिक योजनाएं बनाकर ही शिक्षण कार्य करने की सलाह दी। प्रथम संस्था के समन्वयक चंद्रशेखर ने प्रतिभागी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा शिक्षण करते समय शिक्षण नीतियों और साप्ताहिक योजनाओं के अनुसार शिक्षण करना चाहिए, इससे छात्रों को दक्षताएं प्राप्त कराने में मदद मिलेगी। केआरपी अनवर अली ने मौखिक भाषा विकास में कविता, कहानी, पोस्टर और चित्रों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। एआरपी सुरेश कुमार ने आंकलन और उपचारात्मक शिक्षण के बारे में जानकारी दी। एआरपी पुष्पेन्द्र मौर्य ने संदर्शिका आधारित शिक्षण के महत्व और उपयोगिता पर चर्चा की। इस मौके पर संदर्भ दाता संदीप कुमार ने गणित किट के बेहतर प्रयोग के बारे में जानकारी दी। पवन मित्तल, पंकज वर्मा, सौरभ शुक्ला ने आईसीटी के बेहतर प्रयोग के बारे में बताया। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने समूह चर्चा कर कर अपने विचार व्यक्त किए।

# सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

संवाददाता, सीतापुर,



घायल युवकों को वाहन से ले जाती पुलिस। अमृत विचार

- मिश्रिख कोतवाली के सिधौली-मिश्रिख मार्ग हुआ हादसा

**अमृत विचार:** मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सिधौली-मिश्रीख मार्ग पर ग्राम उत्तर धोना के पास सिधौली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलरो ने तीन बाइक सवार युवकों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जाकर घायल युवकों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे की सूचना उनके परिजनों को दे दी है।

हादसे के बाद पुलिस को सूचना मिलते ही कोतवाल ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर अपनी गाड़ी से घायल युवकों सीएचसी मिश्रिख पहुंचाया था। जहां चिकित्सकों ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि तीनों युवकों में से एक की पहचान केशन पुत्र शिवपाल 20 वर्ष ग्राम कुशहा थाना रामकोट सीतापुर के रूप में हुई है, जबकि अन्य दो की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

**ट्रक की टक्कर से व्यक्ति की मौत, अमृत विचार:** संदना थानाक्षेत्र में सिधौली - मिश्रिख मार्ग पर संदना थाना कस्बे में जमलापुर निवासी राजाराम ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजराम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पत्नी की हत्या करने के आरोपी को जेल, शव का अंतिम संस्कार

संवाददाता मानपुर, सीतापुर

- तेंदुआ गांव में हत्या के बाद दूसरे दिन सन्नाटा पसरा रहा

**अमृत विचार:** अपनी ही पत्नी की नृश्स्य हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा। उधर शव का पुलिस सुरक्षा के बीच मायके पक्ष ने अंतिम संस्कार किया। गांव में दूसरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। मामला मानपुर इलाके से जुड़ा हुआ है।

मानपुर थानाक्षेत्र के तेंदुआ गांव में अवैध संबंधों का विरोध कर रही शांति देवी को उसी के पति रामपाल उर्फ छोटू ने मौत के घाट उतार दिया। ईंट पत्थर, डंडा और चाकू से किये गए प्रहार में शांति की हुई मौत के मामले में मायके पक्ष ने परिवार के अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर रामपुर कला निवासी परिजनों के सुपुर्द करते हुए मुख्य आरोपी रामपाल को जेल भेजा। गांव में दूसरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। वहीं हत्या के बाद पुलिस ने गश्त की।

# तंबौर मार्ग पर मिट्टी से भरी ट्रॉली सीज



पुलिस थाने में खड़ी मिट्टी से भरी ट्रॉली।

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

**खबर का असर**

**अमृत विचार:** सीतापुर वाया लहरपुर-तंबौर मार्ग पर डग्गामार वाहन और भार से अधिक चल रहे वाहनों को लेकर अमृत विचार की मुहिम असर लाई, परिवहन आयुक्त के निर्देश पर खनन कर मिट्टी से भरी ले जाई जा रही ट्रॉली को सीज कर दिया गया। राजस्व विभाग की कार्रवाई के बाद वाहन पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया।

तहसीलदार लहरपुर ने बताया कि तंबौर-मार्ग स्थित गोरिया प्रहलादपुर गांव के निकट पीली मिट्टी से भरी ट्रॉली पकड़ी गई। चालक से खनन संबंधी आवश्यक प्रपत्र मांगे गए। दिखा न पाने की स्थिति में वाहन को सीज किया गया। कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया। बता दें कि इस क्षेत्र में भारी संख्या में क्षेत्र में संचालित हो रहे ईंट -भट्ठों पर ईंट बनाने के लिए पीली मिट्टी की बिक्री की जाती है। इन्हीं वाहनों के विरुद्ध अमृत विचार में खबरों का प्रकाशन किया जा चुका है। जिसे परिवहन आयुक्त ने संज्ञान लेकर जिले में विभागीय कार्रवाई किये जाने के निर्देश जारी किये हैं।

## अमृत विचार क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैंने अपना नाम अमितेष से बदलकर अमितेष दुबे रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **–अमितेष दुबे पुत्र संजय कुमार दुबे निवासी फतेहपुर जसोदा, तहसील व जिला कन्नौज।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **शिवम गुप्ता सुत त्रिभुवन गुप्ता, निवासी– ग्राम व पोस्ट सेवारी जयसिंहपुर सुलतानपुर, वर्तमान निवासी मो0 रामतीर्थनगर विनोवा पूरी, सुलतानपुर,** मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या सं. 218102424 में कोशिश गुप्ता है तथा आधार कार्ड जिसका नम्बर 8864 9601 4360 में एवं बैंक में शिवम गुप्ता है। शिवम गुप्ता उर्फ कोशिश गुप्ता दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं । अतः मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी में मेरा नाम कोशिश गुप्ता के स्थान पर शिवम गुप्ता अंकित किया जाय।

**सूचना**

मैने अपना नाम MAZAHER HUSSAIN को बदलकर MAZHER HUSAIN S/O Mohhamad yaseen कर लिया है । मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **मजहर हुसैन पुत्र मोहम्मद यासीन ग्राम–बड़गों थाना–पचपेड़वा जिला –बलरामपुर**

**NOTICE**

I Aaryan Sharma S/o Anupam kumar Sharma UID No. 7780615 ICSE Batch 2023, My D.O.B And Mother's Name is wrongly Registered as "Lovely Sharma" and 26-01-2007" But correct Details Should be " Lavli Sharma" 26-01-2008

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा ज्येष्ठ पुत्र आशीष रस्तोगी पुत्र श्याम किशोर रस्तोगी, निवासी– मो0 चौक, कस्बा व तहसील शाहाबाद, जिला हरदोई का चाल–चलन व व्यवहार सही नहीं रह गया है, जिसके कारण उसको मैंने अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से वंचित कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति आशीष रस्तोगी से किसी प्रकार का लेन–देन या व्यवहार करेगा तो उसका कोई उत्तरदायित्व मुझ पर नहीं होगा। **–श्याम किशोर रस्तोगी पुत्र स्व0 महावीर प्रसाद रस्तोगी, नि0मो0 चौक, कस्बा व तहसील–शाहाबाद जनपद–हरदोई। मो0नं0–9450297340**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आफिस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम प्रवीन सिंह व जन्मतिथि–09.10.1993 अंकित है। भविष्य हेतु मेरे पुत्र का नाम प्रवीन सिंह असवाल व जन्मतिथि–09.10.1995 है। – 4057263W Ex-NK **प्रताप सिंह निवासी– आदर्श नगर, निलमथा, सिद्धार्थ पैलेस के पास, दिलकुशा ,कैण्ट, लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री को गांव के लोग रूही पुत्री अजीत कुमार सिंह के नाम से पुकारते थे, उसी नाम से मेरे द्वारा पोस्ट ऑफिस शाखा कड़रु में खाता सं. 3729603439 खुलवाया गया था। मगर अभिलेखों में उसका नाम अस्मिता सिंह है। दोनों नाम मेरी पुत्री का ही है। अब मेरी पुत्री को रूही के स्थान पर अस्मिता सिंह पुत्री अजीत कुमार सिंह ग्राम–पो. कड़रु थाना व वि.ख. परसपुर जनपद गोंडा के नाम से जाना जाय। **–रंजू सिंह पत्नी अजीत कुमार सिंह।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा वर्ष 1999 अनुक्रमांक 0915405 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र, इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष 2002 का अनुक्रमांक 369695 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र तथा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी का स्नातक परीक्षा वर्ष 2006 का अंक पत्र अनुक्रमांक 49662 खो गया है। **–प्रेमनारायण पुत्र सुंदरलाल, निवासी– ग्राम– हिमौली, पोस्ट कुनेहटा मौदहा– हमीरपुर**


**क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?**

SINCE 2006

**जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!**

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें**

VACHAK **वाचक आयुर्वेद**®

**आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश**

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

**अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –**
**7080239313**
**7570060266**

**आलमबाग**
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय–
सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय–
सांय 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सांय अवकाश**

## एक नजर

### लोकतंत्र सेनानी का लंबी बीमारी के कारण निधन

**महमूदाबाद, सीतापुर :** लोकतंत्र सेनानी का लंबी बीमारी के चलते राजधानी लखनऊ के कैरियर हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया। नायब तहसीलदार और कोतवाल की मौजूदगी में उनके पैतृक गांव मझिगंवा में राजकीय सम्मान के साथ सलामी देकर अंतेष्टि की गई। महमूदाबाद कोतवाली इलाके के मझिगंवा गांव निवासी 65 वर्षीय वीरेंद्र सिंह पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। इनका इलाज लखनऊ में चल रहा था। शुक्रवार रात तबीयत बिगड़ी और शनिवार सुबह वीरेंद्र सिंह ने अस्पताल में आखिरी सांस ली। लोकतंत्र सेनानी के निधन पर नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव और कोतवाल अनिल सिंह ने उनके आवास पहुंच कर पुष्पांजलि अर्पित की। अंत्येष्टि स्थल पर पुलिस के जवानों द्वारा सेनानी को शोक सलामी दी गई।

### अवैध शस्त्र सहित युवक गिरफ्तार

**सीतापुर :** महोली पुलिस भुड़कुड़ी गांव के करीब गांव वासी वीरेन्द्र उर्फ वैभव मिश्रा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से कट्टा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गये आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई हुई।

### राशन नहीं मिला तो किया हंगामा

**रामपुर मथुरा, सीतापुर :** बैराजों द्वारा छोड़े गए पानी के कारण आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र अखरी व अंगरौरा के लोगों को ब्लॉक परिसर में राशन का वितरण किया गया। दोपहर तक चले राशन वितरण के दौरान कुछ ग्रामाणों को राशन किट न मिलने पर नाराजगी जताई, लेखपाल का कहना है कि कुछ लोगों का नाम छूट गया है। सूची में बढ़ाकर एक दिन बाद वितरण किया जाएगा। जिसमें शुकुलपुरवा और उसके आसपास गांव के लोग भी शामिल हैं।

### लहरपुर में बुनियादी भाषा पर सुझाव

**लहरपुर, सीतापुर :** बुनियादी भाषा एवं गणित विषय को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी सिमी निगार ने शिक्षकों के बीच जरूरी सूचनाएं साझा कीं। उन्होंने शिक्षकों से छात्रों को लेकर व्यवहार में और अधिक बदलाव लाने के लिए कहा। अनवर अली, संदीप कुमार, सुरेश कुमार, पुष्पेन्द्र मौर्य रहे।

# अध्यापक की पिटाई से छात्र जख्मी, परिजनों ने दी तहरीर

हरगांव सीतापुर

**अमृत विचारः** हरगांव थाना क्षेत्र के विकास खण्ड परसेंडी के प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक पर छात्र को पीटे जाने का आरोप है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि अध्यापक की पिटाई में छात्र के बांये हाथ मे गंभीर चोटे आई हैं।

हरगांव थाना क्षेत्र विकास खण्ड परसेंडी के मेवा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में डिगिहा गांव निवासी बांकेलाल का पुत्र जितेंद्र कक्षा तीन का छात्र है। बांकेलाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पुत्र की कापी को चेक करने को लेकर विद्यालय के अध्यापक विकास ने पिटाई कर दी। जिससे उसके बाएं हाथ में गंभीर चोटे आई हैं। खंड शिक्षा अधिकारी परसेंडी रिषीकेश सिंह ने बताया कि मुझे इस मामले की कोई जानकारी नही है, यदि ऐसा है तो विभागीय कार्रवाई भी की जायेगी। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि बच्चे का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

# श्यामजीरा गांव में बाघ ने किया गोवंश का शिकार

संवाददता नेरी, सीतापुर


कॉबिंग के दौरान वन कर्मी और ग्रामीण। अमृत विचार

- महोली इलाके में लगातार हमले कर रहा है बाघ
- वन विभाग की टीम कर रही कॉबिंग, लगाए गए पिंजड़े

**अमृत विचारः** महोली इलाके में लगातार बाघ हमले कर रहा है। शुक्रवार रात श्यामजीरा गांव में हमला कर एक गौवंश को अपना निवाला बना लिया। खबर मिलने के बाद वन विभाग की टीम केवल कॉबिंग तक ही सीमित रही।

श्यामजीरा गांव निवासी सोहन के मुताबिक, सुबह जब वे खेत की तरफ गये तो उन्हें गोवंश का शव मिला। जिसके बाद वन विभाग को सूचना थी। वन विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर काम्बिंग भी की, लेकिन बाघ के केवल पगचिन्ह ही मिले। वन विभाग द्वारा बाघ को पकड़ने के लिए दो जगह पिजड़ा लगाया गया। दिन भरी चली कॉम्बिंग के बाद बाघ जगह बदलता रहा। वन क्षेत्राधिकारी सिकंदर सिंह ने बताया कि बाघ के पगचिन्ह मिले हैं। कलवारी खुर्द में पिजड़ा भी लगा दिए गए हैं। लगातार काबिंग कराई जा रही है।

**भेड़िये से किया ग्रामीण ने मुकाबला, रामपुर मथुरा, सीतापुरः** रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र के थानगांव थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत घमौड़ा के सरबजीत पुरवा में शिवकुमार तिवारी (40) पुत्र देवाराम तिवारी शनिवार सुबह करीब 5:00 बजे शौच के लिए खेत गया था।

वहीं ग्रामीण के मुताबिक, तभी अचानक धान के खेत से भेड़िए को आता देखकर खड़ा हो गया। भेड़िए ने उनके सीने पर पैर रखकर मुंह पकड़ने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण ने उसका डटकर मुकाबला किया। उसकी चीख पुकार के बीच खेतों में काम कर रहे लोग उसकी ओर दौड़ पड़े। ऐसे में भेड़ियां भाग निकला।

# रामपुर मथुरा में पुल बनें तभी सुधरेंगे हालात

## परेशान ग्रामीण बोले- बीस साल से बाढ़ और कटान के कारण इलाके की बिगड़ रही है तस्वीर

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर


बेनीराम।


राम सिंह।


राम मनोरथ।


नान्हू।

**अमृत विचारः** बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्र रामपुर मथुरा इलाके में गोबरहिया (चौका) नदी पर पुल निर्माण की मांग बढ़ चली है। ऐसे में बीते दिन आए प्रभारी मंत्री की ओर से भी आश्वासन मिला है।

रामपुर मथुरा इलाके में गोबरहिया (चौका) नदी तीन किलोमीटर दूरी पर बहती है। इस पर पुल निर्माण करने की मांग करीब 20 वर्षों से चली आ रही है। कुन्ना पुरवा निवासी बेनीराम का कहना है कि पुल की न होने के कारण कई सैकड़ा किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो चुकी है। तमाम से परिवार भी इसी बाढ़ और कटान की चपेट में पलायन कर चुके हैं। हजारा निवासी राम सिंह का कहना है कि बीते दिन प्रभारी मंत्री ने आकर उनकी समस्याओं को जाना और 3 किमी का पुल बनाए जाने का आश्वासन भी दिया। राममनोरथ कहते हैं कि जब तक पुल निर्माण नहीं होगा। समस्या बनी रहेगी। वहीं गांव के नान्हू का कहना है कि जलमग्न हुई फसल ने परिवार को आर्थिक संकट के द्वार पर लाकर खड़ा कर दिया है। उधर गांव के रहवासी बेनीराम, देशराज, कलीम, रामरूप, भगवती, बृजेश कुमार, नागेश्वर, संतराम, रामनारायण का कहना है कि करीब कई सालों से पुल की मांग को लेकर कोरा आश्वासन मिलता है। इस बार दावा किया गया है, दिखिए, कब तक पूरा होगा।

### इन गांवों में हर वर्ष आती है तबाही

शुकुलपुरवा, कोठार, कुन्नापुरवा, घनश्यामपुरवा, अर्जुनपुरवा, रामरूपपुरवा, नयापुरवा, पीतांबर पुरवा, लोधन पुरवा, सुंदर पुरवा, भूषण पुरवा, छोटे पुरवा, बगस्ती इलाके में चौका नदी हर साल सैकड़ों बीघा फसलों का नुकसान कर देती है।

- गांव के कई परिवार कर चुके हैं पलायन, खेती योग्य भूमि भी हो चुकी है जलमग्न


नाव के सहारे दूसरी ओर किनारे पर जाते ग्रामीण। अमृत विचार

**पूर्व मंत्री कर चुके हैं प्रयासः** पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा द्वारा कछुआ पुल (प्लाटून पुल) का निर्माण परिसीमन के पहले कराया था। उस समय सेवता की जगह महमूदाबाद विधानसभा हुआ करती थी। उस समय इसका निर्माण अस्थाई रूप से कराया गया था। बरसात के दिनों में यह पुल हटा दिया जाता है। बरसात खत्म होने पर पुनः इसे जोड़ दिया जाता है।

# पुलिस ढूंढ़ती रह गई, लटका मिला हत्यारोपी का शव


गांव के बाहर तैनात पुलिस बल। अमृत विचार

संवाददाता नेरी, सीतापुर

- हरैय्या फत्तेपुर गांव में ग्रामीण की पिटाई से हत्या का मामला

**अमृत विचारः** भोजपाल हत्याकांड के जिस आरोपी को पकड़ने के लिए कई थानों की पुलिस लगी हुई थी। उसी हिटलर का शव अपने घर के बाहर लगे नीम के पेड़ से लटका हुआ मिला। फिलहाल दोनों ही पक्ष एक ही गांव के होने के कारण बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

घटना महोली कोतवाली क्षेत्र के हरैय्या फत्तेपुर गांव से जुड़ी हुई है। दरअसल, हरैरय्या फत्तेपुर निवासी गांव भोजपाल की दो दिन पहले मौत हो गई थी। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने गांव के ही हिटलर, सत्यपाल और जयकरन पर पीट-पीटकर हत्या किये जाने का आरोप लगाया था, इसको लेकर पुलिस ने हिटलर सहित तीनों युवकों के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए सत्यपाल और जयकरन को हिरासत ले लिया। लेकिन हिटलर को पुलिस नहीं पकड़ सकी, दावों के बीच आरोपी की तलाश में कई थानों की पुलिस लगी थी। तभी हिटलर का शव उसी के घर के बाहर लगे पेड़ से लटका हुआ मिला। कुछ ही देर में खबर जंगल की आग की तरह फैल गई। एक ही गांव में दोनों पक्ष होने के कारण महोली के साथ आसपास थानों की पुलिस पहुंच गई। मामले में जांच पड़ताल शुरू करते हुए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### इजराइल में काम करने का मिलेगा मौका

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया है कि इजराइल देश में निर्माण श्रमिकों को रोजगार प्रदान करने की प्रक्रिया में भारत सरकार एवं इजराइल सरकार के मध्य हुए अनुबन्ध के अन्तर्गत एनएसडीसी क्रियान्वयन संस्था नामित है। श्रमिकों को भेजे जाना है। जिसमें फ्रेम वर्क/ शटरिंग कारपेंटर, आयरन बेन्डिंग, सिरेमिक टाइल और प्लास्टरिंग वाले शामिल किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रमुख अर्हताओं के अन्तर्गत उम्र सीमा 25 – 45 वर्ष, कम से कम 3 वर्ष की वैधता का पासपोर्ट, संबंधित ट्रेड में कम से कम 3 वर्ष का कार्य अनुभव हो। सभी शर्तें पोर्टल रोजगारसंगम .यूपी .गर्व .इन पर पर देखी जा सकती हैं।

# खैराबाद में अभद्र टिप्पणी पर केस

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचारः** खैराबाद में अभद्र पोस्ट करने के मामले में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना प्रमुख विकास हिंदू खैराबाद पहुंचे। उन्होंने आरोपी के विरुद्ध शिकायत की। पुलिस ने खैराबाद कस्बा निवासी बिलाल के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की है। बताया जाता है कि आरोपी ने फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी की थी। जिसको लेकर विरोध जताया गया।

# गौ आधारित खेती से बचेगी मिट्टी की उर्वरा शक्ति


किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

संवाददाता सांडा, सीतापुर

- रिटायर्ड चिकित्सक ने किसानों को दी जानकारी
- जैविक खाद और कीटनाशक का उपयोग करने की दी सलाह

**अमृत विचारः** स्वस्थ जीवन शैली के लिए गौपालन बहुत जरूरी है। देसी गाय के अमृत तुल्य दूध से हमें अच्छा स्वास्थ्य मिलता है। यह बात सामाजिक संस्था लोक भारती की ओर से बिसवां चीनी मिल आए पीजीआई के रिटायर्ड चिकित्सक डॉ. एस के सिंह ने कही।

उन्होंने बताया कि सेकसरिया चीनी मिल क्षेत्र के लालपुर भुलभुलिया गांव के गन्ना किसान बाबूराम वर्मा ने जैविक खाद और कीटनाशक का उपयोग करके अपने खेत में गन्ने की भरपूर भरपूर फसल उपजाई है। इससे सभी किसानों को सबक लेनी की जरूरत है। लोक भारती संस्था के महासचिव बृजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि हमें प्राकृतिक खेती के साथ पर्यावरण संरक्षण, जल व नदियों का संरक्षण भी करना होगा। चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक डॉ. अमरीश कुमार ने बताया कि किसान भाई गन्ने की नवीनतम रोग मुक्त प्रजातियों की बुवाई ट्रेंच विधि से करें।

उन्होंने किसानों को बताया कि आजकल खेतों में गन्ने के साथ मटर, मसूर, मूंग, उड़द, चना, मूंगफली, सरसों, अलसी, लाही और सब्जियों की खेती करके अधिकाधिक आर्थिक लाभ पा सकते हैं। साथ ही देश के हित व तरक्की के लिए अपना सहयोग दे सकते हैं।

### एचकेपी की 239 छात्राओं का नेत्र परीक्षण


एचकेपी की छात्राओं का परीक्षण करती चिकित्सकों की टीम। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** हिंदू कन्या पाठशाला की 239 छात्राओं का नेत्र परीक्षण हुआ। इस दौरान स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां भी साझा की गईं। अनेकता में एकता मंच की ओर से हिंदी सभा के सभागार में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आंख अस्पताल की टीम मौजूद थी। एक-एककर कक्षा 5 से कक्षा 8 तक की 239 छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया। बड़ी संख्या में छात्राओं ने धुंधला दिखने की समस्या बताई गई। आंखों की जांच के साथ उन्हें पौष्टिक भोजन सेवन किये जाने की सलाह दी गई। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी डॉ. निधि सिंह की ओर से दी गई। इस दौरान डॉ. शहनवाज, डॉ. निर्मल, डॉ. आरती श्रीवास्तव, लैब टेक्नीशियन लालिमा वर्मा, यूपी त्रिवेदी, अरविंद मोहन मिश्रा, पलक, इंटर्न निर्मल, मोनू सहित अन्य मौजूद रहे।

# कार्रवाई न होने पर बिफरे कोतवाली में किया हंगामा


कोतवाली में मौजूद पीड़ित पक्ष। अमृत विचार

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

- मोहल्ला ठठेरी टोला में पैसे के लेनदेन में दो पक्षों में विवाद का मामला

**अमृत विचारः** कस्बे के मोहल्ला ठठेरी टोला में मारपीट की घटना से आक्रोशित परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बढ़ते हंगामे को लेकर पुलिस ने किसी तरह विवाद शांत कराया।

10 सितम्बर को कस्बे के मोहल्ला ठठेरी टोला में पैसे के लेनदेन में दो पक्षों में विवाद हो गया था। मोहल्ला बागवानी टोला निवासी समीउल्ला के मुताबिक, उसके ऑटो चालक पुत्र शोएब का विवाद हो गया था। जिस पर शफाअत के भतीजे और उसके साथी ने शोएब को बुरी तरह से मारा पीटा। पीड़ित पक्ष ने दावा किया कि शोएब लखनऊ में भर्ती है, उसकी हालत बहुत गंभीर है। इसके बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। बढ़ते हंगामें के बीच पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

## सार-संक्षेप

### जांच टीम को ग्रामीणों ने थमाया शिकायती पत्र

**संवाददाता सकरन, सीतापुर, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत सकरन में मनरेगा से कराए गए कार्यों की जांच करने पहुंचे डीसीओ व जेई पहुंचे। ऐसे में ग्रामीण रामचन्द्र, फुर्कान, पतिराम, तामृध्वज, कमलेश आदि ने शिकायती पत्र सौंपा। बता दें कि ग्रामीणों ने बीते दिनों जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से मिलकर इलाके में हुए विकास कार्यों की जांच कराए जाने की मांग की थी। ऐसे में डीएम के निर्देश पर टीम सकर पहुंची। जहां ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि वितीय वर्ष 2021, 22, 23 में 55 हैंडपम्पों की मरम्मत व रिबोर के नाम पर 52 लाख 15 हजार सात सौ रुपये निकाल लिए गए हैं। तब जबकि ग्राम पंचायत व उसके मजरों गयादीनपुरवा, लालूपुरवा, मिश्रपुर, गुलरबोझा आदि में लगे अधिकतर इंडिया मार्का हैंडपम्प कई वर्षों से खराब पड़े हैं। न तो उनकी मरम्मत करायी गयी और न ही रिबोर करवाया गया। ऐसे में ग्रामीणों ने एक बार फिर जांच अधिकारियों को शिकायती पत्र थमाया है।अवर अभियंता असीम यादव ने बताया कि हमें मनरेगा से कच्चे कार्यों की जांच मिली थी, हैंडपम्पों की जांच उसमें शामिल नहीं है।

### कबड्डी, ऊंचीकूद में छात्रों ने दिखाया दमखम


विजयी छात्र को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**संवाददाता नेरी, सीतापुर, अमृत विचार :** महोली क्षेत्र के एकल विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कबड्डी और लंबी कूद सहित अन्य प्रतियोगिता आयोजित हुईं। भारत लोक शिक्षा परिषद के संचालित एकल विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन गंगा चतुर्भुज सेवा संस्थान क्वार्टर गंज के खेल मैदान में आयोजित हुआ। एकल विद्यालय के बच्चों ने कबड्डी, ऊंची व लंबी कूद, 100 से 400 मीटर लंबी दौड़, और योगा में बढ़ – चढ़कर हिस्सेदारी की। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को विशिष्ट सम्मान के साथ मेडल देकर सम्मानित किया गया। आयोजित समारोह के दौरान डॉ. विशाखा विश्वास, शिव प्रकाश, अशोक कुमार, डॉ. स्वप्न कुमार विश्वास, सचिव डॉ. रूपचंद वर्मा, रिछाही चौकी इंचार्ज मनोज सिंह, संगीता सिंह, संजय खन्ना, सोमवती यादव, संग्राम, जीवन लाल, मनोज कुमार, प्रधान नरेश वर्मा, नीरज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी लें भाग


पुरस्कृत छात्रों के साथ अतिथिगण। अमृत विचार

**संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** शिक्षा के साथ हमें खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने से हमें अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का उचित अवसर मिलता है। शिक्षित व्यक्ति ही अच्छे समाज का निर्माण कर सकता है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थी का चहुंमुखी विकास होता है। सीता चिल्ड्रेन एकेडमी में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ करते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष वर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कहा ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि की ओर से सीता ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन इंग्लिश मीडियम ब्रांच में नवरात्र स्पेशल, श्री राम अयोध्या आगमन, कंप्यूटर मॉडल, गांधी जयंती, डांडिया, भाषण प्रतियोगिता, गरबा नृत्य सहित संपन्न हुई अन्य प्रतियोगिता में आधा सैकड़ा से अधिक विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**विरोध- प्रदर्शन** संगतिन किसान मजदूर संगठन के बैनर तले हुआ आयोजन, तसला- फावड़ा रखकर जमकर की नारेबाजी

# ऑनलाइन हाजिरी दर्ज नहीं हुई तो आक्रोशित मजदूरों ने घेरा ब्लॉक

संवाददाता पिसावां, सीतापुर


ब्लॉक पर प्रदर्शन करते मनरेगा मजदूर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** कार्य करने के बावजूद ऑनलाइन हाजिरी न दर्ज होने से नाराज बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूरों ने संगतिन किसान मजदूर संगठन के बैनर तले रैली निकाल कर तसला- फावड़ा रख ब्लॉक का घेराव करते हुये जमकर नारेबाजी की। बीडीओ ने मास्टररोल निकाल कर ऑफलाइन हाजिरी दर्ज करने का आश्वासन दिया, इसी बाद मनरेगा मजदूर शांत हुये।

संगतिन किसान मजदूर संगठन के बैनर तले मनरेगा मजदूरों ने नलकूप विभाग के गेस्ट हाउस में बैठक कर रैली निकाली। रैली नेरी मार्ग से कस्बे के मुख्य चौराहा हरदोई मार्ग होते हुये ब्लॉक मुख्यालय पहुंची। ब्लॉक कार्यालय के सामने मनरेगा मजदूरों ने तसला-फावड़ा रख कर नारेबाजी की। संगठन की ब्लॉक प्रमुख रामबेटी ने कहा कि विकास खण्ड के बबुरदीपुर, हरनीकला, कप्सा, नेवदिया, फरीदपुर, पखरपुर, खोजेपुर सहित एक दर्जन से अधिक गावों में बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर कार्य कर रहे हैं। कार्य करने के बावजूद 16 सितंबर से मनरेगा मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी नहीं दर्ज हो पा रही है। करीब एक घण्टे नारेबाजी के बाद बीडीओ अमित यादव ने मजदूरों से मुखातिब होते हुये कहा कि तकनीकी खराबी के चलते यह स्थित पूरे प्रदेश में बनी है। चिंता की बात नही है। मास्टररोल निकाल कर सभी मनरेगा मजदूरों की आफ लाइन हाजिरी दर्ज की जायेगी। बीडीओ के आश्वासन के बाद मनरेगा मजदूर शांत हुये। इस दौरान जगन्नाय, बिटोली, जमुना, शिवरानी आदि मनरेगा मजदूर मौजूद रहे।

### पुष्टाहार न मिलने बिफरे ग्रामीण


कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**संवाददाता पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार :** विकास खंड की ग्राम सभा के निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा पुष्टाहार न वितरित करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने संबंधित शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से की है। विकास खंड के मनिकापुर, बांसी और फखरपुर गांव निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने शुक्रवार को ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचकर बाल विकास परियोजना कार्यालय और विकास विभाग कार्यालय में पुष्टाहार वितरित न करने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया है। मनिकापुर गांव के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले तीन वर्षो से लाभार्थी बच्चों को पुष्टाहार का वितरण नही किया गया है। वहीं फखरपुर निवासी शिकायतकर्ता ने बताया कि बीते तीन माह से पुष्टाहार का वितरण लाभार्थियों को नहीं किया जा सका है। जिसके संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई जा चुकी है। साथ ही ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र का नित प्रतिदिन न खुलने का भी आरोप लगाया। इस मौके पर सुशीला, ममता, मुकेश, कमलेश, गुड्डी, राजू, लवकुश, राधा, अरुण कुमार, शिवरानी, रूबी, प्रीति, माया, चंद्रभाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवक को चोर समझकर पीटा, हालत नाजुक

**देवा, अमृत विचार :** देवा क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात दुकान पर सामान खरीदने गए एक व्यक्ति की चोर समझकर पिटाई कर दी। जिससे उसे गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। देवा कोतवाली क्षेत्र के कैथी गांव निवासी संदीप पुत्र जगजीवन शुक्रवार की रात गांव के अंदर दुकान पर सामान खरीदने गया था। आरोप है कि गांव के रहने वाले मिश्रीलाल और उसके भाई भाईलाल ने चोर चोर कहते हुए शोर मचाते हुऐ संदीप के ऊपर जानलेवा हमला कर उसकी पिटाई शुरु कर दी। जिससे उसे गंभीर चोटे आई हैं और उसकी हालत नाजुक बनी हुई हैं। इंस्पेक्टर अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि संदीप के भाई रंजीत की तहरीर पर दोनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### हाईवे के किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

**रामसनेहीघाट, अमृत विचार :** लखनऊ अयोध्या हाईवे को जोड़ने वाली बेसनपुरवा मार्ग के किनारे सड़क पर ग्रामीण की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात शव बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, शव की शिनाख्त नही हो पाई। मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र के अंतर्गत भिटरिया चौराहे के निकट पुराने राजमार्ग से लखनऊ अयोध्या एनएच 27 हाईवे को जोड़ने वाली सड़क पर शनिवार को ग्रामीणों ने एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। इस पर वहां हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गयी। तत्काल इसकी सूचना कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी समय तक आस पास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नही हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# यूपीसीडा को भूमि हैंडओवर, अब लगेंगे उद्योग

## राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई यूपीसीडी के नाम भूमि, पैमाइश कराकर सीमा का कराया निर्धारण

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** रामसनेहीघाट क्षेत्र में औद्योगिक विकास प्राधिकरण को विकसित करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा कागजी कार्रवाई तेजी से पूरी की जा रही है। तहसील क्षेत्र के दो गांवों की चिन्हित भूमि को यूपीसीडी के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराकर उक्त भूमि को संबंधित एजेंसी को हैंडओवर कर दिया गया है। भूमि पर मालिकाना हक मिलने के बाद यूपीसीडा ने तेजी से भूमि में लगे जंगल झाड़ी को हटाने के साथ मार्ग तैयार करने में जुट गया है।

बताते चलें कि तहसील क्षेत्र के सनौली व कंधाईपुर गांव की कुल 67.59 हेक्टेयर के करीब जमीन को जिला प्रशासन ने यूपीसीडा यानी उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करते हुए हैंडओवर कर दी है। इसके बाद यूपीसीडा के अधिकारियों की देखरेख में शनिवार को राजस्व अधिकारियों के साथ अधिकृत भूमि पर निशान देही की कार्रवाई पूरी की।



भूमि की निशान देही कराते राजस्वकर्मी।



सीमांकन के बाद लगवाए गए पिलर।

इस दौरान सनौली गांव में 21 हेक्टेयर और कंधाईपुर गांव में पांच हेक्टेयर के करीब भूमि पर जेसीबी की मदद से रास्ता बनाया और जंगल झाड़ी साफ करते हुए उक्त गांवों में वर्तमान समय में पैमाइश करके सीमा निर्धारण का कार्य किया गया। जिसमें सीमा निर्धारण के लिए मेड़बंदी, खाई खुदवाने का कार्य व पक्के खंभे लगवाए गए। यूपीसीडा के अधिकारियों ने बताया कि अगले कुछ महीनों में सरकारी जमीन पर उद्योग लगाने की चाहत रखने वाले उद्यमियों को प्लाटों के आंवटन का काम भी शुरु हो जाने की उम्मीद है। रामसनेहीघाट तहसील के एसडीएम रामआसरे वर्मा ने बताया कि शासन की शीर्ष प्राथमिकता वाले इस प्रॉजेक्ट पर राजस्व रिकॉर्ड की जांच व दो ग्राम पंचायतों की कंधइपुर व सनौली गांवों में स्थित लगभग 67.99 हेक्टेयर सरकारी जमीन को यूपीसीडा को हैंडओवर कर कब्जा दे दिया गया है। यह जमीनें भी यूपीसीडा के नाम दर्ज करवा दी गईं हैं। जल्द ही यूपीसीडा द्वारा इकाईयों लगाने के लिए उद्यमियों को भूमि का आवंटन नियमानुसार किया जाएगा।

# छात्रा से छींटाकशी करने वाले 5 छात्र विद्यालय से निष्कासित

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** स्कूल से घर जा रही छात्रा को रोककर छींटाकशी करने वाले पांच आरोपी छात्रों को स्कूल से निष्कासित कर दिया गया है। पुलिस सभी को हिरासत में ले लिया है। शुक्रवार की दोपहर इण्टर की एक छात्रा स्कूल से घर जा रही थी। इसी विद्यालय के बाइक सवार तीन छात्रों ने साथियों के साथ नवीन मंडी के पास छात्रा को रोककर छींटाकशी की। उसके मोबाइल नंबर की मांग की। पीछे से आ रहे इण्टर के दो छात्रों ने शरारती तत्वों का विरोध किया तो उनकी पिटाई कर दी गई। छात्रा ने कोतवाली पहुंचकर महिला डेस्क प्रभारी से अपनी व्यथा बताई। महिला पुलिस ने सहायता के बजाए छात्रा को ही फटकारना शुरू कर दिया। इसी बीच सूचना पाकर थाने पहुंचे विद्यालय के अध्यापक व प्रधानाचार्य से भी पुलिसकर्मियों की नोंक-झोंक हो गई। प्रधानाचार्य ने पुलिस को लताड़ लगाई। पुलिस ने आरोपियों के घर दबिश देकर सभी को थाने ले आई। थाने के बाद विद्यालय वापस पहुंचकर अध्यापकों ने प्रबंध समिति को सूचित किया। प्रबंध समिति की आपात बैठक में छात्रा के साथ अशोभनीय हरकत करने वाले डिग्री सेक्शन के तीन छात्र व उनका साथ देने वाले इण्टर के दो छात्रों सहित पांच छात्रों को विद्यालय से निष्कासित कर दिया गया है।

# यार्ड रिमॉडलिंग के चलते आठ ट्रेनों का बदला रूट

**दरियाबाद, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** दरियाबाद से ट्रेन से सफर करने वाले यात्रीगण कृपया ध्यान दें! रेलवे प्रशासन ने आज से लेकर अक्तूबर के पहले सप्ताह तक इस रुट पर आवागमन करने वाली आठ ट्रेनों का रुट बदल दिया है। अप डाउन की आठ ट्रेनों का अक्तूबर के पहले सप्ताह तक रुट बदला रहेगा। इन ट्रेनों में 13307, 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस, 13309, 13010 योगनगरी दून एक्सप्रेस, 13483, 13484 फरक्का एक्सप्रेस, 19165, 19166 साबरमती एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों का रुट 22 सितंबर से चार



अक्तूबर तक बदला रहेगा। यह ट्रेन रायबरेली होकर लखनऊ पहुंचेगी। वहीं यह ट्रेन वाराणसी से डायवर्ट की गई हैं। बुधनी और शाहगंज के बीच ट्रैक के नव निर्माण (यार्ड रिमॉडलिंग) के कारण ट्रेनों का रुट बदला है। यह ट्रेन अयोध्या, दरियाबाद, बाराबंकी रुट से न होकर रायबरेली होकर लखनऊ पहुंचेगी। स्टेशन अधीक्षक आनंद कुमार राय ने बताया कि रुट डायवर्जन की अभी कोई जानकारी नही मिली है।

# नेशनल हाईवे के किनारे ही बना दिया कूड़ाघर

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे किनारे अतिक्रमण करना अगर गैर कानूनी है तो पक्का निर्माण तो कदापि नहीं होना चाहिए पर ऐसा हुआ है। शहर का कूड़ा डंप करने के लिए ढंग की जगह तलाशने के बजाए हाईवे किनारे ही कूड़ाघर बना दिया गया। ऐसा निर्माण एक नहीं बल्कि तीन जगहों पर है। बताते चलें कि शहर से रोजाना उठने वाला गीला सूखा कूड़ा डंप करने के लिए आनन फानन में तीन जगहों पर कूड़ाघर बना दिए गए। सबसे आपत्तिजनक निर्माण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से कुछ ही दूरी पर हाईवे के किनारे बना पक्का कूड़ाघर का है। पीडब्ल्यूडी का नियम है कि हाईवे से



नेशनल हाईवे पर बना कूड़ा घर। अमृत विचार

सौ मीटर तक कोई भी निर्माण नहीं किया जा सकता। दो अन्य निर्माण सीडीओ आवास से पहले व एसपी कार्यालय से पहले पार्क के पास हैं।

**तो सीएम को नहीं पसंद गुमटी-ठेला:** दो दिन पहले अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया तो पहले सबने समझा कि यह आमतौर पर चलने वाला अभियान है पर जब सड़क के किनारे की गुमटियां, ठेले, खोमचे जेसीबी व पुलिस लगवाकर हटवाए गए तो पता चला कि 24 को सीएम बाराबंकी आ रहे हैं, यह सबकुछ उनके दौरे को सुरक्षित रखने के लिए किया जा रहा। चूंकि सीएम स्टेडियम से वाया कार कचहरी तक जाएंगे इसलिए सड़क के दोनों किनारे साफ करवा दिए गए। उधर, इस मामले में नपाप के अधिशाषी अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया कि कूड़ा घर डीएम की कमेटी में लिए गए निर्णय के बाद बनाया गया है। वैसे भी सरकारी निर्माण अतिक्रमण के दायरे में नहीं आता।



हटवाई गए टीनशेड और लोहे की कुर्सियां। अमृत विचार

### यात्रियों के बैठने की जगह ही उजाड़ दी

पटेल तिराहे के सामने जिला प्रशासन के ही निर्देश पर यात्रियों के बैठने के लिए टीनशेड और लोहे की कुर्सियां लगवाई गई थीं। तेज धूप व बारिश से बचने व थकान मिटाने के लिए यात्री इस टीनशेड के नीचे आ जाते थे। सीएम के आगमन का कार्यक्रम क्या आया नगर पालिका परिषद की टीम ने जेसीबी से इस टीनशेड को ही तोड़वा डाला।

# डाककर्मियों को किया गया जागरूक

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर तीन महीने तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम के द्वितीय चरण में अधीक्षक डाकघर बाराबंकी कार्यालय स्थित सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बाराबंकी उपमंडल के ग्रामीण डाक सेवक कर्मियों को प्रशिक्षक प्रवीण कुमार श्रीवास्तव द्वारा डाक विभाग की कार्यप्रणाली, नीतियां एवं संचालन और दैनिक कार्यों में बरती जाने वाली सतर्कता, भ्रष्टाचार उन्मूलन में सहयोग, डाक कर्मियों द्वारा आचरण नियमावली का पालन और साइबर सुरक्षा आदि बिन्दुओं पर विशेष चर्चा की और जागरूक किया। साथ ही उपस्थित डाक कर्मियों को अधिक सजगता, सहजता और



डाक कर्मचारियों को प्रशिक्षित करते प्रशिक्षक। अमृत विचार

पारदर्शिता से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया गया ताकि डाकघर के ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डाक विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के विभागीय लक्ष्य की पूर्ति के लिये कार्य करने पर बल देते हुये डाकघर की किसी न किसी योजना से सभी लोगों को जोड़ने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। ताकि जनता को डाकघर की विभिन्न योजनाओं की जानकारी हो सके और डाक विभाग की पहुंच घर-घर तक हो सके। पिछले सप्ताह प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले चरण में भी बाराबंकी उपमंडल के ग्रामीण डाक सेवकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था तथा अगले चरण में हैदरगढ़ उपमंडल के ग्रामीण डाक कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।



वेबिनार में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### विद्यार्थियों ने सीखी डेटा स्टोरेज की बारीकियां

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एज कंप्यूटिंग डेसेंट्रलीसेड डाटा प्रोसेसिंग शीर्षक पर वेबिनार का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. अब्दुल बारी प्रोफेसर व डीन ऑफ एकेडेमिक्स आईएसएल इंजीनियरिंग कॉलेज हैदराबाद मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने बताया कि एज कंप्यूटिंग में डेटा स्टोरेज और कंप्यूटेशन को उस स्थान के करीब रखना शामिल है जहां इसकी जरूरत है। इसके परिणामस्वरूप बेहतर प्रतिक्रिया समय और कम बैंडविड्थ उपयोग होता है जो एज कंप्यूटिंग के प्रमुख लाभ हैं। प्रिंसिपल इंजीनियर डॉ. फैजान ने बताया कि एज कंप्यूटिंग को लागू करने के शीर्ष लाभों में से एक डेटा को इकट्ठा करने और उसका विश्लेषण करने की क्षमता है जहाँ इसे एकत्र किया जाता है तथा उन समस्याओं को पकड़ना और ठीक करना जो डेटा को प्रोसेस और विश्लेषण के लिए केंद्रीय सर्वर या क्लाउड पर भेजे जाने पर जल्दी से पहचाने नहीं जा सकते थे। कार्यक्रम में सादिक अंसारी सहित लगभग 100 छात्र छात्राएं शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### चल-अचल संपत्ति का ब्योरा दर्ज कराएं जवान

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** 10वीं वाहिनी पीएसी के मनोरंजन गृह में सैनिक सम्मेलन व जोनल गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पीएसी गान के साथ हुई। सेनानायक अरुण कुमार श्रीवास्तव ने समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिये। सेनानायक ने अवगत कराया कि मानव संपदा पोर्टल पर जवान अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज कराएं ताकि किसी भी कर्मी का वेतन न रुके। उत्कृष्ट टर्न आउट एवं सराहनीय कार्य के लिए चयनित आरक्षियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान सहायक सेनानायक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार यादव, वाहिनी चिकित्सक डॉ. हेमंत गुप्ता, शिविरपाल उमेश कुमार राय, सहायक शिविरपाल सच्चिदानंद दीक्षित, सूबेदार सैन्य सहायक भोलेन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### बीडीओ को कार्यस्थल पर सब मिला ओके

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व खण्ड विकास अधिकारी काव्या सी ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत धरौली मे मनरेगा योजना द्वारा बनाये जा रहे खेल के मैदान का जायजा लिया तथा कार्य मे लगे मजदूरों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने स्टीमेट के अभिलेखों को देखा। इस कार्य में मनरेगा योजना में आनलाइन 40 मजदूरों की डिमांड थी लेकिन मौके पर 35 मजदूरों की ऑनलाइन उपस्थित दर्ज थी जो मौके पर मिले भी। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने काम करने वाले मजदूरों से संवाद कर अभिलेखों की जांच पड़ताल की। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि उमाकांत राव, अवर अभियंता लघु सिंचाई अरुण कुमार व्यास, टीए संदीप पाल, अजय वर्मा, ग्राम रोजगार सेवक विनोद कुमार राव मेट माया देवी मौजूद थी।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग पर सड़क हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी लाया गया। यहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के टड़िया गांव निवासी नीरज शनिवार को बाइक से जा रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया।

### बिजली चोरी में पकड़ गए नौ लोग, केस दर्ज

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** विद्युत वितरण उपखंड हैदरगढ़ के तहत आने वाले विद्युत उपकेंद्र भिलवल में चलाए गये मॉर्निंग रेड अभियान के तहत नौ लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पाया गया। विभाग ने इन पर केस दर्ज कराया है। अवर अभियंता आनंद सिंह मर्तोलिया व टीम द्वारा मार्निंग रेड अभियान चलाया गया। टीम द्वारा राकेश कुमार, सर्वेश कुमारी, विवेक वर्मा, शिवनाम, टिलई रामगंज, शिवनामराम तीरथ, धर्मराज, विनोद कुमार, संजय, सरोज कुमारी को विद्युत चोरी करते पाया गया। अधिशासी अभियंता पीके गौतम ने बताया कि आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### दो लोगों की मौत के बाद गांव पहुंची स्वास्थ्य टीम



गांव में इलाज करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार को अमृत विचार समाचार पत्र में छपी खबर का असर दिखा। ग्राम पंचायत खैरा कनकू में संदिग्ध बुखार से हुई दो लोगों की मौत के बाद जागे स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर कर बीमार लोगों का इलाज किया। शनिवार को डॉ. अर्चना गौतम के नेतृत्व में टीम गांव में पहुंची। टीम ने कुल 65 लोगों का इलाज किया।

### तीन महिलाओं की गोदभराई, चार बच्चों का कराया अन्नप्राशन



गोदभराई करते सीडीओ अ. सुदन। अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सीडीओ अ. सुदन ने फतेहपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के बाद फीता काटकर पोषक मेला शुरू कराया। मेले में सीडीओ ने तीन महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा कराई। चार बच्चों का अन्नप्राशन कराया। बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषक मेले में लगाई गई प्रदर्शन का भी सीडीओ ने अवलोकन किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेंद्र दुबे ने बताया कि सरकार गर्भवती महिलाओं व बच्चों को योजनाओं से लाभांवित कर रही है। इसके अलावा उन्होंने विभाग में चल रही कई अन्य योजनाओं की जानकारी साझा की। इस मौके पर एसडीएम राजेश विश्वकर्मा सहित कई अन्य तहसीलस्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



छात्राओं को जागरूक करतीं महिला थानाध्यक्ष मुन्नी देवी। अमृत विचार

### शक्ति दीदी ने बताए साइबर अपराध से बचने के गुर

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति के दृष्टिगत शनिवार को समस्त थानों की ओर से महिला बीट अधिकारी "शक्तिदीदी" केमाध्यम सेक्षेत्रोंमेंचौपाललगाईगई। इसदौरानमहिलासशक्तिकरणवसुरक्षासेसम्बन्धितमिशन, योजनाओं के बारे में जागरुक किया गया। शक्ति दीदी ने महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण के लिए) जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं साइबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया। किसी भी तरह का साइबर अपराध होने पर भारत सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया।

# एक साथ रहने को राजी हुए दो जोड़े

**बाराबंकी, अमृत विचार:** महिला परामर्श केन्द्र की काउंसलिंग के बाद दो दंपतियों ने एक बार साथ रहने के लिए हामी भर दी। पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। महिला परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से दो जोड़ों में सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों ने आपस में एक- दूसरे को विश्वास दिलाया कि वह दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। काउंसलरों ने दंपति को शुभकामनाएं दीं। 15 दिन बाद दंपति को कुशल क्षेम पूछने के लिए फिर बुलाया गया है।

# छात्राओं ने बनाई आकर्षक रंगोली

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** सत्य प्रेमी नगर स्थित वारिस चिल्ड्रेंस एकेडमी इंटर कॉलेज में सेवा पखवाड़ा के तहत शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्राओं की सात टोलियों ने सौभाग्य और समृद्धि की प्रतीक रंगोली में अपने भावों को विभिन्न रंगों के जरिए जीवंतता प्रदान की।

निर्णायक मंडल ने स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित रंगोली को प्रथम, पर्यावरण एवम बालिका सुरक्षा की थीम पर बनी रंगोली को द्वितीय एवं अखंड भारत की थीम पर बनी रंगोली को तृतीय विजेता घोषित किया। भाजपा जिला महामंत्री संदीप गुप्ता एवम महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रामेश्वरी



विजेताओं को पुरस्कृत करते भाजपा जिला महामंत्री संदीप गुप्ता। अमृत विचार

त्रिवेदी ने विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल ने छात्राओं के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

प्रधानाचार्य कमलेश शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला महामंत्री ने कहा कि रंगोली बनाने की कला आम तौर पर भारतीय परंपरा का पालन करने वाली अनूठी हस्तकला है। पुरस्कार जीतने वालों में निमिषा, रस्तोगी, बीबी फातिमा, सिद्धि, प्रभमीत कौर व रानी कश्यप प्रथम स्थान पर आरोही, अनामिका, आराध्या ऐश्वर्या, लक्ष्मी व प्रतिज्ञा द्वितीय स्थान एवं समृद्धि, श्रेया, शिफा, आरुषि व शेजल तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रामेश्वरी त्रिवेदी, अर्चना मिश्रा, रघुवर दयाल द्विवेदी, रमाकांत सोनी और कुमुदेश पाठक मौजूद रहे।

# छात्र जीवन में अधिक संभलने की जरूरत

## ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**सतरिख, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** टीआरसी लॉ कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे एलएलबी व बी.ए. एलएलबी के नवागत छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ दोनों मुख्य अतिथियों के साथ प्रबन्धक डॉ. सुजीत चतुर्वेदी, प्राचार्य डा. अश्वनी गुप्ता ने संयुक्त





कार्यक्रम में मौजूद अपर जिला जज व अन्य। अमृत विचार

रूप से किया। छात्रा आफरीन बानों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

छात्र अनुराग सिंह ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। सचिव श्री सिंह ने कहा कि जो सपना आप देखते हैं उसको पूरा करने की जिम्मेदारी भी आपकी ही है। हमको बचपन से यह सिखाया जाता है कि जो हम सोचते हैं वह नहीं हो सकता लेकिन अगर यह बात सच होती तो बहुत सारे आविष्कार न हुए होते।

उन्होंने कहा कि आप जिस जीवन में हैं यह छात्र जीवन बहुत महत्वपूर्ण पड़ाव होता है जीवन का। छात्र जीवन में सबसे ज्यादा सम्भलने की जरूरत होती है, सबसे ज्यादा भटकाव छात्र जीवन में ही होता है। यदि आपको आपके लक्ष्य को प्राप्त करने से कोई रोक सकता है तो वह केवल आप हैं। बार अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई ने शिक्षा प्राप्त करने का उद्देश्य सर्वप्रथम चेतना का विकास होता है। शिक्षा का असली मतलब सीखना होता है। जीवन में कभी प्राप्त संसाधनों से शिकायत नहीं रखनी चाहिए बल्कि उन संसाधनों को बेहतर प्रयोग कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए।

कार्यक्रम में स्वर्ण पदक विजेता छात्रा श्रद्धा निगम ने अपने यात्रा के बारे में अनुभव साझा किये। इस मौके पर प्रवक्ता रोहिणी त्रिपाठी, छात्रा रौनक सोनी, प्रवक्ता वीर विक्रम सिंह, अखिलेश, भावना, विजय, प्रवक्ता डॉ. दीपमाला, मंजय, नवीन, अमजद, अंकित, धर्मेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# जंगली जानवर ने दो लोगों पर किया हमला

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** सुबेहा थाना क्षेत्र में जंगली जानवर ने दो लोगों व दो मवेशियों पर हमला कर दिया। छोटी मेहदिया मजरे टिकरहुवा गांव निवासी छेद्दू अपने भाई की पत्नी ननकई के साथ शुक्रवार को जंगल की ओर भैंस ढूंढ़ने गए थे तभी किसी अज्ञात जानवर ने छेद्दू पर हमला कर घायल कर दिया। उसे बचाने दौड़ी वृद्धा ननकई को भी नोच लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने वन विभाग की टीम के साथ घेराबंदी कर उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। अंधेरे का फायदा उठाते हुए जानवर खेत की तरफ भाग निकला। बताया जाता है कि जंगली जानवर ने इसी गांव के अंगनू की बकरी व बैजनाथ की गाय को भी काट कर जख्मी कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान हनुमान द्विवेदी ने डायल 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार हेतु सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती कराया, जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया। वन क्षेत्राधिकारी राकेश तिवारी ने बताया कि टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया लेकिन वहां पर किसी भी प्रकार के पगचिन्ह नहीं मिले।

## एक नजर

### अभियान चलाकर वसूले साढ़े तीन लाख रुपये

**जैदपुर, अमृत विचार :** जैदपुर क्षेत्र में विद्युत विभाग की टीम ने शनिवार को अभियान चलाकर साढ़े तीन लाख का बकाया बिजली के बिल की वसूली की। इस मौके पर बिजली का बिल न जमा करने वाले तीन दर्जन बकाएदारों के कनेक्शन कांटे। विभागीय अधिकारियों ने ग्राम भिटौरा लखन में कैंप लगाकर बकाया बिल की वसूली की। इस मौके पर कई अधिकारी व कर्मचारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### सात बोटा हरे आम की लकड़ी बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना दरियाबाद पुलिस टीम ने अभियुक्त कदीर अहमद निवासी मो. चौधरीयान कस्बा थाना दरियाबाद को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से सात बोटा हरे आम की लकड़ी बरामद की गई। थाना दरियाबाद पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### पुलिस ने अपहृता को किया बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना हैदरगढ़ पुलिस ने एक अपहृता को सकुशल बरामद किया है। पुलिस टीम ने भारतीय न्याय संहिता से संबंधित अपहृता को बरामद किया।

### ग्रामीण हुए एकजुट तो दबे पांव भागे चोर

**जहांगीराबाद, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में चोरों ने घुसपैठ की ही थी कि बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। इन्हें सक्रिय होते देख चोर दबे पांव भाग गए। थाना क्षेत्र के मेड़िया गांव में शुक्रवार मध्य रात्रि के बाद चोर घर में घुसे थे। चूंकि चोरी की बढ़ी घटनाओं को लेकर ग्रामीण देर रात तक जागते रहते हैं इसलिए चोरों के आने की भनक ग्रामीणों को लग गई।

# एसडीओ बदलें कार्य व्यवहार वरना दर्ज होगा मुकदमा

## संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत पर सीडीओ ने लगाई फटकार

**फतेहपुर, बाराबंकी**

**अमृत विचारः** तहसील सभागार में चल रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विद्युत विभाग के एसडीओ के कार्य व्यवहार की शिकायत की गई। जिस पर सीडीओ अन्ना सूदन ने एसडीओ को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी की यदि कार्यशैली में सुधार नहीं किया गया तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। कस्बे के मोहल्ला देवकालिया निवासी मनोज कुमार की राजा बाजार में दुकान है। उसने दुकान पर दो किलो वाट का कमर्शियल कनेक्शन करा रखा है। समाधान दिवस में मनोज जब सीडीओ के पास अपनी शिकायत लेकर पहुंचा। उसने कहा कि मीटर खराब होने की सूचना कई बार विभाग को दी गई। आरोप है कि जब वह एसडीओ शंभूनाथ के पास पहुंचा तो उसको कार्यालय से भगा दिया गया। यह सुनकर सीडीओ का पारा चढ़ गया। उन्होंने एसडीओ से कहा कि कार्यालय पर आने वाले फरियादियों से सही से पेश आए और कार्यशैली को दुरुस्त करें अन्यथा कार्यवाही के साथ केस दर्ज कराया जाएगा। इस दौरान अधिकारियों के समक्ष 121 शिकायतें आईं जिसमे मात्र चार मामलो का मौके पर निस्तारण किया जा सका। इस मौके पर एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा, तहसीलदार वैशाली अहलावत, सीओ बीनू सिंह समेत सभी अधिकारी मौजूद थे।



तहसील दिवस में समस्या सुनतीं एसडीएम प्रीति सिंह। अमृत विचार



समाधान दिवस में समस्याएं सुनते मुख्य विकास अधिकारी। अमृत विचार

### 45 में मात्र तीन मामलों का निस्तारण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील सिरौली गौसपुर के पारिजात सभागार में उपजिलाधिकारी प्रीती सिंह की अध्यक्षता व तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा के संयोजन मे संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। जिसमें कुल 45 मामले आए। तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक राजस्व 18, पुलिस के तीन, विकास विभाग नौ, विद्युत विभाग एक, आपूर्ति विभाग चार, वन विभाग दो, कृषि विभाग एक, बाल विकास के तीन, समाज कल्याण के दो, एलडीएम के एक, पीडब्ल्यूडी के एक मामले को मिलाकर के कुल 45 मामले आए। जिसमें राजस्व के तीन मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस मौके पर बीडीओ अदिति श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय श्वेताभ सिंह, अनुज कुमार सिंह पूर्ति निरीक्षक, अर्चना वर्मा बाल विकास परियोजना, डाक्टर संतोष सिंह, एडीओ समाज कल्याण अभिषेक कुमार के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सूचना दिए बगैर करा लिया चुनाव

**बाराबंकी, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश कोषागार कर्मचारी उपसंघ के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि 21 सितंबर को अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के कोषागार के कुछ सेवानिवृत्ति व कर्मियों द्वारा उपसंघ का चुनाव दर्शाया है। जबकि उपसंघ का अध्यक्ष होने के कारण मेरी अध्यक्षता में चुनाव होने चाहिए। लेकिन अधिसंख्य असहमत साथियों द्वारा मुझे जानकारी बाद में दी गई। चुनाव मेरे साथियों की गैरहाजिरी में दर्शाये गए हैं। इसलिए उपसंघ का अध्यक्ष होने के अधिकार से इस चुनाव को अवैध घोषित किया जाता है। उपसंघ के चुनाव एक माह बाद प्रांतीय नेतृत्व की सुविधा से निर्धारित तिथि पर होगा।

# चोरी में असफल होने पर युवक पर चाकू से हमला, एक की मौत

**सतरिख, बाराबंकी**

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के एक गांव में चोरी में असफल होने पर एक युवक पर चोरों ने चाकू से हमला कर दिया। वहीं एक अन्य गांव में संदिग्धों को पकड़ने निकले ग्रामीणों के शोर शराबे के बीच एक युवक की मौत हो गई। आशंका है कि अत्यधिक शोर व घबराहट में युवक को हार्ट अटैक पड़ गया।

जैदपुर थाना क्षेत्र के पाटमऊ मजरे धरतीकापुरवा गांव में शुक्रवार की रात चोरो का चोरी के इरादे से गांव में दाखिल हुआ। यह गैंग अयूब के घर के पास पहुंचा। उसी दौरान अयूब का पुत्र मोहम्मद आलम घर के पास बने शौचालय से निकल ही रहा था कि चोरो को आहट मिल गई और भागने की कोशिश करने लगे। मोहम्मद आलम ने शोर मचाना शुरु कर दिया, एक चोर ने मोहम्मद आलम के हाथ पर चाकू मार दिया फिर सब फरार हो गए। घायल को रात में ही निजी चिकित्सक के पास ले जाकर उपचार कराया। ग्रामीणों के अनुसार चोरो का गैंग एक झोला लिए हुए था। सतरिख थाना क्षेत्र के भनौली गांव में भी शुक्रवार की रात चोरो ने गांव के ही जमील के घर चोरी करने का प्रयास किया, उसी दौरान कुछ लोगो को आहट मिल गई तो चीख पुकार मचाना शुरु कर दिया। ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंच गई, उनकी चीख पुकार और शोरगुल के बीच गोविंद रावत का पुत्र सौरभ रावत जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जैदपुर थानाध्यक्ष अमित प्रताप सिंह के अनुसार है कि चाकू मारने की सूचना गलत है। फिर भी जांच की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक सतरिख अमर कुमार चौरसिया का कहना है कि भनौली गांव में किसी घटना की जानकारी नहीं है। उधर, इस मामले में सीओ सदर हर्षित चौहान का कहना है कि दोनों घटनाओं की जानकारी मुझे नहीं है। अपने स्तर से जांच कराऊंगा। जांच के बाद कुछ भी साक्ष्य मिलते हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

# पानी भरे गड्ढे में मिला खेलने निकले बच्चे का शव

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचारः** घर से साइकिल लेकर निकला आठ साल का बच्चा अचानक लापता हो गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के सहारे तलाश की तो उसकी साइकिल व शव पानी से भरे गड्ढे में पड़ा मिला। आशंका है कि बच्चे की पानी में काफी देर तक पड़े रहने से मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली के बड़ेल मोहल्ला निवासी लवकुश का आठ वर्षीय पुत्र आयुष शुक्रवार की शाम छह बजे खेलने के लिए साइकिल लेकर घर से निकला था लेकिन वह नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी। बच्चे के अपहरण की आशंका को देखते हुए पुलिस सक्रिय हो गई, इसके बाद भी आयुष का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस ने एक घर में लगे सीसीटीवी की फुटेज चेक की तो आयुष साइकिल से जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने उसी दिशा में तलाश शुरू की तो कुछ दूरी पर एक गड्ढा दिखा। शक दूर करने के लिए पुलिस ने उस गड्ढे में डंडा डाला तो साइकिल से डंडा टकरा गया। इससे उनकी शंका बढ़ गई। पुलिस ने लोगों की मदद से शव निकलवाया।

## सार-संक्षेप

### गन्ना समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित



बैठक के दौरान समिति परिसर में मौजूद लोग। अमृत विचार

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति दरियाबाद में सामान्य निकाय की बैठक समिति परिसर में हुई। इसमें सामान्य निकाय के सदस्य जनप्रतिनिधि, संचालक सदस्य, गन्ना किसान एवं चीनी मिल के प्रतिनिधि, समिति के सचिव आदि ने प्रतिभाग किया। बैठक में गन्ना सुरछ्ण प्रस्ताव, अवैध उतराई व घटतौली रोकने, समिति का बजट एवं आय-व्यय के साथ नए केंद्र खोलने आदि को लेकर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से प्रस्ताव किसान हित एवं जनहित में पारित किया गया।

### स्वच्छता समाज के लिए जरूरी



संगोष्ठी को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. सीताराम सिंह। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज में स्वच्छता एक विमर्श विषय पर शनिवार को प्राचार्य डॉ. सीताराम सिंह के निर्देशन में संगोष्ठी हुई। उन्होंने कहा स्वच्छता समाज की आवश्यकता है। स्वच्छता के दो रूप हैं। पहला व्यक्तिगत अथवा शारीरिक और दूसरा सार्वजनिक अथवा सामाजिक। ये दोनों ही व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए जरूरी हैं। इस मौके पर प्रो. अमित कुमार, डॉ. अनुराग कृष्ण याद, डॉ. नंदकुमार और मानव सिंह रहे।

### चेयरमैन ने लिया विकास कार्यों का जायजा



इंटरलॉकिंग कार्य का निरीक्षण करते चेयरमैन। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** नपं अध्यक्ष रामशरण पाठक व अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार खरवार ने कस्बे में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। शनिवार को नगर अध्यक्ष व ईओ ने नपं रामनगर के वार्ड धमेड़ी दो में चल रहे इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निर्माण में प्रयोग की जा रही ईंट इत्यादि का अवलोकन किया। इस मौके पर राजेश शुक्ला, दयाशंकर तिवारी, रामकरण शर्मा, संजय शुक्ला और पंकज पाठक आदि मौजूद रहे।

### अलग-अलग मामलों में वांछित गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग मामलों में वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना मसौली पुलिस ने बबलूराम निवासी चकला मजरे मसौली, कांती निवासी कटरा कस्बा को गिरफ्तार किया। दरियाबाद पुलिस टीम ने जितेन्द्र कुमार वर्मा निवासी ग्राम बबूआपुर मजरे अलियाबाद को पकड़ा है। कोतवाली नगर पुलिस ने अनुज निवासी ग्राम परसइया थाना महिगंवा लखनऊ व असंद्रा पुलिस ने शिवनाथ यादव निवासी ग्राम घटमापुर मजरे सूर्यपुर को मानपुर मकोहिया तिराहे के पास गिरफ्तार किया।

### रोजगार मेले में 111 युवाओं का हुआ चयन

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें निजी क्षेत्र के आठ नियोजकों ने प्रतिभाग कर 218 में से 111 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया।

### स्वच्छता के प्रति दिलाई गई शपथ

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** पीएम मोदी द्वारा 17 सितंबर से एक अक्टूबर तक मनाए जा रहे कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा में शनिवार को ग्रापं नानमऊ हरख में जागो री जागो संस्था ने किशोरियों व महिलाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। संस्था की शाइस्ता अख्तर ने सभी को शपथ दिलाई गई। मनीष मेहरोत्रा ने किशोरियों, महिलाओं को अपने घर और आसपास को स्वच्छ बनाए रखने, बाहर शौच न जाने की सलाह दी। संस्था प्रमुख चंद्र प्रकाश ने गंदगी करेंगे, न करने देंगे का नारा लगवाकर जागरूक किया। इस मौके पर अनुपमा, जरीन, मोनी आदि मौजूद रहीं।

### समिति ने वितरित किए पुरस्कार



कार्यक्रम की शुरुआत करतीं राजकुमारी मौर्या। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री विघ्नहर्ता सेवा समिति बाराबंकी द्वारा गणेश महोत्सव का कार्यक्रम नगरपालिका परिषद में सात, आठ और नौ सितंबर को हुआ था। इसका पुरस्कार वितरण कार्यक्रम शनिवार को कैलाश आश्रम मंदिर प्रांगण में हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री राजकुमारी मौर्य पहुंचीं। उन्होंने बच्चों को पुरस्कार वितरित किया। समिति के प्रबंधक विकास भोले की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष डॉली मिश्रा, संस्थापक सर्वेश कुमार, मानसी कुमारी, अंजलि सोनी, रितिक गुप्ता, अमन यादव, नमन साहू और यश रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



तैयारियों का जायजा लेते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

### सीएम के दौरे को लेकर डीएम ने परखी तैयारी

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद में प्रस्तावित आगमन के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 24 सितंबर को कलेक्ट्रेट के निकट विजय उद्यान पार्क में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की मूर्ति का अनावरण और राजकीय इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में जनसभा को संबोधित करने के मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने स्टेडियम, विजय उद्यान व ऑडिटोरियम स्थल पहुंचकर प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों के विषय में सम्बंधित अधिकारियों से फीडबैक प्राप्त किया और आवश्यक निर्देश दिए।

# अब सीमित दायरे में ही लगेगा सट्टी बाजार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** सट्टी बाजार के लिए नई जगह की तलाश पूरी नहीं हो सकी। आखिरकार यह बाजार अपने पुराने दौर में लौट आई है और शहर के भीतर नये नियम के तहत लगेगी। अगले शुक्रवार से बाजार में रौनक फिर से लौट आएगी।



शुक्रवार को सुचारू रहा आवागमन। अमृत विचार

बताते चलें कि घंटाघर से फजर्लुरहमान पार्क के आगे व पुलिया से डा रफी मार्ग पर सट्टीबाजार लगती चली आ रही थी। समय बीतने के साथ ही दुकानदारों की संख्या बढ़ी और यह बाजार सरक कर धनोखर चौराहे तक आ गई। इस बाजार में होने वाली भीड़ से मुख्य मार्ग से दोपहिया चौपहिया वाहन, आपात वाहन व स्कूली छात्राओं का निकलना दूभर हो गया। शुक्रवार को बाजार के दिन आम नागरिक इस सड़क से होकर निकलने से बचने लगा। शिकायतें पहले से थीं वहीं सट्टी बाजार को अन्यत्र ले जाने पर मंथन भी चल रहा था। वह वक्त आया और एसडीएम आर जगत साईं, सीओ सुमित त्रिपाठी की अगुवाई में प्रशासन की टीम ने बाजार का भ्रमण किया। इसके बाद व्यापारी संगठनों की प्रशासन से वार्ता हुई, जहां नई जगहों के सुझाव दिए गए। आखिर में दोबारा हुई बैठक में निर्णय हुआ कि शुक्रवार को धनोखर चौराहे से घंटाघर के आगे जायसवाल मार्केट तक बाजार व ठेला नहीं लगेगा। सभी ठेला सिटी इंटर कालेज के पास जाएंगे व दुकानदार जायसवाल मार्केट आगे फजर्लुरहमान पार्क तक रहेंगे। उपजिलाधिकारी नवाबगंज आर जगत साईं ने बताया कि दोबारा हुई वार्ता में आम सहमति बन गई है। निर्धारित की गई जगह पर ही बाजार लगेगा।

### स्थायी दुकानदारों को भी मिले चेतावनी

सट्टी बाजार के लंबी दूरी तक फैलने के लिए स्थायी दुकानदार भी कम जिम्मेदार नही हैं। पटरी पर बैठने वाले दुकानदार शुक्रवार को किराया तय कर अपनी दुकान लगाते थे। रात में बाजार खत्म होने से पहले स्थायी दुकानदारों को तय धनराशि अदाकर ही पटरी दुकानदार हटते। इसकी वजह से भी बाजार का दायरा बढ़ता चला गया और सट्टी बाजार तो भीड़ की वजह से जानी ही जाती है। जिला प्रशासन को इन स्थायी दुकानदारों को भी चेतावनी जारी होनी चाहिए।

# शौचालय आवंटन में धांधली

**सतरिख, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत शौचालय के आवंटन में अनियमितताएं बरती गई हैं। अपात्र को पात्र बनाकर शौचालय का आवंटन कर दिया गया है। कुछ ग्रामीणों ने शनिवार को डीएम से इसकी शिकायत की। डीपीआरओ ने जांच के बाद रिकवरी की बात कही है।

विखं हरख के करौंदी कला ग्रापं में शौचालय का लाभ पाने को लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। जांच के बाद शौचालय का लाभ देने की प्रक्रिया पूरी हो जाती है। करौंदी कला में सबीना, हसीब, यासमीन, शबनम, तथा नाजिया ने भी आवेदन किया था। कुछ लोगों को शौचालय का लाभ दिया गया। सबीना के पति हमजा को 2018 में शौचालय का लाभ दिया जा चुका है। छह वर्ष बाद उसकी पत्नी को भी शौचालय का लाभ दे दिया गया। निर्माण के लिए छह हजार रुपये की पहली किस्त उसके खाते में भेज दी गई। आठ अन्य लोगों के खाते में शौचालय की पहली किस्त भेजी जा चुकी है। लेकिन निर्माण अभी तक किसी ने शुरू नहीं कराया है। एक व्यक्ति शौचालय बनवाने के बजाय पक्के टैंक का निर्माण कर रहा है। अनिल कुमार गोस्वामी का आरोप है कि प्रधान व पंचायत सचिव द्वारा पात्र को अपात्र घोषित कर सूची से नाम गायब कर दिया गया है जबकी अपात्र को पात्र बना कर कई बार शौचायलयों का लाभ दे दिया गया है। उधर, इस मामले में डीपीआरओ नितेश भोंडेले ने बताया कि शौचालय निर्माण आवंटन की लिस्ट एडीओ पंचायत को दी जाती है। ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव द्वारा लिस्ट का वेरिफिकेशन किया जाता है। शौचालय निर्माण में यदि धांधली की गई है तो ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव पूर्णतया जिम्मेदार हैं। जांच कराकर जिम्मेदारों से रिकवरी की जाएगी।

# डीसीएम पलटी, दबने से एक मजदूर की मौत

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचारः** मोबाइल टावर बनाने का सामान लेकर जा रही डीसीएम के पलटने से उसमें सवार दो मजदूर नीचे दब गये। हादसे में एक की मौके पर मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे मजदूर का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। सामान लेकर बहराइच जा रही डीसीएम सफदरगंज ईदगाह के निकट खाई में पलट गई। वाहन पर सवार 26 वर्षीय राजकुमार व 22 वर्षीय दुर्गेश उसके नीचे दब गये। अस्पताल ले जाते समय राजकुमार की मौत हो गई। वहीं दूसरे मजदूर दुर्गेश का उपचार चल रहा है। हादसे के बाद डीसीएम चालक कल्लू राम वर्मा निवासी महमूदाबाद जनपद सीतापुर वाहन छोड़ कर फरार हो गया। सफदरगंज पुलिस ने मृतक राजकुमार का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही दुर्घटना मे गंभीर रूप से घायल दुर्गेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की वजह डीसीएम का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है।





बाढ़ पीड़ितों को राहत किट बांटते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

### राज्यमंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने शनिवार को रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र ग्राम टिकरी, कोइलावर, ढेमा, गुनौली, जलालपुर के 1200 पीड़ितों में बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया। राज्य मंत्री ने एसडीएम राम आसरे वर्मा को निर्देश दिये कि शेष सभी पीड़ितों की सूची बनवाकर उनके बीच राहत सामग्री वितरित कराई जाए। साथ ही राज्यमंत्री ने प्रशासन स्तर से मिल रही सुविधाओं के बारे मे जानकारी ली। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह मिण्टू, प्रधान बब्बन द्विवेदी, सीओ जटाशंकर मिश्रा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



रेलवे पुल पर फंसे ट्रक के चलते लगा जाम। अमृत विचार

### रेलवे पुल पर पड़ी गिट्टियों में फंसा ट्रक, लगा जाम

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर मार्ग स्थित रेलवे पुल पर डाले गए रोड़ों में एक ट्रक फंस जाने से आवागमन ठप हो गया। मार्ग से गुजरने वाले राहगीर व बच्चे दो घंटे से अधिक जाम के झाम से जूझते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक बाहर निकलवाया तब यातायात बहाल हो सका। रेलवे पुल पर रेलवे विभाग द्वारा गड्ढों को भरने के लिए एक फिट ऊंचे रोड़े डालकर छोड़ दिया गया है। शनिवार को एक लोडेड ट्रक बीचों-बीच पुल पर फंस गया। जिससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। पुल संकरा होने के चलते दो पहिया व साइकिल से निकलने वाले स्कूली बच्चे व राहगीर जाम में फंसे रहे। पुलिस ने ट्रक बाहर निकलवाया। इसके बाद वाहनों का आवागमन शुरू करवाया। रेलवे की उदासीनता के चलते इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीर परेशान रहे। रेलवे के वरिष्ठ खंड अभियंता कार्य बादशाह नगर मनोहर कुमार ने बताया कि पुल पर गड्ढों को भरने के लिए काम चल रहा है। जल्द ही मरम्मती करण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## शादी से किया इंकार तो फंदे से लटका

**फतेहपुर, अमृत विचारः** प्रेमिका के शादी से इंकार करने पर युवक ने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहा उसका उपचार कर चिकित्सक ने घर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ग्राम कैथा निवासी छोटू का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने युवती से विवाह करने का प्रस्ताव रखा लेकिन युवती ने विवाह करने से साफ इंकार कर दिया। जिसके बाद छोटू घर पहुंचा और कमरे का दरवाजा बंद कर फासी का फंदा बनाकर लटक गया। चीख सुनकर परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से नीचे उतारकर सीएचसी लाया गया।

# भाजपा सरकार में बेटियां सुरक्षित नहींः तनुज

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचारः** भाजपा सरकार में गरीब, बहन और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। ये बात सांसद तनुज पुनिया ने शनिवार को विस क्षेत्र रामनगर के रामनगर व सिरौलीगौसपुर में कही। उन्होंने कहा सत्ता का संरक्षण प्राप्त दबंग खुलेआम लोगों का घर जला रहे हैं। पीएम हो रहे जुल्म पर मौन हैं। बिहार के नवादा में एक टोला पर दबंगों ने कहर बरपाकर सौ घर जला दिए। गरीब, किसानों, नौजवानों, बहन और बेटियों के सम्मान की रक्षा सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है। कांग्रेस की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को मजबूत बना हर जुल्म की आवाज के खिलाफ खड़े होकर भाजपा सरकार को विदा करना होगा। आपका मान सम्मान सुरक्षित रहे इसके लिए आपके नेता राहुल गांधी आपकी लड़ाई लड़ रहे हैं। आज के इस ऐतिहासिक स्वागत में जो आपका जोश और ऊर्जा है उसी जोश और ऊर्जा के सहारे आगे के चुनाव की लंबी लड़ाई इंडिया गठबंधन के साथियों के साथ मिलकर जीतनी है। इस दौरान सांसद तनुज पुनिया का विकासखंड रामनगर के बिंदौरा, रानीबजार, रामनगर सपा कार्यालय, फतेहपुर मोड़, केडी खान की दुकान के सामने, भरसवां मोड़, सिलौटा मोड़, कटका और सिरौलीगौसपुर विकासखण्ड में नथुना पुल, मरकामऊ, बदोसरांय, बरौलिया और मदारपुर में भव्य स्वागत हुआ। उसके बाद तनुज पुनिया ने कोटवाधाम में बड़े बाबा के दर्शन किये।



सांसद तनुज पुनिया का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

## एक नजर

### स्ट्रे वैकेंसी राउंड में दाखिला न लेने पर अगली काउंसिलिंग में होंगे प्रतिबन्धित

**नीट पीजी**

**अमृत विचार,लखनऊ :** नीट पीजी अंतर्गत स्ट्रे वैकेंसी राउंड में सीट आवंटन होने के बाद अगर अभ्यर्थी ने मेडिकल कॉलेजों में दाखिला नहीं लिया तो उसकी सेक्यूरिटी राशि जब्त होगी। साथ ही अगले साल होने वाली नीट पीजी 2024-25 में प्रस्तावित काउंसिलिंग में भी प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने उक्त चेतावनी के साथ शनिवार को इस साल दाखिला न लेने वाले 81 अभ्यर्थियों की सूची जारी की है।

### दूसरी काउंसिलिंग में देनी होगी प्राथमिकताएं

**नीट यूजी**

**अमृत विचार,लखनऊ :** नीट यूजी में पहले चरण की काउंसिलिंग में सीट पाने के बाद अगर, कोई अभ्यर्थी कॉलेज बदलना चाहता है तो उसे दूसरे चरण की काउंसिलिंग में उक्त कॉलेज को छोड़कर प्राथमिकता देनी होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने स्पष्ट किया है कि अगर अभ्यर्थी द्वारा आवंटित सीट संबन्धी कॉलेज को पुन: प्राथमिकता में शामिल किया और वह सीट किसी अन्य को आवंटित हो जाती है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी को नोडल सेंटर पर उपस्थित होकर पुन: पूर्व की भांति प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### बिजली कनेक्शन चार्ज मामले में हस्तक्षेप करे सरकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** नए बिजली कनेक्शन के प्रस्ताव को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के बीच छिड़ा विवाद बढ़ता जा रहा है। परिषद ने राज्य सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि कॉरपोरेशन ने 40 मीटर की परिधि में गरीब जनता की कनेक्शन की दरों में 100 प्रतिशत से अधिक वृद्धि का प्रस्ताव भेजा है, इसे तत्काल वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य विद्युत नियामक आयोग की सप्लाई कोड रिव्यू पैनल की बैठक में इस मुद्दे को उठाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विद्युतीकृत क्षेत्र में 90 प्रतिशत नए बिजली कनेक्शन दो किलोवाट के उपभोक्ताओं के होते हैं, ऐसे में गरीब लोगों के हितों के विपरीत जाकर प्रस्ताव आयोग में दाखिल किया गया है।

### अपराधियों के 10 और गिरोहों की हुई पहचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ जोन के सभी 10 जनपदों में सक्रिय हुए अपराधियों के 10 गिरोहों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही इन गैंगों को सुचीबद्ध कर इनके खिलाफ कार्रवाई शुरू करने का फैसला लिया गया है। इनके संचालकों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है।

# फार्मेसी के पंजीकरण में लगाए फर्जी दस्तावेज, 50 पर रिपोर्ट

## आवेदन पत्रों की जांच में हुआ खुलासा, कई पंजीयन निरस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** फर्मेसी के पंजीकरण में फर्जीवाड़ा सामने आया है। लाइसेंस के पंजीकरण के लिए जमा किए 50 आवेदनपत्र में फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र लगाए गए थे। दस्तावेजों की जांच में हुए इस खुलासे के बाद जारी किए गए कई पंजीकरण पत्र निरस्त कर दिए गए है। वहीं कई पर रोक लगा दी गई है। इस मामले में उत्तर प्रदेश फार्मेसी कांउसिल के रजिस्ट्रार डॉ. भानु प्रताप सिंह ने इस मामले में 50 आवेदकों के खिलाफ गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. भानु प्रताप सिंह ने बताया कि डिप्लोमा एवं डिग्री धारक फार्मेसी के आनलाइन आवेदनों में फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल में जानकारी मिलने पर जांच कराई गई। जांच में 50 आवेदकों के प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए। इसकी पुष्टि संबंधित शैक्षिक संस्थान ने भी की । प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक मामला दर्ज कर लिया गया है।

### इनके प्रमाणपत्र मिले फर्जी

बलरामपुर के कान्यान नगर निवासी बृजमोहन पांडेय, गोरखपुर के गीडा बहरामपुर के सुधीर कुमार, सोनबरसा के अनिल कुमार गुप्ता, बख्तियार पुरवा के सलमान मंजर, महाराजगंज सिविल लाइन के मुकेश कुमार शर्मा, बुलंदशहर के बामनपुर जहांगीराबाद पुष्पेंद्र शर्मा, खुर्जा के इकताजपुर उर्फ सीकरा निवासी मोहित सोलंकी, सिकंदराबाद के सरफराज,गाजियाबाद के प्रकाशनगर खोरा कालोनी के आदित्य सिंह, बागपत के टेडा सिंधावली अहीर के शुभन पवार, गौतमबुधनगर बन्नी सराय मगरौली रोड जेवर के योगेश सिंह, बिजनौर के धामपुर माजुमपुर जैतरा के अजय कुमार , कानपुर नगर गुजैनी उद्योग नगर के देवेंद्र सिंह, गोविंदनगर संजय नगर के राजेश साहू, बर्रा विश्वबैंक के अखिलेश शर्मा, बर्रा की शिवानी सचान, मोटा खम्भा सलामा होम मिशन रोड की हिबा फुरकान, विश्वबैंक कालोनी के शैलेंद्र सिंह, हमीरपुर उरई के वेस्ट टोरस के शुभ ओमर, बांदा के कटरा नुनिया मोहाल के सुमित गुप्ता, बरूआ सोडा नारायणी के आलोक, सिद्धार्थनगर उसका बाजार खाखी मानी के रवि शर्मा, बरहनी वार्ड के अखिलेश्वर लाल श्रीवास्तव, संतकबीरनगर दुधारा के महेंद्र, बरहनी वार्ड के अखिलेश्वर लाल श्रीवास्तव, बलिया के सिरोही डीह के अभिनय, उन्नाव भगवंतनगर के महेश कुमार, सुल्तानपुर पीरसोराय धनपतगंज के विनय कुमार, शाहजहांपुर हुंडई खेल शाहजहापुर के हर्ष गुप्ता, पीलीभीत खेरी शामपुरा नगर के दीपक कुमार गुप्ता, बदायूं सैम्सपुरा मलिक के मुनेंद्र, रायबरेली मैनपुर शिसानी के दिलीप कुमार, प्रतापगढ़ आशापुर जैठवारा के गनानंद निर्मल, पुरे कुर्मिन किशुनगढ़ की साधना वर्मा, कौशांबी मोहब्बतपुर सिराथू के शिवचंदन कुमार, अमेठी तोपखाना रायपुर के मोहम्मद अली, बरेली सहोरा के यशपाल सैनी, फुलासी अनोला के पृथ्वी राज कश्यप, मीरखान बाबरनगर मीरगंज के सद्दाम हुसैन, सहारनपुर नल्हेदा के दीपक रोहेला, लखनऊ रहीमाबाद मुअज्जमनगर ओमकार मौर्या, बहराइच सलारगज के मो . जुनैद किदवई, बहराइच बसीरतगंज उठानी के आनंद कुमार यादव, श्रावस्ती कान्कनडू के नंदकिशोर वर्मा, निरंकार वर्मा, मनीष कुमार वर्मा, सिमेरा के पवन कुमार, गिलौली के साहबदीन, सरदापुर पूरे अंधियारी के प्रवेश कुमार वर्मा, कुशीनगर विजयपुर के सीताराम कुशवाहा, बैजनाथपुर मतिहा नारायणपुर की अर्तुन्निशा।

# श्रमिकों को इजराइल में रोजगार का एक और मौका

## फेम वर्क-शटरिंग कारपेंटर और सिरेमिक टाइल्स श्रमिकों के लिए संगम पोर्टल पर पंजीकरण शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ चयनित श्रमिकों को 1,37,500 रुपये वेतनमान पर दो वर्षों के लिए मिलेगा रोजगार

**अमृत विचार :** प्रदेश के कुशल निर्माण श्रमिकों को इजराइल में रोजगार का एक और मौका मिलेगा। चयनित निर्माण श्रमिकों को 1,37,500 रुपए वेतनमान पर दो वर्ष के लिए रोजगार उपलब्ध होगा। फेम वर्क-शटरिंग कारपेंटर व सिरेमिक टाइल श्रमिकों के लिए संगम पोर्टल पर पंजीकरण शुरू गया है।

शासन के अधिकारियों के अनुसार पिछले दिनों इजराइल से निर्माण श्रमिकों की मांग हुई थी, अब दोबारा और श्रमिकों की मांग आ रही है। भारत व इजराइल के बीच हुए समझौते के तहत उत्तर प्रदेश के फेम वर्क-शटरिंग कारपेंटर व सिरेमिक टाइल श्रमिकों को इजराइल भेजा जाएगा। श्रमिकों को कम से कम दो साल की सेवा का अवसर मिलेगा। इसके अलावा श्रमिकों को बीमा कवर व अनुभव प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

अधिकारियों ने बताया कि आवेदक की उम्र 25 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उसके पास कम से कम तीन वर्ष की वैधता का पासपोर्ट होना चाहिए। साथ ही, संबंधित ट्रेड में कम से कम तीन वर्ष का कार्य अनुभव भी अनिवार्य है। इसके अलावा इजराइल में पूर्व में कार्य न किए जाने की भी अर्हता में शामिल है।

### पीआईबीए लेगी श्रमिकों की परीक्षा

इजराइल की पॉपुलेशन, इमीग्रेशन और बॉर्डर अथॉरिटी (पीआईबीए) श्रमिकों के चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। पहले चरण में श्रमिकों के अंग्रेजी भाषा के ज्ञान का मूल्यांकन किया जाएगा। यह मूल्यांकन जिले के नोडल अधिकारी आईटीआई के प्रधानाचार्य और जिला रोजगार सहायता अधिकारी की ओर से किया जाएगा। यह प्री-स्क्रीनिंग प्रक्रिया श्रमिकों को इजराइल भेजने के लिए पहला कदम होगी। प्री-स्क्रीनिंग में सफल होने वाले श्रमिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद इजराइल की संस्था पीआईबीए की ओर से व्यवसायिक कौशल परीक्षण आयोजित की जाएगी। इस परीक्षण में सफल श्रमिकों का पुलिस वेरिफिकेशन और मेडिकल परीक्षण होगा।

## 1 अक्टूबर से शुरू होगी धान की खरीद

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू होगी। धान की खरीद को लेकर राज्य सरकार ने तैयारी पूरी कर ली है।

शासन के अधिकारियों के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक अक्टूबर से खरीद होगी, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक नवंबर से धान खरीद शुरू होगी। लखनऊ संभाग के जिलों में अलग-अलग तारीखों में धान खरीद होगी। अधिकारियों ने बताया कि धान किसानों का पंजीकरण कार्य बीती एक सितंबर से शुरू हो चुका है। अब तक लगभग 18 हजार किसान पंजीकरण करा चुके हैं।

अधिकारियों ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में किसानों से धान बिक्री के लिए 3411 क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपए व ग्रेड ए के धान का समर्थन मूल्य 2320 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित है। मालूम हो कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान उत्पादन का क्षेत्रफल 61.24 लाख हेक्टेयर है। इस साल धान का उत्पादन 265.54 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान लगाया गया है।

## 4 जिलों में नवनिर्मित सीएचसी शुरू करने के लिए बजट जारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** चार जिलों में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) को संचालित करने के लिए राज्य सरकार ने 2.77 करोड़ का बजट जारी किया है।

स्वास्थ्य विभाग में विशेष सचिव अर्चना वर्मा के अनुसार गाजीपुर में नवनिर्मित यथा-मरदह सीएचसी , प्रतापगढ़ में जामताली सीएचसी, बलिया में चितवढ़ागांव और कानपुर देहात में नवनिर्मित मैथा सीएचसी के लिए बजट जारी किया गया है। हर अस्पताल को उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 69 लाख 33 हजार रुपये अलग से दिए जाएंगे।

### अल्ट्रासाउंड और सी आर्म मशीन के लिए राशि जारी

राजधानी में डॉ .श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय (सिविल अस्पताल) में अल्ट्रासाउंड मशीन खरीदने के लिए शासन ने 15 लाख रुपये जारी किए हैं। वहीं बाराबंकी में 100 शैय्या वाले चिकित्सालय सिरौली गौसपुर में सी आर्म मशीन के लिए 18 लाख 26 हजार रुपये जारी किए गए हैं।

## आंध्र प्रदेश से आए गोवंश को योगी ने दिया भवानी और भोलू नाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** आंध्र प्रदेश के येलेश्वरम स्थित गोशाला से गोरखनाथ मंदिर लाए गए नादिपथि मिनिएचर नस्ल (पुंगनूर नस्ल की नवोन्नत ब्रीड) के गोवंश एक बछिया और एक बछड़ा का शनिवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नामकरण किया। उन्होंने बछिया का नाम भवानी रखा है तो बछड़े का नाम भोलू। मंदिर की गोशाला में दक्षिण से आए गोवंश की इस जोड़ी को उन्होंने खूब दुलारा। मुख्यमंत्री के स्नेह से मात्र दो दिन में गोवंश उनसे पूरी तरह अपनत्व भाव से जुड़ गए हैं।

## लखनऊ के सहायक आयुक्त खाद्य को मिला अयोध्या का प्रभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मुख्यालय लखनऊ में तैनात सहायक आयुक्त (औषधि) सुनील कुमार को अयोध्या मंडल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वहीं राजस्व परिषद ने 7 तहसीलदारों का तबादला किया है।

**सात तहसीलदार भी बदले**

राजस्व परिषद के आदेश के अनुसार सुदीप कुमार को अमरोहा से मुरादाबाद, सुमित कुमार सिंह को कुशीनगर से अयोध्या, घासी राम को बलरामपुर से मैनपुरी, अनिल कुमार पाठक को रायबरेली से प्रयागराज, विनय कुमार बरनवाल को नोएडा से प्रयागराज का तहसीलदार बनाया गया है। अंबेडकरनगर के तहसीलदार को नागरिक उड्डयन निदेशालय लखनऊ सहायक निदेशक के पद पर प्रतिनियुक्ति दी गई है। वहीं उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण कानपुर में तैनात निखिलेश कुमार को अंबेडकरनगर का तहसीलदार बनाया गया है।

## प्राइमरी के बच्चों का गणित व अक्षर ज्ञान परखेगी सीएसएफ

**अमृत विचार,लखनऊ :** निपुण भारत मिशन के तहत परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में कक्षा दो तक के बच्चों को दिए जाने वाले भाषा व गणित के ज्ञान की हकीकत जांची जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने इसके लिए सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन (सीएसएफ) संस्था से एमओयू किया है।

पहले चरण में संस्था सीतापुर, गोरखपुर व अलीगढ़ के सभी विकासखंडों के परिषदीय प्राथमिक स्कूलों का मूल्यांकन करेगी। जहां 80 प्रतिशत छात्र गणित और भाषा के मानकों पर बेहतर होंगे उन स्कूलों को निपुण विद्यालय घोषित किया जाएगा। विद्यालय को 25 हजार रुपये का पुरस्कार मिलेगा जिसे प्रधानाध्यापक विद्यालय हित में खर्च कर सकेगा।

# अब स्टाफ नर्स होंगी नर्सिंग अधिकारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▶▶ राज्य सरकार ने दी नर्सिंग संवर्ग के दो पदनाम बदलने की सहमति, आदेश जारी

**अमृत विचार :** राज्य के मेडिकल कॉलेजों में और सरकारी अस्पतालों में सेवाएं देनी वाली नर्सिंग सिस्टर, सीनियर नर्सिंग अधिकारी और स्टाफ नर्स को नर्सिंग अधिकारी के रूप में जाना जाएगा। केन्द्र सरकार के बाद शनिवार को राज्य सरकार ने ऑल इंडिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन की मांग पर नर्सिंग संवर्ग के दो पदनाम बदलने की सहमति प्रदान करते हुए आदेश जारी कर दिया है।

फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग वर्मा ने बताया कि नर्सिंग संवर्ग में छह पदनाम पर नर्सेस सेवाएं प्रदान करती हैं, अब प्रदेश के सभी अस्पतालों में पदनाम समान हो गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार की भांति, नर्सिंग अधिकारी के पद पर भर्ती के लिए नर्सिंग में बीएससी (ऑनर्स) के साथ छह माह का अनुभव या नर्सिंग डिप्लोमा के साथ ढाई साल का अनुभव मांगा गया है। राजकीय नर्सेस संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार ने नर्सेज पद नाम बदलने पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे नर्सेज का सम्मान बढ़ेगा।

# रंगनाथ मिश्रा केस में ईडी ने लगाई एफआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ आय से अधिक संपत्ति मामले में चल रही थी जांच

**अमृत विचार :** बसपा सरकार में मंत्री रहे रंगनाथ मिश्रा को ईडी से राहत मिल गई है। लखनऊ हाईकोर्ट बेंच की टिप्पणी के बाद ईडी ने रंगनाथ के खिलाफ चल रहे केस में फाइनल रिपोर्ट लगा दी। ईडी की तरफ से रंगनाथ मिश्रा को क्लीनचिट मिल गई।

बता दें कि 2012 में रंगनाथ मिश्रा पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में केस दर्ज कराया गया था। इसके बाद रंगनाथ मिश्रा ने कोर्ट में चुनौती दी थी। सितंबर 2021 में कोर्ट ने उन्हें सभी आरोपों से दोषमुक्त भी कर दिया था, इसके बाद भी ईडी ने जांच जारी रखी। सतर्कता विभाग की रिपोर्ट के आधार पर 2020 में ईडी ने रंगनाथ मिश्र की पांच करोड़ से अधिक की संपत्ति को जब्त किया था। इसको लेकर रंगनाथ मिश्रा ने कोर्ट की शरण ली। 2022 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति मामले में रंगनाथ मिश्र को अंतरिम राहत देते हुए उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई पर स्टे दे दिया था। मई 23 में लखनऊ हाईकोर्ट ने फिर से स्टे देते हुए ईडी से काउंटर दाखिल करने को कहा, जिस पर ईडी की ओर से लंबे समय तक काउंटर दाखिल नहीं किया गया। इसके बाद ईडी ने क्लोजर रिपोर्ट लगाने की कोर्ट से अनुमति मांगी। ईडी ने केस को बंद करते हुए उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया।

## वर्ग पहेली-199

**बाएं से दाएं**

1.1. किसी चीज़ पर पड़ी हुई या जमी हुई गर्द, धूल, मल 2. किसी के प्रति मन में होने वाला या रहने वाला दोष या विकार।

2.1. जिसे वश में कर लिया गया हो, वश में किया हुआ 2. मोहित, मुग्ध।

5.1. जनता की सेवा करने वाली स्त्री, समाजसेविका 2. लोगों को जागरूक करने वाली स्त्री।

7.1. गरम होने का भाव, उष्णता, ताप 2. ग्रीष्म ऋतु 3. आवेश, तेज़ी, उग्रता 4. उमंग, उत्साह 5. घमंड, अहंकार, गर्व 6. यौन रोग,आतशक, उपदंश 7. हाथी या घोड़ों में होने वाला एक रोग। (मु.)-खाना : गुस्सा करना। -निकालना : घमंड नष्ट कर देना।

8.1. बंगाल का पुराना नाम 2. ब्राह्मणों का एक वर्ग 3. कायस्थों की एक उपजाति 4. राजपूतों की एक शाखा 5. (संगीत) एक राग जो तीसरे पहर तथा संध्या के समय गाया जाता है।

**ऊपर से नीचे**

3. साहित्यिक या कलात्मक कृति का रचयिता; रचना करने वाला व्यक्ति, रचनाकार, लेखक।

4. महारानी, पटरानी।

6.1. बीता हुआ, गत 2. पिछला 3. गत से ठीक पहले का

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 2 | | 3 | |
| 4 | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 5 | | | 6 | | ■ |
| | ■ | ■ | 7 | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | 8 | |

### वर्ग पहेली -198 का हल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 सु | जा | 2 ग | र |
| 3 लुं | ■ | ■ | म | ■ |
| ज | ■ | 4 पी | न | क |
| ■ | 5 कु | त | प | ■ |
| 6 ध | ■ | 7 क | थ | न |
| रे | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 8 जा | मि | ई | य | त |

# 3डी मेटावर्स पर भी दिखेंगी लखनऊ व प्रयागराज की गलियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ 1500 स्थानों का 360 पैनोरमिक डाटा होगा संकलित, क्यूआर कोड से कराया जाएगा ऑडियो टूर

**अमृत विचार :** राज्य सरकार आभासी दुनिया के जरिए पर्यटकों को राज्य के विभिन्न स्थलों का ऑनलाइन दर्शन कराएगी। 3डी मेटावर्स पर भी लखनऊ और प्रयागराज की गलियां दिखेंगी। जियो रेफरेंस मैप्स को मेटावर्स इंटीग्रेटेड सिस्टम से जोड़कर 3डी इनेबल्ड वेब व मोबाइल ऐप का निर्माण होगा। इसी प्रकार, क्यूआर कोड बेस्ड ऑडियो टूर के पोर्टल का भी विकास किया जाएगा जिसके जरिए प्रदेश के 100 स्थलों के ऑडियो टूर का लाभ भी लोग ले सकेंगे।

योजना के तहत लखनऊ और प्रयागराज के 1500 लैंडमार्क का 360 पैनोरमिक डाटा संकलित किया जाएगा। लखनऊ के प्रमुख ऐतिहासिक व पर्यटक स्थलों, बाजार, चिकनकारी के हब समेत प्रयागराज के विभिन्न पौराणिक व ऐतिहासिक स्थलों, बाजारों, महाकुंभ में स्नान के लिए विभिन्न घाटों, मंदिरों व आधात्यमिक केंद्रों को जोड़ा जाएगा।

प्रयागराज के पब्लिक लाइब्रेरी, इलाहाबाद म्यूजियम, चंद्रशेखर आजाद पार्क, हनुमान मंदिर समेत 19 स्थलों को इस प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। इसी प्रकार, अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि व हनुमानगढ़ी समेत 8 स्थानों, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर समेत 8 स्थलों, श्रावस्ती के अंगुलीमाल स्तूप समेत छह स्थलों, कपिलवस्तु के स्तूप, कुशीनगर के महापरिनिर्वाण मंदिर समेत 4 स्थल, लखनऊ के बड़ा इमामबाड़ा समेत कुल 13 स्थलों पर भी यह सुविधा उपलब्ध होगी।

वहीं, आगरा के ताज महल समेत छह स्थल, मथुरा के बरसाना स्थित श्री राधारानी समेत 10 स्थल, वृंदावन के प्रेम मंदिर समेत 8 स्थल, माता विंध्यवासिनी मंदिर समेत 3 स्थल, चित्रकूट के रामघाट समेत 3 स्थल, नैमिषारण्य के चक्रतीर्थ समेत दो स्थल, बलरामपुर के देवीपाटन मंदिर, झांसी का बरुआ सागर किला, हापुड़ का गढ़ मुक्तेश्वर व सहारनपुर के शाकंभरी देवी के मंदिर को भी इस सुविधा से लैस किया जाएगा।

### एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन प्रक्रिया शुरू

परियोजना के अंतर्गत पर्यटन विभाग द्वारा एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के माध्यम से भू-संदर्भित मानचित्रों पर रुचि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थलों व रुचि के बिंदुओं के 3डी मेटावर्स और 360-डिग्री पैनोरमिक दृश्यों को एकीकृत करके फीचर समृद्ध वेब और मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया जाएगा। एजेंसी लगभग 1500 स्थलों के लिए डेटा संग्रह के लिए सर्वेक्षण करेगी इन सभी स्थलों का 360 पैनोरमिक डेटा एकत्र कर उसका डेटाबेस बनाएगी। इसके बाद, दोनों शहरों में वेब व मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से 3डी मेटावर्स टूरिंग एक्सपीरिएंस उपलब्ध कराया जाएगा।

## देव दीपावली पर 12 लाख दीपों से जगमग होंगे काशी के घाट

**अमृत विचार, लखनऊ :** देव दीपावली की भव्यता को बढ़ाने के लिए काशी के 84 घाटों, कुंडो और तालाबों को 12 लाख से अधिक दीपों से रोशन किया जाएगा। इसके साथ दिव्य लेज़र शो और ग्रीन आतिशबाजी भी की जाएगी। पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि इनमें ढाई से तीन लाख दिये गाय के गोबर से बने होंगे। इसके अलावा घाटों को फसाड लाइट और इलेक्ट्रिक लाइट से रोशन किया जाएगा। लेज़र शो के माध्यम से घाट पर गंगा अवतरण व शिव महिमा की कहानी दिखाई जाएगी।

## सुडोकू -112

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 7 | 5 | | 4 | |
| 9 | | 2 | | 1 | | 8 | | |
| 3 | 7 | | 2 | | | 4 | 8 | |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| | 1 | 5 | | | 3 | | 7 | 9 |
| | | 8 | | 9 | | 1 | | 3 |
| | 9 | | 6 | 3 | | 5 | | |
| | 5 | | | | 4 | | | |

### सुडोकू - 111 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 8 | 4 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 | 9 |
| 2 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 8 | 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 6 | 1 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 3 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 1 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 1 | 4 | 5 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 सितंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 15 .43 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** — आज लोग आपसे बहुत अपेक्षाएं रखेंगे। इसीलिए आपके ऊपर थोड़ा दबाव भी हो सकता है। प्रेम संबंधों में नवीनता का आनंद लेंगे। किसी परिजन का स्वास्थ्य चिंता का कारण बन सकता है। दांपत्य संबंधों में बहसबाजी करने से बचें।

**वृष** — आज नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके अच्छे प्रदर्शन से लोग प्रेरणा लेंगे। बच्चों की उन्नति से गर्व का अनुभव करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी उत्तम रहेगा। नजदीकी लोगों के साथ गंभीर मुद्दों पर विमर्श कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज नकारात्मक प्रवृति के लोगों से आपको बचना चाहिए। दूसरों से मदद की अपेक्षा करते वक्त अपने स्वाभिमान का भी ध्यान रखें। रक्तचाप की समस्या आपको परेशान कर सकती है। महत्वपूर्ण उपकरणों में खराबी होने की संभावना है।

**कर्क** — आज विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। युवाओं को जॉब के नए अवसर मिलेंगे। आप कई सारी समस्याओं को सुलझाने के मूड में रहेंगे।

**सिंह** — आज दूसरों की समस्याओं को लेकर भावुक हो सकते हैं। पारिवारिक कलह शांत होगी। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। रिश्तेदारों से सुखद समाचार मिलेंगे। मन में कुछ नया और रचनात्मक करने की इच्छा रहेगी।

**कन्या** — आज विदेश यात्रा होने की संभावना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। अपने लक्ष्यों को पूरा करने को लेकर उत्सुक रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**तुला** — आज मधुमेह के रोगियों को खानपान का ध्यान रखना चाहिए। सहयोगी आपके साथ धोखाधड़ी कर सकते हैं। झूठी शान और अहंकार से आपको बचना चाहिए। परिजनों की भावना का ध्यान रखें। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।

**वृश्चिक** — आज धन संबंधित मामलों के लिए दिन शानदार रहेगा। जीवनसाथी के विचारों से आप प्रभावित रहेंगे। मित्रों के साथ बाहर घूमने के लिए जा सकते हैं। बढ़ते हुए खर्चों को नियंत्रित करने में सफलता मिलेगी। आपके मन की कोई इच्छा पूरी होगी।

**धनु** — आज बैंककर्मियों को पदोन्नति मिलने की संभावना बन रही है। दूसरों की भावनाओं की कद्र करें। अपने अनुभवों का लाभ उठायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको पिता का सहयोग मिल सकता है। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि लेंगे।

**मकर** — आज किसी सहकर्मी से आपका मतभेद हो सकता है। पुराने अनुभवों का लाभ उठा सकते हैं। अधिकारियों का समर्थन प्राप्त होगा। व्यवसाय में नए साझेदार जोड़ने का विचार बनाएंगे। अविवाहितों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**कुंभ** — आज गलत सूचनाओं के कारण काम में बाधा आ सकती है। माता की आज्ञा का पालन करेंगे। आपका स्वास्थ्य नरम रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर जल्दबाजी न करें। फिल्म जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है।

**मीन** — आज प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों की आय में वृद्धि हो सकती है। जीवनसाथी की सलाह से काम करना हितकर होगा। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। प्रेमी जन के साथ नजदीकियां बढ़ेंगी। नए लोगों से संपर्क हो सकता है।

## आज का पंचांग

| भाव | अंक | ग्रह |
|---|---|---|
| 1 | 7 | शु. |
| 2 | 8 | |
| 3 | 9 | |
| 4 | 10 | |
| 5 | 11 | श. |
| 6 | 12 | रा. |
| 7 | 1 | चं. |
| 8 | 2 | गु. |
| 9 | 3 | मं. |
| 10 | 4 | |
| 11 | 5 | बु. |
| 12 | 6 | के., सू. |

दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 23 .02 तक तत्पश्चात रोहिणी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
माफिया राज — सुबह : 11.17
परिवार — रात : 07 .00

**&pictures**
कूगल कुट्टप्पा — सुबह : 09 .22
मिसेज चटर्जी बनाम नॉर्वे — रात : 08 .00

**Sony Pix**
घोस्ट राइडर — सुबह : 09 .00
क्लैश ऑफ द टाइटन्स — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
सिंबा — सुबह : 09 .41
आरआरआर — रात : 08 .00

**Zee Action**
आई — सुबह : 10 .43
हॉली डे — रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी
लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर- सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

# न्याय पाने उमड़ी फरियादियों की भीड़

## समाधान दिवस : डलमऊ में एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार, एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार:** समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। उनके निस्तारण का भरोसा भी दिया गया। संबंधित कर्मचारियों को समय रहते शिकायतों को निस्तारण कराए जाने के लिए एडीएम ने निर्देशित किया है।

शनिवार को तहसील सभागार डलमऊ में एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार, पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह की अध्यक्षता में फरियादियों की समस्याएं सुनी गई विभिन्न मामलों को लेकर आई 83 शिकायतों में से 19 शिकायतों का निस्तारण किया जा सका।

विभिन्न मामलों से आयी शिकायतों के निस्तारण के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया गया राजस्व, बिजली, राशन कार्ड एवं कब्जेदारी को लेकर विभिन्न शिकायतें आई। डलमऊ कस्बा टिकैतगंज निवासिनी मोनी देवी ने जलालाबाद भरसना निवासी करन व तीन अन्य लोगों पर तीन माह पूर्व बेटी को बहला फुसला कर भगा ले जाने का शिकायती पत्र दिया मोनी का आरोप है कि तीन माह बीत जाने के बाद पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की जबकि विपक्षी आए दिन उसे धमकी देते रहते हैं कई बार पुलिस में शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई, पूरे जोधी से आए लगभग एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने रास्ते में जल भराव की समस्या की शिकायत की ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का निदान नहीं हुआ है। एडीएम सिद्धार्थ कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस मौके पर एसडीएम डलमऊ अभिषेक वर्मा, तहसीलदार उमेश चंद्र, खंड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव, अशोक सचान, क्षेत्राधिकार डलमऊ अरुण कुमार नौवहार सहित सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



तहसील सभागार में पीड़ितों की फरियाद सुनते अफसर। अमृत विचार

### कार्तिक मेला की तैयारी का लिया जायजा

नवंबर माह में लगने वाले विशाल कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारी का एडीएम ने जायज लिया है मेला क्षेत्र में जाकर जानकारी ली समय से पहले सभी तैयारियां को पूरी किए जाने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया है। क्षेत्रीय लोगों से मेला के दौरान आने वाली परेशानियों के विषय में भी जानकारी ली सड़क घाट, रानी शिवाला घाट एवं पार्किंग स्थल पर पहुंचकर तहसील के कर्मचारियों से जानकारी ली।

### महराजगंज में एसडीएम रश्मिलता ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**महराजगंज, रायबरेली।** शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम रश्मिलता की अध्यक्षता में संपंन हुआ। इस दौरान कुल 45 शिकायतें आईं, जिसमें राजस्व से 19, पुलिस से 9, विकास से संबंधित 10, अन्य सात शिकायतें आई। जिनमें से दो का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया है। इस मौके पर तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव, बीडीओ वर्षा सिंह, अंजनी बाजपेई आदि मौजूद रहे।

### लालगंज में 6 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**लालगंज, अमृत विचार :** तहसील समाधान दिवस में कुल 87 शिकायते आई। 6 शिकायतों का निस्तारण एसडीएम के द्वारा किया गया। एडवोकेट रामकिशन वर्मा ने शिकायत किया कि नलकूप में विद्युत आपूर्ति वोल्टेज लो रहता है जिसको ठीक करने का प्रार्थना पत्र कई बार दिया गया, परंतु अधिशासी अभियंता द्वारा फर्जी रिपोर्ट लगा दी जाती है तथा किसानों के प्रति उनका व्यवहार सही नहीं है। प्राइमरी पाठशाला व जूनियर हाईस्कूल पहाड़ीपुर मजरे बहाई तक बच्चों के आने जाने के मार्ग की व्यवस्था कराए जाने की शिकायत की गई। पूरे गरीब के रहने वाले संजीव शुक्ला ने शिकायत कर अवगत कराया कि प्राइवेट स्कूल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज लालगंज में कार्यरत हूं। उसका राशन कार्ड काट दिया गया है जिसे बनाया जाय। सुवाखेड़ा मजरे यूसुफपुर के निवासियों ने कोटेदार के विरुद्ध घटतौली किए जाने की शिकायत किया है। एसडीएम लालगंज नवदीप शुक्ला ने अधीनस्थ अधिकारियों से सभी शिकायतों को समय से निस्तारण का निर्देश दिया। तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी, नायब तहसीलदार शंभू शरण पाण्डेय, पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर लालगंज विनय तिवारी, राजस्व निरीक्षक सुरेंद्र तिवारी अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## 78 शिकायतों में मात्र पांच का हुआ निस्तारण



सलोन तहसील सभागार में पीड़ितों की शिकायत सुनते अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार:** अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सलोन तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस मौके पर कुल 78 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि एक ही शिकायत बार बार समाधान दिवस में आएगी तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसलिए एक ही बार में समस्या का सही से निस्तारण कर दिया जाए।

शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में अफसरों को निर्देशित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि किसी भी फरियादी की समस्या का समाधान पूरी कर्तव्यनिष्ठा और गुणवत्ता के साथ कर उससे फोन द्वारा अवश्य पूछ लें कि जिससे वह फिर से शिकायत ना कर सके। यदि शिकायतकर्ता फिर शिकायत करता है तो दोनों पक्षों को बैठाकर समस्या का निस्तारण करे। साथ ही शिकायतकर्ता से फोन द्वारा जानकारी लेकर अपने उच्चाधिकारी को अवश्य अवगत करायें कि उसकी समस्या का समधान पूरी निष्ठा के साथ किया गया है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी मिथिलेश कुमार त्रिपाठी, तहसीलदार दीपिका सिंह, नायब तहसीलदार अंकुर यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# उफनाई गंगा नदी, खतरे में दर्जनों गांवों के ग्रामीण



डलमऊ में गंगा कटरी क्षेत्र के गांव में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार



गंगा घाट का जायजा लेते प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार:** लगातार बढ़ रहे जल स्तर से ग्रामीणों की दुश्वारियां बढ़ती जा रही है। गांव के किनारे पानी पहुंचने के बाद अब घरों तक भी पानी पहुंच गया है। आने जाने वाले रास्ते में जल भराव होने से लोगों की मुसीबतें दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। जंगली जीव जंतुओं से लोग परेशान हैं। पर्याप्त बिजली व्यवस्था भी न होने से लोगों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हालांकि प्रशासन का दावा है कि घरों तक पानी पहुंचने के पहले प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया जाएगा।

डलमऊ तहसील क्षेत्र की गंगा कटरी के गांव अंबहा, जहांगीराबाद, जमाल नगर मोहद्दीनपुर, पूरे रेवती सिंह सहित आधा दर्जन गांवों में गंगा का जल स्तर बढ़ने से लोगों की परेशानियां बढ़ती जा रही है। शनिवार को गंगा का जलस्तर 98.960 दर्ज किया गया जो शुक्रवार की अपेक्षा अधिक था। लोगों का कहना है कि प्रतिदिन जल स्तर बढ़ने से पानी घरों तक पहुंचने में समय नहीं लगेगा। गंगा कटरी की सैकड़ो बीघे खेती की फसल पहले ही जलमग्न हो चुकी है। लोगों का संपर्क खेतों से टूटता जा रहा है। शनिवार को समाधान दिवस के पश्चात अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थ कुमार एवं उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया।

अबहा निवासी राजकुमारी ने बताया कि रात में पर्याप्त बिजली नहीं मिलती है। जंगली जीव जंतु घरों की तरफ आ जाते हैं जिससे खतरा बना रहता है। जहांगीराबाद निवासिनी सुखमति का घर चारों तरफ से पानी से घिर गया है। बाहर निकलने के लिए अस्थाई व्यवस्था की गई है। डलमऊ के सभी स्नान घाट पानी में डूब गए हैं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि बाढ़ की स्थिति लगातार बढ़ती जा रही है। कर्मचारियों को बाढ़ से निपटने के लिए सतर्क कर दिया गया है। बाढ़ चौकी स्थापित कर दी गई है। परेशानी बढ़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया जाएगा, जहां पर खाना एवं रहने की व्यवस्था की जाएगी। लेखपाल, पंचायत सचिव एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को लगातार गांव में रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

### गंगा का जलस्तर बढ़ने से सात पुरवों में बढ़ा बाढ़ का खतरा

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर बढ़ने से गंगा किनारे बसे गांवों के निवासियों की मुश्किलों में लगातार इजाफा हो रहा है। अगर शीघ्र ही गंगा का जलस्तर बढ़ना बंद नहीं हुआ तो कई गांवों के संपर्क मार्ग नष्ट हो जाएंगे, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन की समस्या शुरू हो जाएगी। शनिवार को भी गंगा का जलस्तर बढ़ना नहीं बंद हुआ है। इससे पूरे सुकुरू गांव चारों ओर से बाढ़ के पानी से घिर कर टापू जैसा नजर आने लगा है। निसगर से भक्त खेड़ा जाने वाले संपर्क मार्ग में भी पानी ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। जिससे ग्रामीणों के माथे पर चिंता की रेखाएं साफ देखी जा सकती हैं। इससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। यदि दो दिन में जल स्थिर न हुआ तो सड़क का संपर्क टूट जाएगा। इससे अब कटरी के सातों मजरे पूरे भुल्ली, पूरे राम प्रसाद, पूरे अहीरन भक्त खेड़ापुर, पुरविहन, पूरे बंसी, पूरे सुकरू आदि पुरवो की लगभग चार हजार की आबादी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पूरे सुकुरू गांव चारों ओर से बाढ़ के पानी से घिर गया है। यदि जलस्तर न घटा तो घरों में पानी घुस जायेगा। जिससे ग्रामीणों की दिनचर्या प्रभावित होगी। सातों पुरवो को जोड़ने वाला सीसी रोड के ऊपर से पानी बहने लगा है। इससे आवागमन में दिक्कत होनी शुरू हो गई है। सातों पुरवे लगातार बाढ़ की जद में आते जा रहे हैं। उधर गेगासो में मां संकटा धाम के करीब पानी पहुंचने लगा है। मंदिर के पुजारी संतोष तिवारी ने बताया कि अभी पानी सीढ़ियों से नीचे है लेकिन सीढ़ियों में सुबह तक पहुंच सकता है, क्योंकि अभी जल स्थिर नहीं हुआ है।

### प्रियंका ने पलक की मौत पर प्रदेश सरकार को घेरा

**रायबरेली, अमृत विचार:** लखनऊ से अपने पिता के साथ एडमिशन करा कर बाइक से लौट रही छात्रा की आवारा सांड़ की टक्कर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसकी लखनऊ में इलाज के दौरान शुक्रवार को मृत्यु हो गई। मामले को लेकर प्रियंका गांधी ने अपने फेसबुक एकाउंट के जरिए यूपी सरकार पर निशाना साधा है। डलमऊ थाना क्षेत्र की रहने वाली 18 वर्षीय छात्रा पलक अपने पिता राजेंद्र के साथ लखनऊ में एडमिशन करवाकर मोटरसाइकिल से घर लौट रही थी। तभी हरचंदपुर थाना के क्षेत्र के प्यारेपुर के पास आवारा सांड़ से टक्कर हो गई। पिता बिल्कुल ठीक है। वही छात्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई। फेसबुक पोस्ट के माध्यम से प्रियंका गांधी ने यूपी सरकार को सलाह दी है कि उत्तर प्रदेश में आवारा पशुओं के हमले से आए दिन लोगों की मौतें हो रही है। सरकार इसको संज्ञान ले और लोगों के जानमाल की सुरक्षा को सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### अभियुक्तों को पुलिस ने भेजा जेल

**लालगंज, रायबरेली।** प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार और लालगंज चौकी इंचार्ज राजेश कुमार यादव ने मोबाइल छिनैती करने वाले तीन लुटेरों को पकड़कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मोबाइल लूट की घटना के संदर्भ में मुकदमा पंजीकृत था। लूट की घटना कारित करने वाले रखमापुर थाना बिहार जिला उन्नाव निवासी नीरज लोधी और अनुज लोधी सहित आकमपुर थाना बिहार निवासी सचिन पासी को जेल भेजा गया है। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से लूट का रेडमी मोबाइल और लूट की घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक भी बरामद हुई है।

### सत्संग का हुआ आयोजन

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** संत निरंकारी सत्संग भवन में सत्संग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महात्मा श्याम प्यारे ने कहा कि संत हमेशा इस दुनिया में सही मार्ग अपनाते हैं काम भलाई का करके ही खुद को सदा छिपाते हैं। हरि के सच्चे संत मधुरता दुनिया में फैलाते हैं। संत महापुरुष जीवन में हमेशा से ही समाज में एक सही मार्गदर्शन का कारण बनते आए हैं। संत निरंकारी मिशन के प्रबंधक व्यंजन प्रचारक बसंत लाल ने आए हुए सभी संगतों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राम सजीवन, राम लखन, रज्जन, सुनील कुमार, महेश कुमार, जगन्नाथ, बाबूलाल, वंदना, उषा आदि लोग मौजूद रहे।

### बच्चों के बीच विज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** वरिष्ठ शिक्षक आशीष प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि लालगंज परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालयों में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर चयनित छात्रों की सूची ब्लाक संसाधन केंद्र को भेजी गई। विद्यालय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों की 29 सितंबर को ब्लॉक संसाधन केंद्र लालगंज में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता होगी। इस में लगभग 75 बच्चे प्रतिभाग करेंगे।

### किशोरी से छेड़छाड़, दी तहरीर

**डीह, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में कहा है कि शुक्रवार को उसके माता पिता गांव के बाहर निमंत्रण गए थे घर के बरामदे में सो रही थी। इसी दौरान रमाकांत निवासी पूरे दुलमी उसके घर आकर उससे छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर युवक जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### तीन युवकों के पास से चोरी का सिलेंडर बरामद

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** खीरों थाने में तैनात उपनिरीक्षक जगमोहन यादव ने शनिवार को सुबह शारदा सहायक पुरवा ब्रांच की नहर की पटरी पर महिपालपुर गांव की नहर कोठी के पास से तीन युवकों के पास से एक भरा हुआ चोरी का गैस सिलेंडर बरामद किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शनिवार को सुबह उपनिरीक्षक जगमोहन यादव अपने सहयोगी पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र भ्रमण कर रहे थे, तभी महिपालपुर गांव के पास स्थित नहर कोठी के समीप से तीन युवकों के पास से एक भरा हुआ चोरी का गैस सिलेंडर बरामद किया है।

## सार-संक्षेप

### 70 वर्षीय बुजुर्ग पर छेड़छाड़ का आरोप, जांच शुरू

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव का सनसनीखेज और अविश्वसनीय मामला प्रकाश में आया है। जिसमें एक गांव की किशोरी ने अपने ही गांव के एक 70 वर्षीय बुजुर्ग पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं किशोरी का आरोप है कि उसके गांव का बुजुर्ग काफी समय से उसके साथ अश्लील हरकतें करता आ रहा है। काफी विरोध करने पर भी उसे लगातार परेशान कर रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को भी उस बुजुर्ग ने उसके साथ अश्लील हरकतें की, जिससे परेशान होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों को जानकारी होने पर उन्होंने उपचार के लिए सीएचसी खीरों पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के पिता द्वारा शिकायती पत्र दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में मिला महिला का शव

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर कुएं में महिला का शव मिलने से परिजनों सहित गांव में मातम पसर गया। शनिवार को करीब तीन बजे भतीजेपुर गांव निवासी राममिलन गुप्ता की पत्नी मीरा (48) का शव गांव के बाहर कुएं में देखा गया। कुएं में शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक मीरा के पति राम मिलन ने बताया कि कई वर्षों से मीरा मानसिक बीमार रहती थी। दोपहर तक घर में थी। दोपहर करीब दो बजे घर से बिना बताए खेतों की तरफ चली गई। काफी देर तक उन्हें ढूंढा जा रहा था। गांव के बाहर कुएं के पास पड़े मिले पर्स से परिजनों ने कुएं में झांका तो उनका शव पड़ा मिला। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रभु जगन्नाथ मंदिर में भक्तों ने टेका माथा



प्रभु जगन्नाथ के दर्शन करने जाते भक्त। अमृत विचार

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र से उड़ीसा स्थित धर्मनगरी पुरी पहुंचे श्रद्धालुओं ने बड़ी ही शिद्दत के साथ आस्था भाव से हिंद महासागर की बंगाल की खाड़ी में आस्था की डुबकी लगाकर महाप्रभु जगन्नाथजी के दर्शन किए। इस मौके पर विंधेश्वरी पांडेय, चेतना तिवारी, संतोष कुमारी, विपिन पांडेय, वंदना पांडेय, अंगद राही, राजन शर्मा, मयंक तिवारी, कार्तिक पांडेय, समर पांडेय के साथ ही बाराबंकी जिले के कोठी से शम्भू, दिनेश कुमार, आशीष कुमार, अंकेश कुमार, अनुराग पटेल, राकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### बीएमपीएस प्रबंधन का कार्य अति प्रशंसनीय : राजेश गौतम



बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित नुक्कड़ नाटक में प्रतिभाग करने वाली छात्राएं।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज के बच्चों ने हिंदी-दिवस सप्ताह के आखिरी दिन मोबाइल के उपयोग से लाभ या हानि का मानव जीवन पर होने वाले प्रभावों के बारे में नुक्कड़ नाटक कर सभी को जागरूक करने का सफल प्रयास किया है। बीएमपीएस की कक्षा-9 की छात्राओं आराध्या, नयन, नाविका, अवनी, आंचल, अलीशा, पलक, जिज्ञासा, सादिया, वैशाली, अपर्णा, अंशू, साहिबा, तेजस्वी, अंजली, अंशिका, नैंसी, स्वीटी, अनुष्का, रश्मि आदि ने नुक्कड़ नाटक से सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। अस्पताल परिसर में अधीक्षक राजेश गौतम ने नुक्कड़ नाटक की सराहना की। प्रबंध निदेशक सुनील सिंह, प्रबंधक शांतनु सिंह प्रशासनिक से सिद्धार्थ सिंह के साथ-साथ विद्यालय के अध्यापक भी प्रशंसा के पात्र हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति श्रीवास्तव, रोहित त्रिवेदी का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी बीएमपीएस के पीआरओ यशबहादुर यादव ने दी।

### ट्रक में अचानक लगी आग, मची भदगड़



ट्रक में लगी आग बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मी। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे के लालगंज नगर पंचायत के सामने तिराहे पर एक ट्रक में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। आसपास के वाहनों में भगदड़ मच गई। ट्रक के ड्राइवर पप्पू ने बताया कि वह रेलवे की लोहे की सीट लेकर जगदीशपुर एक फैक्ट्री में छोड़ने जा रहा था। करीब 20 मिनट के बाद लालगंज फायर ब्रिगेड और रेल कोच फायर ब्रिगेड के कर्मचारी पहुंचे और उन्होंने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक ट्रक को आग से काफी नुकसान पहुंच चुका था।

# मंडलीय प्रतियोगिता में बीएलपीएस के खिलाड़ियों ने बढ़ाया गौरव

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** मंडल स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है। शुक्रवार को सभी खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया।

हरचंदपुर स्थित बाबू एलपीएस के कक्षा 6 के छात्र बादल सिंह ने सीतापुर में आयोजित मंडल स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जबरदस्त प्रदर्शन किया और फाइट खेलते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। बादल सिंह का विद्यालय आने पर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सपना श्रीवास्तव व विद्यालय की उप प्रधानाध्यपिका सजिया ने बादल सिंह गोल्ड मेडल विजेता व दीपक यादव कांस्य पदक विजेता को माला पहनकर स्वागत किया।



मंडल स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन पर सम्मानित खिलाड़ी।

विद्यालय के विशिष्ट सलाहकार अधिवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बच्चो को निरंतर इसी तरह आगे बढ़ने की शिक्षा दी। विद्यालय प्रबंध समिति के ओर से पुरस्कार देकर के बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय इंचार्ज आकाश ने बच्चों से कहा हमें कभी निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। जिस तरह से बादल व दीपक ने न केवल अपना नाम रोशन किया है बल्कि रायबरेली जिले का नाम दूसरे जिले में गोल्ड मेडल जीत कर रोशन किया। विद्यालय प्रबंधक विनोद कुमार श्रीवास्तव जी ने अखंड दीप सोनकर द्वारा बच्चों के सही मार्गदर्शन के लिए उनकी सराहना की। कहा कि इस इनाम के सच्चे हक़दार तो कोच ही होते है, जो अपनी कर्तव्य निष्ठां के कारण बंजर भूमि को भी उपजाऊ बना देते है। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षक श्रद्धा मिश्रा, स्नेहा वर्मा, काजल, अमिता, निधि सोनकर, पारूल शुक्ला सुगंध माथुर, माही, प्रिया, दीपिका, स्मृति, दीपा, अनामिका, स्नेह लता, प्रतिभा, प्रतिभा सिंह, पूजा सिंह, स्नेहा, ज्योति, सदफ, सीता, अंजली, सिम्मी सोनकर आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद रायबरेली

पत्रांक: 302/न0पा0परि0/ज0क0/2024-25 / दिनांक 21/09/2024

**अति अल्पकालीन –निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर पालिका परिषद रायबरेली द्वारा पंजीकृत फर्मो / नगर पालिका परिषद मे अधिकृत निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं/फर्म/ डीलरो से राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फन्ड के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो के बाबत दिनांक 30-09-24 को अपरान्ह् 2:00 बजे तक मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन उपस्थित निविदा दाताओं / प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह् 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 30-09-24 को प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह् 3:00बजे तक जलकल कार्यालय कैनाल रोड से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है, जो बिकने के पश्चात वापस नही होगें। निविदा पडने व बिकने के दिन यदि अवकाश पड़ जाता है तो सम्बन्धित कार्यवाही अगले कार्य दिवस मे की जायेगी। सभी निविदाओं के साथ 2% प्रतिशत जमानत धनराशि एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0/ के0वी0पी0 / टी0डी0आर0 के रूप में लगाना अनिवार्य होगा जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद रायबरेली के नाम बन्धक हो, मान्य होगा। बिना जमानत धनराशि वाली निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, रायबरेली मे निहित है। कार्य से सम्बन्धित विस्तृत जानकरी किसी भी कार्य दिवस में जलकल अभियन्ता कार्यालय नगर पालिका परिषद कैनाल रोड रायबरेली से प्राप्त की जा सकती है। विवरण निम्नवत है।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | मात्रा | अनुमानित आगणन रू0 + (18%) जी0एस0टी0 सहित | 2% धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + (18%) जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1– | वार्ड नं0 06 मोहल्ला मुस्तफा नगर में अली अब्बास के घर से मो0 साफात के मकान तक पानी की पाइप लाइन डाले जाने का कार्य। | 200मी0 | 277774.00 | 5555.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 2 | वार्ड नं0 24 मोहल्ला वजीर गंज में मूलचन्द्र सोनकर के घर से मोबीन के मकान तक पानी की पाइप लाइन डाले जाने का कार्य। | 106 मी0 | 128405.00 | 2568.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 3 | वार्ड नं0 24 मोहल्ला बासन टोला मे शब्बीर के घर से औधान के मकान तक पानी की पाइप लाइन डाले जाने का कार्य | 84 मी0 | 114280.00 | 2285.00 | 500.00 | 15 दिन |

**नियम व शर्ते** – 1 – निर्धारित अभिलेख व शर्ते पूरा न करने पर प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। 2– कार्य संतोषजनक होने पर भुगतान आदि की प्रकिया की जायेगी।

(स्वर्ण सिंह)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायबरेली

(शनोहन लाल सोनकर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रायबरेली



## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, भेटुआ जनपद – अमेठी

पत्रांक: 1664–1666 /2024–25 दिनांक: 18.09.2024

**नीलामी विज्ञप्ति**

अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या – 15 / 68–5–2020 दिनांक: 22 जनवरी 2020 एवं पत्र संख्या–855/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक: 03 सितम्बर 2020 तथा शासनादेश संख्या – 1497/68–5–2022 दिनांकरु 04.12.2022 एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमेठी के कार्यालय पत्रांक: एस0एस0ए0/ निर्माण / 925 / 2024–25 दिनांक: 16.08.2024 के अनुपालन में एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिषदीय प्रा0वि0 / उ0प्रा0वि0 विकास खण्ड – भेटुआ के जर्जर भवन / कक्षा की नीलामी / ध्वस्तीकरण की जानी है। नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु अधोलिखित विवरण के अनुसार सम्बन्धित विद्यालय की नीलामी की निर्धारित तिथि व उनके सम्मुख अंकित धरोहर राशि को 02 दिन पूर्व ही विद्यालय प्रबन्ध समिति प्रा0वि0 / उ0प्रा0वि0 के (नाम से) नाम 10 प्रतिशत धरोहर राशि की डी0डी0 आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति को आवेदन पत्र के साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेटुआ में अनिवार्य रूप से जमा करें। धरोहर धनराशि जमा नहीं करने पर नीलामी की कार्यवाही में सम्बन्धित को शामिल नहीं किया जायेगा। नीलामी की समस्त कार्यवाही बी0आर0सी0 भेटुआ पर सम्पन्न होगी जिसमें सम्बन्धित प्रतिभाग कर सकते है, किन्तु इसके पूर्व सम्बन्धित विद्यालयों / भवनों का एक बार स्थलीय निरीक्षण कर लिया जाय। जर्जर भवन वाले विद्यालयों का विवरण निम्नवत् है–

| क0 सं0 | विद्यालय का नाम | भवन का विवरण | न्यूनतम मूल्यांकन धनराशि (रू0) | निर्धारित धरोहर धनराशि (रू0) | नीलामी तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 पूरे पद्मिन | अतिरिक्त कक्षा /कक्ष | 18218.00 | 1822.00 | 04.10.2024 | 02: 00 बजे अपरान्ह से 04: 00 बजे तक |
| 2 | प्रा0वि0 भुसियावा | अतिरिक्त कक्षा कक्ष | 23383.00 | 2338.00 | | |
| 3 | कम्पो0वि0 शिवगढ | मूल भवन | 24201.00 | 2420.00 | | |
| 4 | प्रा0वि0 शहरी | मूल भवन | 53821.00 | 5382.00 | | |
| 5 | प्रा0वि0 कडेरगांव | मूल भवन | 69953.00 | 6995.00 | | |

जर्जर भवन नीलामी / ध्वस्तीकरण वाले विद्यालयों की सरकारी बोली मूल्यांकित धनराशि से प्रारम्भ होगी। नीलामी के पश्चात नीलामी प्राप्तकर्ता को नीलामी की अवशेष 90 प्रतिशत धनराशि की डी0डी0 विद्यालय प्रबन्ध समिति सम्बन्धित विद्यालय के बैंक खाता में 03 दिवस में जमा करना होगा। नीलामी प्रक्रियापूर्ण होने के पश्चात उचित आदेश निर्गत होने के उपरान्त नीलामी प्राप्तकर्ता को एक सप्ताह के अन्दर मलवा हटाकर समतल करवाना होगा। अन्यथा कि स्थिति में सम्बन्धित की धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी और नीलामी प्रक्रिया स्वत: निरस्त हो जायेगी।

**नोट** – इच्छुक अभ्यर्थी नीलामी आवेदन पत्र का प्रारूप, शपथ पत्र का प्रारूप एवं भवन नीलामी हेतु नियम व शर्तो की प्रति बी0आर0सी0 कार्यालय भेटुआ से प्राप्त कर लें।

(डा0 सन्तोष कुमार यादव)
खण्ड शिक्षा अधिकारी– भेटुआ
जनपद–अमेठी।

## एक नजर

### नवजात का शव मिलने पर मचा हड़कंप

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** जगतपुर सीएचसी से दो सौ मीटर पावर हाउस के निकट नवजात का शव मिलने से मचा हड़कंप। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शनिवार को जगतपुर सीएचसी से दो सौ मीटर दूर पावर हाउस के निकट एक नवजात का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। रास्ते से गुजर रहे स्थानीय लोगों की जब नजर पर तो आसपास लगभग सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लिया। सीएचसी अधीक्षक एलपी सोनकर ने बताया कि हमारे यहां रात्रि में एक डिलीवरी हुई है, लेकिन जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। ये हमारे यहां का नहीं है।

### जहरीले जंतु के डसने से युवक की मौत

**जगतपुर, रायबरेली,अमृत विचार।** शुक्रवार की रात मेल्खा साहब के रहने वाले करन (21) को जहरीले जंतु ने डस लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उसे आनन-फानन जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां पर इलाज के दौरान करन की शनिवार को मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस बाबत जगतपुर प्रभारी निरीक्षक अजय राय ने बताया कि मौत की सूचना मिली है। शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### 36 घंटे बाद सई नदी में मिला युवक का शव

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के सूची चौकी अंतर्गत नायन गांव निवासी श्यामलाल का (13) पुत्र करन गुरुवार शाम मछली के शिकार के दौरान सई नदी में डूबे किशोर के शव को 36 घंटे बाद एनडीआरएफ की टीम ने खोज निकाला है। शनिवार की सुबह पीरानगर गांव के पास सई नदी के किनारे किशोर का शव बरामद हुआ है। क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि 36 घंटे के बाद किशोर के शव को बरामद कर लिया गया है। पिता ने तहरीर दी है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### घर में घुसकर की मारपीट, केस दर्ज

**डीह, रायबरेली, अमृत विचार।** एक व्यक्ति को पांच लोगों ने घर में घुसकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पूरे पंडवन मजरे सिरसी निवासी जमुना प्रसाद ने तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की रात वह घर थे तभी किसी ने दरवाजा खटखटाया तो वह दरवाजा खोला तभी सईद निवासी बीकापुर व चार अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर उसके ऊपर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### मारपीट का मुकदमा दर्ज

**परशदेपुर, रायबरेली।** कस्बे के वार्ड नंबर पांच के पूरे काजी निवासी बबलू ने पुलिस को एक तहरीर दी है। तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा है कि पड़ोस में मुंडन का कार्यक्रम था, जिसमें उसका डीजे लगा था। रात में डीजे चलाने को लेकर हुए विवाद में पूरे काजी निवासी सोनू व शिवा डंडे से मारा पीटा है, जिससे उसके बांए हाथ की हड्डी टूट गई। चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### गुमशुदगी का मामला दर्ज

**लालगंज, रायबरेली,अमृत विचा।** क्षेत्र के पूरे माता दीन का पुरवा मजरे बेलहनी निवासी रतीपाल यादव पुत्र बाल किशन यादव 31 जुलाई को गायब हो गए थे। तब से उनका कोई सुराग नहीं मिला। हालांकि मामले में उनके भाई होमगार्ड सुरेश यादव ने कोतवाली में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है।

# डायलिसिस की दवाओं की स्थानीय खरीद पर रोक

## चिकित्सक और सीएमएस के बीच रार का खामियाजा भुगत रहे मरीज, दवा नहीं मिलने से तीमारदार परेशान

संवाददाता, रायबरेली



जिला अस्पताल का डायलिसिस कक्ष। अमृत विचार



डॉ. अशोक वर्मा

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल में सीएमएस और चिकित्सकों के बीच सामंजस्य नहीं होने का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। लगातार चर्चा में रहे जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का एक और तुगलकी फरमान आ गया है। इसके तहत अब डायलिसिस कराने वाले रोगियों को दवाओं की एलपी (स्थानीय खरीद) का लाभ नहीं मिल सकेगा। इस फरमान के बाद रोगी के साथ ही तीमारदार भी परेशान हो रहे हैं। दूरदराज से आने वाले रोगी और तीमारदार चिकित्सक तो कभी सीएमएस के कक्ष के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कहीं पर उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।

जिला अस्पताल में रोगियों के लिए सरकार की ओर से कई सुविधाएं दी जा रही है। इसी के तहत डायलिसिसकी भी सुविधा है। इसमें बकायदा दवाओं का एक पैकेज शामिल है। चिकित्सक द्वारा लिखे जाने के बाद रोगी को एलपी यानि स्थानीय खरीद का लाभ मिल जाता है। यह काफी समय से चल रहा था। हाल ही में सीएमएस का पदभार ग्रहण करने वाले डॉ. प्रदीप अग्रवाल से इस पर रोक लगा दिया है। इसके साथ ही चिकित्सक ने भी इन दवाओं को लिखना बंद कर दिया है। इसके बाद से रोगियों के साथ तीमारदारों की मुश्किलें बढ़ने लगी है। वहीं जिम्मेदार एक-दूसरे को दोषारोपण करते हुए सरकार की योजना का लाभ पाने से रोगियों को वंचित कर रहे हैं। वहीं, डॉ. अशोक वर्मा का कहना है कि पीजीआई से कापी करके दवाओं का लिखा जा रहा था। सीएमएस द्वारा रोका गया है। इसके अलावा मुझे और कुछ नहीं कहना है। दवाओं को लिखने से क्यो रोका गया है, इसका बेहतर जवाब वहीं दे सकते हैं।

### नेफ्रोलॉजिस्ट की लिखी दवाओं को लेकर हम जिम्मेदार नहीं : सीएमएस



डॉ. प्रदीप अग्रवाल, सीएमएस

सीएमएस डॉ. प्रदीप अग्रवाल का कहना है कि हमारे यहां पर नेफ्रोलॉजिस्ट नहीं है। ऐसे में उनके पर्चे से हमारे यहां कोई मतलब है। यदि कोई चिकित्सक उनकी दवाओं को कापी करता है तो उसका विवेक है। इस पर किसी भी कीमत पर एलपी नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही सरकार की योजना को कहीं से प्रभावित नहीं होने दिया जा रहा है। चिकित्सक के बीच सामंजस्य के सवाल पर उन्होंने कुछ भी बोलने से इन्कार कर दिया है।

**मरीजों की जेब पर डाका डालने का निकाला नया तरीका**

वैसे तो जिला अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा ओपीडी में बाहर दवाओं को लिखने का चलन जारी है। इस पर अंकुश लगाने में सीएमएस पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहे हैं। वहीं उनके इस फरमान के बाद से मेडिकल स्टोर संचालकों की बल्ले-बल्ले हो जाएगी।इसका पूरा खामियाजा रोगियों और उनके तीमारदारों को भुगतना पड़ेगा। मरीजों के जेब का खाली होना तय है। रोगी के साथ आए अब्दुल मजीज, कलावती का कहना है कि सुबह से परेशान किया जा रहा है।

## तालाब की भूमि पर निर्माण रोकवाने की शिकायत की

**लालगंज,अमृत विचार।** तालाब पर किए जा रहे निर्माण का आरोप लगाते हुए उसे रोकवाने की शिकायत तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर की गई। शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी ने निर्माण कार्य रोकने के लिए निर्देश किया। शिकायतकर्ता अजय कुमार निवासी मटेहना परगना खीरों तहसील लालगंज ने तहसील दिवस में शिकायत करते हुए बताया कि मटेहना गांव सभा में गाटा संख्या 77 तालाब के रूप में दर्ज है। जिसमें कुछ लोग क्षेत्रीय लेखपाल की सह पर अवैध निर्माण कर रहे है। वहीं, शिकायत को सुनकर तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी ने तत्काल क्षेत्रीय लेखपाल ऋषिकांत को बुलाकर निर्माण रोकने के लिए निर्देशित किया है।

## अमावां में ट्रक ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चालक की मौत

संवाददाता, अमावां, रायबरेली,

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम रायबरेली-प्रयागराज हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने रिक्शा चालक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

शुक्रवार देर शाम रायबरेली-प्रयागराज हाईवे पर प्रेमलाल (46) ई-रिक्शा लेकर सिविल लाइन से रतापुर की ओर आ रहा था, तभी छजलापुर के पास रोड से गुजरे एक तेज रफ्तार ट्रक ने प्रेमलाल के रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से प्रेमलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। गनीमत रही कि उस समय रिक्शा में एक भी सवारी नहीं थी। ट्रक की टक्कर से घायल रिक्शा चालक प्रेमलाल को आसपास के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने प्रेमलाल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर दुर्घटना में शामिल ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। छानबीन जारी है।

## 50 सिपाही पुलिस लाइन से संबद्ध

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचारः** जिले की बिगड़ी कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक लगातार प्रयास कर रहे है। पुलिस अधीक्षक के आते ही अपराधियों में दहशत का माहौल तो है ही वहीं, अगर बात पुलिस महकमे की करी जाए तो महकमे में नवागत एसपी के आने से बड़ी-बड़ी कार्रवाई होने से अफरा-तफरी मची है। हालांकि पुलिस लाइंस में पुलिसकर्मियों की कमी के चलते राजकीय कार्य व सुरक्षा डयूटी में आ रही। दिक्कतों को एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने गंभीरता से लिया है। यही वजह है कि एसपी ने थानों पर तैनात 50 पुलिसकर्मियों का शुक्रवार को पुलिस लाइंस तबादला कर दिया।

**▸▸ तत्कालीन एसपी से भी हुई थी शिकायत, नवागत एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने लिया एक्शन**

अब यह सिपाही पुलिस लाइंस में राजकीय कार्य व सुरक्षा डयूटी का कार्य करेंगे।

पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों की कमी की शिकायत तत्कालीन एसपी अभिषेक अग्रवाल को भी दी गई थी, लेकिन तत्कालीन एसपी ने संज्ञान नहीं लिया। नवागत एसपी डॉ. यशवीर सिंह के पदभार ग्रहण करने के बाद प्रतिसार निरीक्षक ने इसकी शिकायत की तो नवागत एसपी ने इसको संज्ञान में लेकर थानों में तैनात 50 पुलिसकर्मियों की तैनाती पुलिस लाइन में कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक आरक्षी मुनेंद्र सिंह, अमन सिंह, हिमांशू राजपूत, भारत सिंह, अंकित कुमार, नरेंद्र प्रताप, कौशलेंद्र सिंह, राजकुमार, महेश सिंह यादव, अंकित कुमार, अतुल कुमार शर्मा, अजय प्रताप सिंह, जितेंद्र गिरि, प्रवीन यादव, हेमंत कुमार, अनुज शर्मा,मोहित कुमार, तरुण सैनी, मनमोहन शर्मा, अरमवीर पुनिया, हेमेंद्र कुमार सिंह, रोहित कुमार, नवजीत, गनेश सिंह, जय कुमार, राज कुमार, सौरभ मिश्रा, अश्वन कुमार, हरपाल सिंह, शिवम, राजन कुमार, विकास थापा, रिशांत कुमार, शैलेंद्र, दिलीप सिंह गुर्जर, विप्लव कुमार, अनिल कुमार, विवेक कुमार, नितिन परमार, शुभम यादव, शक्ति सिंह, तनु कुमार, नाजिम अहमद, योगेंद्र सिंह, रितेश सचान, खुशवेंद्र सिंह, यतेंद्र सिंह, तरुण शर्मा, अंकित कुमार ढाका, नवजिश अली को पुलिस लाइंस भेजा गया है।

## सार-संक्षेप

### सीओ ने बार्डर पर संदिग्ध वाहनों की ली तलाशी

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शनिवार देर शाम बार्डर पर चेकिंग अभियान चलाया गया। सीओ के नेतृत्व में पुलिस ने बगैर नम्बर और संदिग्ध वाहनों को चेक किया गया। विदित हो कि बाइक चोरी और घटनाओं की रोकथाम के लिए सीओ प्रदीप कुमार कानून व्यवस्था को लेकर सजग है। ज्ञात हो कि कोतवाली पुलिस की लापरवाह भरी कार्यशैली के चलते घटनाओं की बढ़ोतरी हुई है।जिससे क्षेत्र में पुलिस के प्रति लोगो मे आक्रोश है। वही सीओ प्रदीप कुमार डैमेज कंट्रोल के लिए क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील है। सीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग चलाई गई है। एक दर्जन से अधिक वाहनों की तलाशी ली गई। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था को सुद्रण बनाये रखने के लिए तीनो सर्किल के प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

### सफाई आयोग की सदस्य ने सुनी कर्मचारियों की समस्याएं



सफाई आयोग की सदस्य पूजा वाल्मीकि ने अधिशासी अधिकारी से बातचीत की।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य निगरानी सफाई आयोग की सदस्य पूजा वाल्मीकि नगर पंचायत लालगंज पहुंची, जहां उन्होंने सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया। वहीं अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के नगर अध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ गब्बर ने उनका अपने साथियों के साथ स्वागत किया। राजेश गब्बर ने सफाई आयोग की सदस्या को अवगत कराया कि सरकार के द्वारा प्रदत्त सुविधाएं सफाई कर्मचारियों को नहीं मिल रही है। राजेश गब्बर ने नगर पंचायत के द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न और पीएफ फंड आदि के बाबत उन्हें रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को सभी तरह की सुविधा दी जा रही है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला, महासचिव छोटेलाल धानुक, नगर उपाध्यक्ष सोनू, नगर कोषाध्यक्ष बृजेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश व सूचना मंत्री चुन्नू लाल एवं समस्त सफाई कर्मचारी नगर पंचायत लालगंज मौजूद रहे।

### डंपर की टक्कर से छात्रा घायल

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार को न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन मुराईबाग की एक छात्रा छुट्टी होने के बाद अपने घर जा रही थी तभी माकनपुर रोड नहरिया के पास अनियंत्रित डंपर ने छात्रा को टक्कर मार दी। जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की चीख पुकार सुनकर कर स्थानीय लोगों ने उसे डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जानकारी के अनुसार मानवी (14) पुत्री अमर बहादुर छुट्टी होने के बाद अपने घर जा रही थी तभी पीछे से अनियंत्रित डंपर ने छात्रा को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की चीख-पुकार सुनकर कर स्थानीय लोगों ने उसे डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां पर उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

### श्री सर्वेश्वरी समूह के 64वें स्थापना दिवस पर निकली प्रभातफेरी



श्री सर्वेश्वरी समूह के 64वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**रायबरेली, अमृत विचार।** औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम में श्री सर्वेश्वरी समूह का 64वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान आश्रम परिसर से एक प्रभात फेरी निकाली गई। इस प्रभात फेरी में दर्जनों वाहनों के काफिले के साथ श्रद्धालु चल रहे थे। शोभा यात्रा आश्रम से मुंशीगंज, सिविल लाइन्स, रतापुर, त्रिपुला होते हुए दक्षिणमुखी हनुमान मन्दिर, मां मंशा देवी मन्दिर पहुंची, जहां पर यात्रा का स्वागत व आरती की गई। चन्दापुर कोठी स्थित जगमोहनेश्वर महादेव मन्दिर के समक्ष यात्रा का स्वागत व महाआरती की गई। डिग्री कालेज, नेहरू नगर होते हुए यात्रा वापस आश्रम पहुंची। इस अवसर पर बृजेश सिंह, रमेश सिंह, भोला नाथ त्रिपाठी, राघवेन्द्र मिश्र, आरके यादव, डा. पद्मा मिश्र, शिवलखन सिंह, हर्षेन्द्र सिंह, रवीन्द्र सिंह, चन्द्रकान्त द्विवेदी, अभिषेक विक्रम सिंह, धर्मेन्द्र यादव, राजन रस्तोगी, शैलेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, आशुतोष सिंह, शिवलखन सिंह, राम प्यारे मौर्या, विनोद जायसवाल, जितेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### साफ-सफाई व पौधरोपण करना हम सब की जिम्मेदारी : प्रशांत



साफ-सफाई अभियान में भाग लेते महाप्रबंधक पीके मिश्रा। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाने में प्रधानमंत्री के स्वच्छता ही सेवा अभियान फोर एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत आह्वान पर महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने टाइप-3 कॉलोनी में पौधरोपण किया तथा साफ-सफाई कार्यक्रम के अभियान में शामिल होकर सभी को प्रोत्साहित किया। महाप्रबंधक ने अपने सम्बोधन में कहा कि वातावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए साफ-सफाई तथा पौधरोपण करना आज हम सब की सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है, ऐसा हमारे ग्रन्थों में कहा गया है। प्रधान मुख्य इंजीनीयर एसपी यादव ने बताया कि आज स्वच्छता ही सेवा अभियान 4 के तहत टाइप-3 कॉलोनी में में साफ-सफाई एवं पीपल जामुन, अमलतास, सागौन अर्जुन आदि के 1570 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आरएन तिवारी, आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीसीईई हरीश चन्द, पीसीएमओ आभा जैन सहित उच्चाधिकारी, कर्मचारी प्रतिनिधि संगठनों और कर्मचारी ने स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण में सहभागिता की।

## छात्राओं को पढ़ाया सुरक्षा का पाठ

संवाददाता, खीरों, रायबरेली



महाविद्यालय में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** विकास क्षेत्र के सूरजदत्त कांतीदेवी महाविद्यालय खीरों में शनिवार को पुलिस द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला पुलिसकर्मी द्वारा विद्यालय की छात्राओं को नारीसुरक्षा, नारीसम्मान और नारी स्वालंबन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

खीरों थाने में तैनात महिला आरक्षी श्वेता शर्मा ने विद्यालय की छात्राओं को बताया कि राह चलते या गांव में अथवा किसी भी परिस्थिति में आपको डरने की आवश्यकता नहीं है। हर परिस्थिति में आपको निर्भीक रहना है। किसी भी असहज स्थिति में पुलिस के 112 नंबर पर सूचना देने के 15 मिनट के अन्दर पुलिस सहायता उपलब्ध हो जाती है।

महिलाओं की सुरक्षा और उन्हें समुचित न्याय दिलाने के लिए हर थाने पर महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त श्वेता शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। जिनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत 15 लाख 62 हजार से भी अधिक बेटियां लाभान्वित हो चुकी हैं। बैंकिंग कारेस्पाडेंट बीसी सखी योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि योजनाओं का लाभ महिलाओं को दिया जा रहा है।

## घर में खाना बना रही महिला पर गिरी कच्ची दीवार, घायल

संवाददाता, सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचारः** शनिवार की सुबह थाना क्षेत्र के एक गांव में चूल्हे में खाना बना रही महिला के ऊपर कच्ची दीवार भर भरा कर गिर गई। इससे वह मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मलवे से निकाल कर परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया। परिजन उसे एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती करा दिया। थाना क्षेत्र के सरेनी गांव की रहने वाली उषा शुक्ला (50) पत्नी पुत्तन शुक्ला आज सुबह घर पर चूल्हे में खाना बना रही थी। खाना बनाते समय कच्ची दीवार भर भरा कर उनके ऊपर गिर गई। इससे वह मलबे में दब कर बुरी तरह से घायल हो गई। पास में बैठे बेटे शिवम शुक्ला के शोर मचाने तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और फावड़ा से मिट्टी हटाकर उन्हें बाहर निकाला इसके बाद परिजन उनको सीएचसी ले गए, जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया है। गांव के भोले सिंह ने बताया कि रायबरेली के प्राइवेट नर्सिंग होम में घायल महिला को भर्ती कराया गया है। गनीमत रही की मिट्टी गिरने से चूल्हा बुझ गया था वरना बड़ी घटना हो सकती थी।

## अच्छी शिक्षा से निपुण होंगे बच्चे



प्राथमिक विद्यालय फरीदगढ में टीएलएम निर्माण की कार्यशाला में मौजूद बच्चे।

**सलोन, अमृत विचार।** क्षेत्र के आदर्श प्राथमिक विद्यालय फरीदगढ़ में गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ शिक्षा देकर बच्चों को निपुण बनाने के लिए विद्यालय स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को निपुण बनाने के लिए प्रभावशाली प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एसएस पाण्डेय ने बताया कि बच्चों को निपुण बनाने के लिए टीएलएम काफी सहायक एवं प्रभावशाली साबित हो रहा है। सहायक शिक्षिका एकता श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चे करके बेहतर सीखते हैं और शिक्षण सहायक सामग्री बनाने में रुचि लेकर अपना ज्ञान अर्जन भी करते हैं। बच्चों द्वारा बनाई गई सामग्री पर एसएमसी अध्यक्ष सविता, पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र, इंदल, प्रेम शंकर. विद्यालय की रसोइया किरण देवी एवं कलावती द्वारा बच्चों का उत्साह बढ़ाया गया।

## निफ्ट में धूमधाम से मना ओणम पर्व

संवाददाता,रायबरेली



ओणम पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं निफ्ट की छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) शनिवार को ओणम का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में निफ्ट के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अनेक पारंपरिक नृत्य, संगीत प्रस्तुतियां, बैंड शो, पारंपरिक वस्त्रों का फैशन शो और भव्य दक्षिण भारतीय भोजन का आयोजन किया गया। यह पर्व निफ्ट के समावेशी स्वरूप को और अधिक उजागर करता है, जहां विभिन्न संस्कृतियों का एक अनूठा संगम देखने को मिलता है। कार्यक्रम का मंच संचालन वरुण और तुलसी द्वारा किया गया। इस आयोजन में स्तुति सोनकर (सहायक प्रोफेसर), विष्णु प्रताप (सहायक प्रोफेसर), दीक्षा, कृष्णाश्री, गौरी, अनिना और सभी निफ्ट के छात्रों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## मजबूत शिक्षा प्रगति का आधार

संवाददाता,सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** शिक्षा के प्रति बच्चों में अधिक रुचि व लगन बढ़ाने के उद्देश्य से ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल सरेनी में संपन्न हुए क्वार्टरली एग्जामिनेशन (एफएवन) के परिणाम में प्राप्त रैंक के आधार पर बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

अपने संबोधन में विद्यालय के प्रधानाचार्य गौरव कुमार तिवारी ने कहा कि "मजबूत शिक्षा प्रगति का आधार है इससे विद्यार्थियों के विचारों में सकारात्मक बदलाव आता है। अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र के बीच कड़ी-रोल में होते हैं। समय-समय पर छात्र-छात्राओं की दिनचर्या की जानकारी से शैक्षिक स्तर में अमूलभूत सुधार होता है व स्वअनुशासन जागृत होता है।" अरनवी सिंह, आर्या सूर्यवंशी, अभिषेक, प्रागी सिंह, आशीष कुमार, सौरभ तिवारी, अनन्य द्विवेदी, भारती व सृष्टि तिवारी ने प्रथम रैंक का पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि आयांश यादव, रियान सिंह, पीयूष द्विवेदी, सौम्या, देव गुप्ता, प्रीत कुशवाहा, अथर्व सिंह, अंशिका तथा कल्याणी शुक्ला ने क्रमशः द्वितीय रैंक का पुरस्कर प्राप्त किया। तृतीय रैंक में अभिनव यादव, अंशिका चौरसिया, अवनी कुशवाहा, शौर्य तिवारी, अबू हमजा, एंजल, आर्या सिंह, वेदिका सैनी, अंश द्विवेदी और शिवानी को पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रबंधक अनूप तिवारी ने सभी को हार्दिक दी है।

**निष्क्रियता** | सलोन क्षेत्र में हुई थीं चोरी की घटनाएं

## चोरी की कई वारदातों का पुलिस नहीं कर सकी खुलासा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचारः** चोरी की करीब आधा दर्जन वारदातों का पर्दाफाश सलोन पुलिस नहीं कर सकी है। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा तो दर्ज कर लिया पर चोरों का पता नहीं लगा सकी। चोरी की इन वारदातों का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी।

**केस एक** कोतवाली अंतर्गत कस्बा सलोन के परशदेपुर रोड पर बीती 14 जुलाई की रात चोरों ने दुकान में सेंधमारी करके लगभग 65 हजार कीमत के मोबाइल पार कर दिए।

**केस दो** कोतवाली क्षेत्र के अजीजाबाद मजरे आशिकाबाद गांव में बीती 16 अगस्त की रात अजय कुमार के घर में दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर 1.25 लाख की नकदी समेत सात लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण ले गए थे। पीड़ित ने घटना की सूचना सलोन पुलिस को दी थी। पुलिस ने पीड़ित को बैरंग वापस कर दिया।

**केस तीन** कोतवाली अंतर्गत किठावा गांव निवासी सुनील सोनी की धरई बाजार में शुभम ज्योलर्स के नाम से आभूषण की दुकान है। बीती 24 अगस्त की दोपहर चेन देखने के बहाने चोर लगभग 20 ग्राम सोने का आभूषण लेकर फरार हो गए।

**केस चार** कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदाबाद चौराहे पर अंजनी अग्रहरि की दुकान में सेंधमारी कर चोरों में पान मसाला समेत लगभग 40 से 45 हजार रुपये का सामान चोरी किया था। चोरी ने इस दुकान में तीसरी बार घटना को अंजाम दिया था। लेकिन आज तक खुलासा नहीं हुआ। अब देखना ये है कि रायबरेली की पुलिस इन सब मामले का कब खुलासा करती है।

**केस पांच** सूची कस्बे में दिनदहाड़े डेंटल क्लीनिक में घुसे चोर ने गल्ले में रखे छह हजार रुपये पार कर दिये। घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ था। आज तक इस घटना का खुलासा नहीं हुआ



### चोरी की वारदातों का सबसे ज्यादा किया खुलासा

थानाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह का कहना है हमसे ज्यादा चोरी का खुलासा किसी ने किया नहीं है। सबसे ज्यादा गैंगस्टर के आरोपियों को भी मैंने जेल भेजा है। हालांकि उपरोक्त चोरी की वारदात के बारे में चुप्पी साधे रहे।

# राम मंदिर में अभी दर्शन नहीं करेंगे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

## बोले- जिसने भी खाए तिरुपति के लड्डू, सबमें आया होगा पाप का बोध

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** गोध्वज यात्रा की रामनगरी से शुरुआत करने के लिए उत्तराखंड के जोशीमठ स्थित ज्योतिर्मठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शनिवार को अयोध्या पहुंचे। जानकी घाट क्षेत्र स्थित चारुशिला मंदिर के राम हर्षण भवन में मंत्र उच्चारण के बीच शिष्यों ने उनका स्वागत किया। शाम को हनुमान गढ़ी पर दर्शन करने के बाद सरयू आरती में भी शामिल हुए। वह रविवार को क्षीरेश्वर नाथ मंदिर में पूजन कर राम मंदिर परिसर के शास्त्रीय सीमा रामकोट की परिक्रमा कर गोध्वज यात्रा को सफल बनाने के लिए रामलला से कामना करेंगे, लेकिन वह राम मंदिर में दर्शन करने के लिए नहीं जाएंगे। उनका मानना है कि पूर्व में ही इसकी जानकारी दे चुके हैं कि राम मंदिर का शिखर बनने के बाद ही मंदिर में प्रवेश करेंगे।

अयोध्या धाम में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने सवाल किया कि सरकार धर्म के काम क्यों कर रही है, धर्म के काम धर्माचार्यों को सौंपे। अयोध्या के धर्माचार्यों से अनुरोध है कि सब एकत्र हो जाएं। सरकार के हाथ से मंदिरों को छुड़ा धर्माचार्य अपने हाथों में लें, ताकि जो धार्मिक व्यवस्था है, वह सुव्यवस्थित हो सके।


चारुशिला मंदिर के राम हर्षण भवन में मौजूद जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती। अमृत विचार

**गोध्वज यात्रा की शुरुआत करने के लिए अयोध्या पहुंचे ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य**

बताया कि रविवार को गोध्वज की स्थापना की जाएगी। कहा कि तिरुपति के लड्डू अयोध्या आए थे। यहां से लाखों लोगों को पहुंचाया गया। जाने कितने मुख में गए होंगे। उन सबमें पाप बोध आ गया है। सनातनी जनता को लग रहा है कि उनकी पवित्रता खंडित हो गई है। वे हमसे पूछ रहे हैं कि हम क्या करें। धर्म शास्त्रों के माध्यम से हमने उनसे कहा है कि बल व छल पूर्वक कोई कुछ करवा ले तो पश्चाताप न करो। पंचगव्य का प्राशन हिंदू कर लें तो वे पवित्र हो जाएंगे, लेकिन दोषी को कठोर से कठोर दंड दिया जाना चाहिए। एक सवाल के जवाब में कहा कि मंदिर हमारे लिए कभी महत्वपूर्ण नहीं रहा। हमारे लिए भगवान महत्वपूर्ण हैं। नाम, रूप, लीला और धाम इन चार रूपों में हम भगवान की आराधना करते हैं। अयोध्या श्रीराम का धाम है। जन्मभूमि है। इस कारण से इस स्थान का महत्व है। मंदिर बन गया है अच्छी बात है, नहीं तो भी जन्मभूमि हमारे लिए पूजनीय है।

### काशी-मथुरा की भूमि भी होनी चाहिए हमारे पास

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी व मथुरा के सवाल पर कहा कि जो भूमि हमारे प्रभु की है, वो हमारे हाथ में होनी चाहिए। आश्चर्य इस बात का है कि कुछ लोग कब्जा जमा कर बैठे हैं और चाहते हैं कि कब्जा बरकरार रहे। ये हमारे ऊपर अत्याचार है। हम इसके लिए प्रयास कर रहे हैं तो इसमें क्या आश्चर्य है। हम उसको प्राप्त करने के लिए प्रयास करेंगे। अयोध्या के लिए आंदोलन खड़ा हुआ। आज हम सफल हो गए। जमीन हमारे पास है। श्रीराम विराजमान हैं। ऐसी ही जो दूसरी भूमि है, जिन पर अतिक्रमण किया गया है उनको भी हम प्राप्त करेंगे। अब समस्या ये है कि लोग ये कह रहे हैं कि राम आए, लेकिन राम के आने का परिणाम क्या है, ये बड़ा सवाल देश में है। अब राम जी के आने का क्या प्रभाव है। देश में क्या अंतर हुआ। राम जी के आने का अंतर पहले देख लें। राम जी के आने से गौ माता की प्रतिष्ठा पुनः कायम होगी।

## प्रसाद को लेकर हनुमानगढ़ी अखाड़ा सतर्क

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** तिरुपति के लड्डू प्रसाद में जानवरों की चर्बी मिलाने का मामला सामने आने के बाद अब हनुमानगढ़ी अखाड़ा भी सतर्क हो गया है। रामनगरी की सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी में विराजमान हनुमान लला को भी प्रसाद के रूप में लड्डू अर्पित किए जाते हैं। ऐसे में हनुमानगढ़ी अखाड़ा प्रसाद की शुद्धता को लेकर सचेत हो गया है। हनुमानगढ़ी के संतों की टोली ने शनिवार को लड्डुओं के कारखानों का निरीक्षण किया और उनकी गुणवत्ता परखी। कारीगरों को गुणवत्ता युक्त प्रसाद रखने की हिदायत दी।

संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने कहा कि तिरुपति के लड्डू में गाय की चर्बी सहित जो अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं मिली हैं वह सनातन धर्म के साथ खिलवाड़ हैं। जांच में दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। जो भी दोषी हो उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। कहा कि हनुमानगढ़ी हमेशा से ही प्रसाद की शुद्धता को लेकर गंभीर रहा है। प्रशासनिक स्तर व हनुमानगढ़ी अखाड़ा दोनों स्तरों से निगरानी की जाती है। प्रशासन की ओर से समय-समय पर सैंपलिंग कराई जाती है, जबकि अखाड़ा के संत भी लगातार प्रसाद की निगरानी करते रहते हैं। ब्रांडेड घी का इस्तेमाल किया जाता है। गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाता है।


लड्डू कारखाने का निरीक्षण करते हुए महंत संजय दास और अन्य संत।

**हनुमान गढ़ी पर चढ़ने वाले लड्डू की शुद्धता परखने उतरी संतों की टोली**

अयोध्या के हनुमानगढ़ी पर चढने वाले लड्डू की शुद्धता को लेकर इसके पहले भी पंचों ने व्यापारियों के साथ बैठक कर सिर्फ देसी घी के लड्डू को बेचे जाने के लिए सहमति हुई थी, जिसकी बात से अयोध्या में हनुमानगढ़ी के पास बिकने वाले लड्डू की शुद्धता और गुणवत्ता को लेकर विशेष ख्याल रखा जा रहा है। व्यापारी श्यामू गुप्ता ने कहा कि हम लोग देसी घी से बने हुए ही लड्डू बेच रहे हैं।

## सपा सांसद के पुत्र पर अगवा कर मारपीट करने का लगा आरोप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सपा सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र और मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के पार्टी प्रत्याशी अजीत प्रसाद पर एक शख्स को अगवा कर मारपीट करने का आरोप लगा है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए नगर कोतवाली पुलिस को शिकायत दी है।

पूराकलंदर थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया रिसाली हनुमत नगर निवासी रवी तिवारी पुत्र लालता प्रसाद का कहना है कि उसने अकवारा निवासी शीतला प्रसाद से जमीन की खरीद के लिए सौदा किया था और एक लाख रुपये पेशगी दी थी। बाद में शीतला की जमीन का सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद व लाल बहादुर के नाम बैनामा करवा दिया। पेशगी की रकम एक लाख लौटाने के लिए सांसद पुत्र अजीत प्रसाद की ओर से चेक दिया गया। रवी का आरोप है कि शनिवार को दोपहर बाद वह भारतीय स्टेट बैंक सिविल लाइन के पास खड़ा था। इसी दौरान करीब 2:45 बजे पांच वाहनों से सांसद पुत्र अजीत प्रसाद मौके पर पहुंचे और उसको घसीट कर वाहन में बैठा लिया। उनके साथ सिपाही शशिकान्त राय, राजू यादव समेत लगभग 15-20 लोग थे। गाड़ी में बैठाने के बाद अजीत प्रसाद ने पिस्टल निकाल उनके सिर पर रख दिया और मारते-पीटते हुए रिकाबगंज की तरफ ले गए। तहसील के पास लेकर आए और गाड़ी खड़ी कर एक लाख रुपये वापस लेने का वीडियो बनाया व जान से मार देने की धमकी देते हुए गाड़ी से उतार दिया।

## धमकी देने के मामले में आरोपी को लेकर बिहार गई पुलिस टीम

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सहायता केंद्र नंबर पर व्हाट्सएप भेज राममंदिर को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी के मामले में गिरफ्तार आरोपी को थाना रामजन्मभूमि पुलिस की टीम लेकर बिहार गई है। वहीं पुलिस ने आरोपी के साले तथा उसके एक दोस्त को हिरासत में लिया है। प्रकरण में पुलिस बरामदगी तथा अन्य की तलाश में जुटी हुई है। श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सहायता केंद्र नंबर पर 22 अगस्त को उर्दू में व्हाट्सएप संदेश भेजकर राममंदिर को चार हजार किलो आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई थी। दर्ज मामले की तहकीकात में जुटी आरजेबी थाना पुलिस ने मोबाइल सर्विलांस के सहारे बिहार प्रांत के भागलपुर जिले से बरारी थाना क्षेत्र के बड़ी खंजरपुर मस्जिद गली निवासी मक़सूद अंसारी को गिरफ्तार किया था और अदालत से ट्रांजिट रिमांड हासिल कर जनपद लेकर आई थी तथा उसका चालान किया था। पूछताछ में मकसूद ने घटना के समय उसका मोबाइल साले अरमान उर्फ़ अमने के पास होने की बात कही थी। टीम ने आरोपी के साले अरमान उर्फ़ अमन और उसके एक दोस्त को हिरासत में लिया है। सुरक्षा एजेंसियों की मदद से आरोपी के मोबाइल का डाटा निकलवाया और आरोपी का 4 दिन का पुलिस कस्टडी के बाद उसे लेकर बिहार रवाना हुई है।

## इंटरसिटी समेत तीन जोड़ी ट्रेनें की गईं निरस्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के शाहगंज जंक्शन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य और बाराबंकी जंक्शन-अयोध्या कैंट-अकबरपुर-जफराबाद सेक्शन पर यार्ड रिमॉडलिंग के चलते रेल प्रशासन ने इस मार्ग से गुजरने वाली बहराइच इंटरसिटी समेत तीन जोड़ी ट्रेनों को निरस्त करने का निर्णय लिया है। शनिवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि यार्ड को आधुनिक बनाने के लिए विभाग की ओर से रिमॉडलिंग कराई जाती है। रेल प्रखंड पर इन्हीं सब कार्यों के चलते अयोध्या कैंट के रास्ते रक्सौल से आनंद विहार टर्मिनल 14017 सद्भावना एक्सप्रेस को 26 सितंबर से 3 अक्टूबर तक, आनंद विहार टर्मिनल से रक्सौल 14018 सद्भावना एक्सप्रेस को 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक, बहराइच से वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस 14214 को 23 सितंबर से 6 अक्टूबर तक, वाराणसी से बहराइच इंटरसिटी एक्सप्रेस 14213 को 22 सितंबर से 5 अक्टूबर तक संचालित की जाएगी।

## ड्राई राशन उठान करने वाली महिलाएं हुईं कर्जदार

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत बाल विकास विभाग से ड्राई राशन की उठान करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पिछले ढाई वर्ष से भाड़ा नहीं मिला है। उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार गांव की गरीब महिलाओं को राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जोड़ कर रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की बात कहती है, लेकिन विकास खंड खंड बाजार शुकुल के 58 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पिछले अप्रैल माह से ड्राई राशन उठान का भाड़ा न मिलने के कारण आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। 2021 में जारी शासनादेश के अनुसार बाल विकास विभाग की ओर से गांवों में गर्भवती-धात्री महिलाओं, कुपोषित-अतिकुपोषित बच्चों एवं किशोरियों में वितरित कराए जाने वाले ड्राई राशन के उठान का दायित्व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सौंपा गया था। इसके बदले महिलाओं को 6 रुपए प्रति लाभार्थी की दर से भाड़ा दिए जाने का आदेश है।

**अप्रैल माह से नही मिला किराया**

मवैया रहमत गढ़ को ग्राम पंचायत के जय दुर्गा सहायता समूह की महिला गीता बताती हैं कि उनका समूह ड्राई राशन उठान के लिए नामित है। वह ढाई वर्ष से राशन का उठान भी कर रही है। परंतु अप्रैल माह से भाड़े के नाम पर अभी तक उन्हें एक रुपया भी नहीं मिला। किसान स्वयं सहायता समूह सेवरा गांव की सुनीता देवी बताती हैं कि वह पिछले छह माह से कर्ज लेकर राशन का उठान कर रही हैं। भाड़ा न मिलने की वजह से लोगों ने उन्हें कर्ज देना भी बंद कर दिया है। कृष्णा स्वयं सहायता समूह की राजपपती देवी बताती हैं कि बीते माह में हम लोगों ने आर्थिक तंगी के कारण ड्राई राशन उठान करने में असमर्थता व्यक्त करते हुए बाजार शुकुल विकास खंड के राष्ट्रीय आजीविका मिशन कार्यालय में शिकायत की। माँझ गांव के प्रेणा स्वयं सहायता समूह की महिला बताती है कि राशन की उठान करते-करते हम सब महिलाएं कर्ज में डूब चुकी हैं।

> बाजार शुकुल बाल विकास परियोजना गोदाम से 54 स्वयं सहायता समूह की, महिलाएं ड्राई राशन का उठान करती हैं। इनका भाड़ा बाल विकास विभाग से ग्राम्य विकास विभाग को हस्तांतरित कर दिया जाता है। समूह के खातों में पैसा भेजना ग्राम्य विकास विभाग की जिम्मेदारी है।
>
> –संतोष श्रीवास्तव, डीपीओ

> उनके स्तर से लाभार्थियों का आंकलन करके भाड़ा भुगतान के लिए डाटा प्रत्येक माह जिला मुख्यालय भेज दिया जाता है। शीघ्र ही समूहों के खाते में भाड़े की धनराशि पहुंच जाएगी।
>
> –मनोज मिश्र, प्रभारी एडीओ एनआरएलएम

## संपूर्ण समाधान दिवस : 34 मामलों में से 4 का निस्तारण

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचारः** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए है। कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील मुसाफिरखाना में कुल 34 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 शिकायतों का निस्तारण कराया गया, गौरीगंज में 12 शिकायतों में से 2 का निस्तारण हुआ, अमेठी में 22 शिकायतों में 1 का निस्तारण किया गया तथा तिलोई में 26 शिकायतों में से 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।

**शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

## सार-संक्षेप

### तालाब की जमीन पर बने मकान पर चला बुलडोजर


मकान को ढहाता बुलडोजर। अमृत विचार

**संवाददाता, जामो, अमेठी। अमृत विचार :** जामों थाना क्षेत्र के शाहपुर में तालाब की जमीन पर हुए अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर से ढहा दिया गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने तालाब गाता संख्या 134 पर हुए अतिक्रमण को कोर्ट के आदेश के बाद शनिवार को कार्रवाई की। जिलाधिकारी अमेठी एवं अन्य में पारित आदेश के अनुपालन में प्रार्थना पत्र अंतर्गत पहला 460 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के अंतर्गत वाद संख्या 85412017 बनाम ग्राम सभा बनाम जोखू में पारित बेदखली आदेश का अनुपालन में जोखू पुत्र राम दुलारे निवासी शाहपुर मजरे गौरा जामों तहसील गौरीगंज जनपद अमेठी को नोटिस दिया गया था कि 7 दिन के अंदर गाटा संख्या 134 तालाब भूमि से रकबा 0 .0025 हे . से अपन अवैध निर्मित मकान स्वयं हटाकर तालाब की भूमि खाली कर दे। अन्यथा 7 दिन बाद उच्च न्यायालय के आदेश पर अवैध अतिक्रमण खाली करा दिया जायेगा। मौके पर पहुंचे अधिकारी तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, कानून गो, लेखपाल की मौजूदगी में अवैध अतिक्रमण को खाली कराया गया।

### वन विभाग संग्रामपुर ने की बड़ी कार्रवाई

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार :** जिले के विकासखंड संग्रामपुर में स्थित पौधशाला भावसिंहपुर प्रभारी द्वारा संग्रामपुर में लकड़ी कटान की रोकथाम के लिए दो लकड़ी ठेकेदारों पर बड़ी कार्रवाई की। एक ठेकेदार पर पूरी लकड़ी सीज करके अमेठी रेंज में जमा कर दिया गया। वहीं दूसरे ठेकेदार पर आर्थिक दंड के रूप में कड़ी कार्रवाई की गई। अमेठी डीएफओ के निर्देश पर जिले में लकड़ी कटान रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते दिनों कुछ ठेकेदार द्वारा अवध रूप से लकड़ी काटी जा रही थी। सूचना पौधशाला भावसिंहपुर प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर कुछ लकड़ियों को सीज कर दिया वहीं एक जगह आर्थिक दंड के रूप में कार्रवाई की। प्रभारी ने बताया की मुखबिर की सूचना पर जानकारी मिली कि पूरे गडरिया मजरे सहजीपुर में लकड़ी कटान ठेकेदार द्वारा नीम का विशालकाय पेड़ काटा जा रहा है। लकड़ी मौके पर मिली और वह लकड़ी चीज करते हुए अमेठी रेंज में जमा कर दी गई। महुआ का पेड़ काटने की सूचना लेकिन तब तक लकड़ी ठेकेदार द्वारा हटा ली गई नापतोल करके सरकारी आर्थिक दंड के रूप में रसीद काट दी गई है।

### मनाया गया अल्जाइमर दिवस



**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार :** अल्जाइमर दिवस 21 सितंबर को मनाया जाता है। यहां एक भूलने की बीमारी होती है, जिसमें मरीज हर व्यक्तियों स्थान को भूल जाता है। यहां बीमारी किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र में हो सकती है, परंतु यह विधवा अवस्था में अत्यधिक देखने को मिलता है। इस बीमारी में मरीज को भावनात्मक सहारे की अधिक आवश्यकता होती है। आंचल विश्वकर्मा, अंजली यादव, मीनाक्षी प्रजापति, लक्ष्मी यादव, मुस्कान मिश्रा, दीक्षा अग्रहरि, अंजलि कश्यप, अंजलि आदि रहें उपस्थित एक नाटक हुआ है।

### मूलभूत साक्षरता से होती है बुनियादी जानकारी : धीरेंद्र प्रताप सिंह

**संवाददाता, तिलोई, अमेठी, अमृत विचार :** ब्लाक संसाधन केंद्र तिलोई, अमेठी पर 4 दिवसीय मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्रशिक्षण खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप की देखरेख में प्रारम्भ हुआ था। प्रशिक्षण के तृतीय दिवस पर धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ,अमेठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजन-अर्चन करके प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया। प्रशिक्षक ए आर पी बृजेश कुमार सिंह, मो .सईद माधवेन्द्र प्रताप सिंह, शोभा शरण एवं अतुल श्रीवास्तव द्वारा लगभग 100 प्रतिभागी शिक्षकों को बुनियादी कौशल वृद्धि हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक बृजेश कुमार सिंह द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा एफएलएन के प्रशिक्षण से बुनियादी कौशल बढ़ता है। बच्चों को सिखाने-पढ़ाने के नये-नये तरीकों की जानकारी होती है। प्रशिक्षण में भारतेन्द्र सिंह, सरोज सिंह, शोयब खान, प्रिया मिश्रा, सोनम वर्मा, अशोक प्रताप मौर्य, बृज किशोर, प्रवीण कुमार, अवधेश सिंह, सुचित्रा सती, शीला रानी, शीला, हसरतुल निशा, रेखा रानी, मीरा सिंह, शबनम बानो, प्रहलाद सिंह समेत सैकड़ों प्रतिभागी शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल में पूर्ण रूप ब्लड बैंक शुरू

संवाददाता, अमेठी

**खबर का असर**


सीएचसी में ब्लड बैंक की व्यवस्था ही नहीं

**अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी क्षेत्र की करीब एक लाख की आबादी के लिए यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है जिसमें एफआरयू यानी फर्स्ट रेफरल यूनिट संचालित है पर ब्लड बैंक न होने की खबर को प्रमुखता से अमृत विचार के संवाददाता द्वारा छापा गया था, जिसका असर हुआ।

सीएमओ अमेठी डॉक्टर अंशुमान सिंह ने बताया कि ब्लड बैंक जिला अस्पताल अमेठी गौरीगंज में पूर्ण रूप संचालित है। सीएचसी स्तर पर ब्लड बैंक का कोई प्राविधान नही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड स्टोरेज यूनिट की व्यवस्था शीघ्र उपलब्ध करा दी जाएगी। सीएचसी में ब्लड स्टोरेज यूनिट की व्यवस्था हो जाने पर मरीजों को राहत मिलेगी। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सीएचसी अमेठी में ही मिल सकेगी उनको ब्लड के जिला जिला अस्पताल जाने की जरूरत नही पड़ेगी।

## मौनी स्वामी ने युवती को लव जिहाद से बचाया

**गौरीगंज, अमेठी, अमृत विचार :** बाबूगंज स्थित सगरा आश्रम के संत मौनी स्वामी ने हिन्दू युवती को लव जिहाद के चंगुल में फंसने से बचा लिया। मौनी स्वामी ने आश्रम परिसर से वर्ग विशेष के एक युवक को युवती साथ पकड़ कर एक वीडियो जारी किया है।

उन्होंने विशेष समुदाय के युवक पर लव जिहाद का आरोप लगाते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को अपने साथ थाने ले गई। सीओ अखिलेश वर्मा ने बताया कि दोनों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। तहरीर प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी।

## 2027 में बनेगी सपा की सरकार : गुंजन

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचारः** अमेठी में शनिवार को समाजवादी पार्टी की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कार्यालय पर अमेठी विधानसभा की 31 सदस्यों की कार्यकारिणी को पूरा करते हुए सभी सदस्यों को मनोनयन पत्र और समाजवादी टोपी पहनकर समाजवादी पार्टी में शामिल किया। अमेठी जनपद में जिला अध्यक्ष गुंजन सिंह की अगुवाई में समाजवादी पार्टी लगातार मजबूत होती जा रही है।


समाजवादी पार्टी में शामिल हुईं महिलाएं। अमृत विचार

गुंजन सिंह ने अमेठी में सपा कार्यालय पर अमेठी विधानसभा की अध्यक्ष प्रतिभा यादव की उपस्थिति में अमेठी विधानसभा की टीम को पूरा करते हुए 31 महिला सदस्यों की कमेटी का गठन कर लिया है। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष प्रतिभा यादव ने अमेठी विधानसभा उपाध्यक्ष सीता देवी, संग्रामपुर ब्लॉक अध्यक्ष निर्मला देवी, अमेठी ब्लॉक अध्यक्ष रेखा यादव, भेटुआ ब्लॉक अध्यक्ष रीता कोरी, भादर ब्लॉक अध्यक्ष राज कुमारी के साथ 31 सदस्यों की कमेटी का गठन कर उन्हें मनोनय पत्र देते हुए समाजवादी पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुचाने के लिए प्रेरित किया। जिला अध्यक्ष गुंजन सिंह ने बताया कि अमेठी जनपद के लोग सपा से जुड़ना पसंद कर रहे हैं। हमारा पूरा फोकस 2027 में अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनना है जिसके लिए हम गांव-गांव जाकर लोगों से मिलकर समाजवादी पार्टी की नीतियों के और उनके उद्देश्यों के बारे में बता रहे हैं।

## गायत्री परिवार के संस्थापक की मनी जयंती

संवाददाता, फुरसतगंज, अमेठी

**अमृत विचारः** युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में एवं गायत्री परिवार शक्तीपीठ अमेठी के नेतृत्व में विकासखंड बहादुरपुर के ग्राम पंचायत सराय महेशा गायत्री मंदिर में परम पूज्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी की जयंती मनाया गया।

आचार्य जी भारत के एक युगदृष्टा मनीषी थे, जिन्होंने अखिल विश्व गायत्री परिवार की स्थापना की। उनने अपना जीवन समाज की भलाई तथा सांस्कृतिक व चारित्रिक उत्थान के लिये समर्पित कर दिया। उन्होंने आधुनिक व प्राचीन विज्ञान व धर्म का समन्वय करके आध्यात्मिक नवचेतना को जगाने का कार्य किया ताकि वर्तमान समय की चुनौतियों का सामना किया जा सके। उन्होंने विपुल साहित्य की रचना की जिसमें 4 वेद, 108 उपनिषद, 6 दर्शन, 20 स्मृतियां और 18 पुराणों के भाष्य सम्मिलित हैं। उन्होंने मथुरा में गायत्री तपोभूमि एवं उन्होंने 3200 पुस्तकें लिखीं है। गायत्री परिवार बहादुरपुर के सभी परिजनों द्वारा प्रातः यज्ञ कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। इस सपने को साकार करने के लिए हम सभी को इस कार्यक्रम को लेकर ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में ब्लॉक युवा समन्वयक जनमेजय तिवारी, आचार्य अर्पिता तिवारी, युवा सह समन्वयक चंद्रकेश, वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदीश सिंह ओम प्रकाश यादव, मनीष आकाश प्रेमनाथ तिवारी आदि लोग उपस्थित रहें।



## प्रसाद में मिलावट पर साधु-संत नाराज

**तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रसाद में चर्बी के तेल मिलाने का मामला**

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा भगवान तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रसाद में मछली का तेल व जानवरों की चर्बी मिलने की बात सामने आने के बाद से संत महापुरुषों का आक्रोश सामने आया है।

अमेठी सगरा पीठाधीश्वर मौनी महाराज ने भगवान तिरुपति बालाजी को चढ़ाए जाने वाले लड्डू के प्रसाद में मिला मछली का तेल व जानवरों की चर्बी से नाराजगी व्यक्त की है। कहा की यह सनातन धर्म के विरुद्ध किया जा रहा षड्यंत्र है। वहीं संग्रामपुर स्थित मां कालिकन धाम के महंत श्री महाराज ने भी आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सनातन धर्म को बदनाम किया जा रहा है। यह बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। वहीं स्वामी दिनेशानंद महंत टीकर माफी ने भी भगवान तिरुपति बालाजी को चढ़ाए जाने वाले लड्डू के प्रसाद में देसी घी के नाम पर जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलाए जाने से अपनी नाराजगी जाहिर की है और कहां की यह क्षमा करने योग्य नहीं है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति बाला जी मंदिर में मिलने वाले प्रसाद लड्डू में मिलाए जाने वाले घी में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल की मिलावट हुई है। वहीं स्वामी ने कहा की अयोध्या राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के समय भी तिरुपति बाला जी से लड्डू लाया गया था। इससे सनातन आस्था पर चोट है ये क्षमा करने योग्य नहीं है। इस पर सरकार को जांच करके कठोर से कठोर सजा देनी चाहिए।


पीठाधीश्वर मोनी महाराज


कालिकन धाम के पुजारी


महंत दिनेशानन्द जी

## एक नजर

### संजय खंडेलवाल अध्यक्ष विपिन बने महामंत्री

**प्रतापगढ़** : श्रीरामलीला समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक गोपाल मंदिर में हुई। इसमें संजय खंडेलवाल को अध्यक्ष और विपिन गुप्ता को दोबारा मंत्री पद का दायित्व दिया गया। शहर की रामलीला की शुरुआत तीन अक्तूबर से होगी। संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, प्रह्लाद खंडेलवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई। रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि रामलीला की शुरुआत शिव बारात से होगी। शिव पार्वती विवाह का मंचन चिलबिला चौराहे पर किया जाएगा।

### शिक्षक पर हमला कर आंख में डाला मिर्च पाउडर

**पट्टी, प्रतापगढ़** : हर्जामऊ गांव निवासी आलोक तिवारी प्राथमिक विद्यालय हर्जामऊ में प्रधानाध्यापक हैं। शुक्रवार रात नौ बजे वह अपने मित्र आशीष मिश्रा के साथ घर जा रहे थे। उड़ैयाडीह पृथ्वीगंज मार्ग पर सरयू देवी महाविद्यालय महोखरी के पास आधा दर्जन बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली। आंख में मिर्च का पाउडर डालकर लाठी-डंडे से पीट दिया। पट्टी कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### अपने नंबर पर ही अड्डे पर खड़ी होंगी निजी बसें

**प्रतापगढ़** : निजी बस मालिकों की बैठक संजय मार्केट में यूपी ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष विजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। बस मालिकों ने यह निर्णय लिया कि जिस गाड़ी का जब नम्बर होगा वह बस अपने समय पर बस अड्डे पर आएगी। यात्री सुविधाओं और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने के लिए संजय मार्केट में बने बस अड्डे पर बस अपने नम्बर के समय ही खड़ी होगी। जिन बसों का नम्बर नहीं होगा वह केपी कॉलेज के बगल ग्राउंड में खड़ी रहेंगी। अपने नम्बर पर उक्त बस अड्डे पर आकर खड़ी होगी। संचालन विवेक पांडेय ने किया। इस दौरान अरुण कुमार सिंह, रवि दुबे, तौफीक, राजेश कुमार सिंह, विनोद प्रताप सिंह, दीनानाथ पांडेय, राहुल पांडेय आदि मौजूद रहे।

### किसान संघ ने पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

**बारा/नैनी** : भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश की बारा इकाई द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र उप जिला अधिकारी बारा को सौंपा गया। मांग पत्र में प्रमुख रूप से आगामी धान की फसल खरीद के लिए अधिक से अधिक खरीद केन्द्र स्थापित कर बिचौलियों और डिफाल्टर मिलरों को हटाने के साथ क्रय केंद्र पर किसानों सुविधा प्रदान कराने, बारा क्षेत्र में किसानों और छात्रों को दुर्घटना से बचाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग से ओवरलोड वाहनों का संचालन रोकने एवं साधन सहकारी समितियों में पर्याप्त उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग किया। भारतीय किसान संघ की बैठक के बाद विभिन्न मुद्दों को लेकर ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित उपजिलाधिकारी बारा को दिया गया, जिसमें मुख्य रूप से जिला मंत्री प्रयागराज अतुल सिंह, ब्लॉक मऊआइमा के मंत्री रामेश्वर प्रसाद पटेल, शंकरगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष सनत कुमार उर्फ राजेश सिंह, ब्लॉक मंत्री मनोज दुबे आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### विधायक ने चौपाल लगा कर सुनीं जनसमस्याएं

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत के भटवारी के पंचायत भवन परिसर में छानबे विधायक रिंकी कोल ने जान चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर समस्याओ का शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। जन चौपाल में भूमि विवाद से सम्बंधित मामले ज्यादा आये। छानबे विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर उसके निस्तारण के लिए अधिकारियो से फोन पर बात कर निर्देश दिया।

# 20 वर्षों से रह रहे कर्मचारियों का छीना आशियाना

## हाईकोर्ट के आदेश पर एसडीएम ने खाली कराई कॉलोनी, कंपनी बंद होने के बाद से नहीं मिला वेतन

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** पिछले 20 वर्षो से नैनी के पीडीए कॉलोनी में रह रहे टीएसएल कंपनी के 50 कर्मचारियों के आशियाने को शनिवार दोपहर खाली करा दिया गया। यह कार्रवाई हाई कोर्ट के आदेश पर की गई। कार्रवाई के बाद सभी कर्मचारियों ने तत्काल प्रभाव से कॉलोनी को खाली कर दिया। कॉलोनी मे रहने वाले लोगों ने घरों से सारा सामान निकालकर सड़क पर आ गये। इस कार्रवाई के दौरान भारी फोर्स मौजूद रही।

नैनी में काफी समय से बंद पड़ी टीएसएल कम्पनी के कर्मचारी पहले से मुसीबत झेल रहे थे। किसी तरह से आर्थिक तंगी के बीच अपने परिवार को पाल रहे थे। शनिवार को उन पर मुसीबतों का एक और पहाड़ टूट पड़ा। बीस सालों से नैनी के पीडीए कॉलोनी में बनी कॉलोनी में कम्पनी के 50 कर्मचारी रह रहे थे। कम्पनी में ज्वाइनिंग के दौरान ही उन कर्मचारियों को वह फ्लैट एलाट किया गया था। लेकिन कम्पनी बंद होने के बाद से उन कर्मचारियों को कोई भुगतान नही मिल सका। वही कम्पनी के कर्मचारियों को उस कॉलोनी से शनिवार को बाहर करा दिया गया। शनिवार को हाईकोट के आदेश पर प्रभारी तहसीलदार बारा गणेश सिंह ने नैनी इंस्पेक्टर वैभव सिंह व थाने की फोर्स के साथ पहुंचकर कॉलोनी को खाली करा दिया। मौके पर रहे अधिकारियों ने नोटिस चस्पा कर मकानो को सील कर दिया है। बेघर हुए लोग सड़क पर अपना सामान रखकर सिर्फ यह सोचते रहे कि आखिर अब कब उन्हें आशियाना मिलेगा।



कॉलोनी के बाहर सामान के साथ खड़े लोग।




दीवार पर चस्पा नोटिस। अमृत विचार

### एक महीने पहले मिली थी नोटिस

कॉलोनी में रहने वाले शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि 2004 में वह कॉलोनी में आये थे। उन्हें बीआरएस भी नही दिया गया। एक महीने पहले ही कम्पनी ने कॉलोनी खाली के लिए नोटिस जारी किया गया था। जिसके बाद वह कोर्ट की डबल बेंच पर याचिका दाखिल की थी लेकिन उन्हें न्याय नही मिल सका।

वहीं सविता देवी और रामकली ने कहा कि हम लोग कई साल से यहां रह रहे थे। कालोनी नौकरी के समय ही मिली थी। कंपनी बंद होने के बाद आज तक पैसा तो मिला नही बल्कि जो सिर ढकने का एक सहारा था उसे भी छीन लिया गया।

> कॉलोनी को कम्पनी कंपनी ने खाली कराने के लिए कोर्ट मे पत्र दाखिल किया था। हाई कोर्ट के आदेश के बाद कॉलोनी को शांतिपूर्वक खाली करा दिया गया है।
>
> **-गणेश सिंह,** तहसीलदार बारा

# जिलाधिकारी ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**जौनपुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में आईजीआरएस से संबंधित बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जहां उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड सहित जनहितकारी विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए कहा कि आईजीआरएस में भौतिक सत्यापन, ऑनलाइन आवेदन, पैमाइश आदि के कार्य को उचित तरीके से किया जाए। समस्त अधिकारियों को जनशिकायतों को गम्भीरता से लेने, गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने तथा शिकायतकर्ता का फीडबैक भी लेने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारी तथा तहसीलदार को पुराने लम्बित फाइलों को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। पत्थरगड्डी के मामलों में एफआईआर दर्ज करने के साथ ही वसूली के भी निर्देश दिये। आयुष्मान योजना के तहत गांव में लोगों को प्रोत्साहित कर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं में पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर सम्मिलित करने के निर्देश समस्त अधिकारियों को दिये। साथ ही कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त करने से वंचित नहीं रहना चाहिये।



बैठक लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार

## भूमि विवादों का समय से करें निस्तारण : डीएम

**जौनपुर :** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में केराकत तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद/अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण ससमय निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

# 573 प्रार्थना पत्रों में से 37 का मौके पर निस्तारण

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** जन समस्याओं को अधिक से अधिक निस्तारण कराने के दृष्टिगत शासन के निर्देश के अनुपालन में जनपद के चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मण्डलायुक्त, जिलधिकारी व पुलिस अधीक्षक सहित अपर जिलाधिकारी अलग-अलग तहसीलों में पहुंचकर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया।

चारों तहसीलों में कुल प्राप्त 573 प्रार्थना पत्रो में से 37 का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय व संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने पहुंचकर जन समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से प्रार्थना पत्रो पर दिए गए समय सीमा के अन्दर निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मण्डलायुक्त द्वारा पिछले सम्पूर्ण समाधान दिवसों में प्राप्त प्रार्थना पत्रो के निस्तारण आख्या की गुणवत्ता को भी परखा गया तथा कुछ प्रार्थना पत्रों पर फरियादियों के संतुष्टि होने के दृष्टिगत वार्ता भी की गयी।

# विवि में दीक्षांत समारोह का हुआ पूर्वाभ्यास

**तैयारी**

▸▸ राज्यपाल देंगी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल

**जौनपुर, अमृत विचार :** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में शनिवार को 28 वें दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास कराया गया. विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने स्वर्णपदक पाने वाले विद्यार्थियों को पूर्वाभ्यास कराया। दीक्षांत समारोह रविवार को विश्वविद्यालय में आयोजित होगा। इसमें प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल मेधावियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड मैटेरियल्स, आईएएम, स्वीडन के निदेशक डॉ. आशुतोष तिवारी होंगे। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगी।

पूर्वाभ्यास मेंराज्यपाल आनंदीबेन पटेल की भूमिका का निर्वहन व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग की डॉ. अन्नू त्यागी ने किया ने किया। मुख्य अतिथि की भूमिका प्रो. गिरिधर मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि की भूमिका में प्रो. अजय द्विवेदी एवं डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव रहीं। कार्यक्रम में क्षण- प्रतिक्षण के अनुरूप गतिविधियाँ की गई।

दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 96 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। स्वर्ण पदक पाने वाले मेधावियों में स्नातक में 18 छात्राएं एवं 7 छात्र हैं। वहीं परास्नातक स्तर में 36 छात्र एवं 35 छात्र शामिल है। दीक्षांत समारोह में 508 शोधार्थियों को पी.एचडी. की उपाधि प्रदान की जाएगी। कला संकाय में 345, विज्ञान संकाय में 25, कृषि संकाय में 13, शिक्षा संकाय में 77, विधि संकाय में पांच, इंजीनियरिंग संकाय में 10, वाणिज्य में 18, प्रबंध संकाय में 10, अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय में तीन और औषधि संकाय के दो विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में पी.एचडी. की उपाधि मिलेगी।

# शुआट्स में टिशू कल्चर लैब का उद्घाटन

नैनी, प्रयागराज

**अमृत विचार :** कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही शनिवार को प्रयागराज सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्विद्यालय, शुआट्स पहुंचे। जहां उन्होंने शुआट्स का निरीक्षण किया। उन्होंने शुआट्स में टिशू कल्चर लैब का भी उद्घाटन किया।

मौजूद कार्यक्रम में मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार शिक्षा और कृषि के लिए तमाम योजनाएं लागू करती है। इन योजनाओं में कई योजनाएं शुआट्स को भी दी गई। उन्हीं योजनाओ में किये गये कार्यो की समीक्षा की दृष्टि से मै यहां आया हूं। हमारी राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के माध्यम से सुआट्स को एक करोड़, 75 लाख रुपये दिए टिशू कल्चर लैब बनाए जाने के लिए दिए गए थे। यहां चल रही योजनाओं की क्या प्रगति है और किसानों में किस तरह प्रसार किया जा रहा है। इसकी भी समीक्षा करने आया हूं। उन्होंने कहा कि इस कार्य को और बड़े पैमाने पर काम करने की जरूरत है। जिससे टिशू कल्चर की लागत घट सके। इस मौके पर मंत्री शाही ने कहा कि आज हमारी प्रतिस्पर्धा खेती में भी चीन के साथ है। गेहूं की उनकी प्रोडक्टिविटी 66 कुंतल प्रति हेक्टेयर है, जबकि हमारे उत्तर प्रदेश की 39 है। विश्विद्यालय को तकनीकी सरल बनाना होगा।

ऐसे कृषि यंत्र निकालने वह जरूरत है जिसे महिलाएं भी इस्तेमाल कर सकें। यहां तापमान 47 डिग्री तक चला जाता है, इसके हिसाब से गेहूं को तैयार करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन निदेशक शोध डॉ एसडी मकार्टी ने किया। प्रारंभ में प्रति कुलपति प्रशासन बिस्वरूप मेहरा ने संस्थान के प्रगति की जानकारी दी। प्रति कुलपति शैक्षिक प्रो. जोनाथन ए. लाल ने मंत्री सूर्य प्रताप शाही को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। अंत में एडिशनल रजिस्ट्रार जॉन वेस्ली ने धन्यवाद ज्ञापित गया।




शुआट्स में टिशू कल्चर लैब का उद्घाटन करते मंत्री सूर्य प्रताप शाही। अमृत विचार

## पशु मेले में 1,135 का किया गया उपचार

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के बघौडा ग्राम पंचायत में एक दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु मेला का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 1135 पशुओं का नि:शुल्क उपचार व शल्य चिकित्सा किया गया। ग्राम प्रधान द्वारा गौ पूजन कर मेले की शुरुआत किया गया। पशुओं के सुरक्षित रख रखाव के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत राजगढ़ क्षेत्र के बघौड़ा गांव में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन एक दिवासीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा शिविर मेला का आयोजन किया गया। बरसात के मौसम में पशुओं में अनेक प्रकार की बीमारियां फैल रही थी। जिसे पशुपालक भी परेशान हो रहे थे। आए दिन बीमारियां से पशुओं की मौत भी हो रही थी जिसको देखते हुए राजगढ़ पशु चिकित्सा अधिकारी अग्रेश यादव के नेतृत्व में पशुओं का मेला लगाया गया। जिसमें पशुपालक मेले में जाकर उपचार कराया।

**तैयारी** | कुंभ को लेकर मंगाई गईं 64 मशीनें, रेलवे टिकट लेने में होगी आसानी

# महाकुंभ में यात्रियों के लिए लगेंगी एटीवीएम

**नैनी, प्रयागराज, अमृत विचार:** महाकुंभ को लेकर उत्तर मध्य रेलवे कई प्रमुख स्टेशनों पर एटीवीएम लगाने जा रही है। जिससे कुंभ में आने वाले यात्रियों को टिकट के लिए परेशान न होना पड़े। इसके लिए उत्तर मध्य रेलवे की ओर से स्टेशनों पर एटीवीएम मशीनों को पहुंचा दिया गया है। जल्द ही इन मशीनों को स्टेशनों पर लगाया जायेगा।

संगमनगरी प्रयागराज में लगने वाले ऐतिहासिक मेले महाकुंभ में आने वाले कल्पवासी और दर्शनार्थियों के लिए कई महत्वपूर्ण व्यवस्था कर रही है। जिससे किसी भी यात्री को परेशानी न हो। वही इस महाकुंभ को लेकर शासन और प्रशासन ने तैयारियो को अंतिम रूप देने का निर्देश भी जारी किया है। अक्टूबर माह तक सभी कार्यों को समाप्त करना है। इन तैयारियों में उत्तर मध्य रेलवे ने स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए एटीवीएम मशीन को लगाया जायेगा। इन मशीनों को नैनी, छिवकी, सूबेदारगंज में लगाया जाएगा।




### 152 स्टेशनों पर लगाई गई है एटीवीएम मशीन

उत्तर मध्य रेलवे की ओर से महाकुंभ को लेकर कुछ अलग से स्टेशनों पर तैयारी की जा रही है। जबकि 152 स्टेशनों पर पहले से एटीवीएम मशीनों को लगाया गया है ताकि यात्रियों को दिक्कत ना हो। कुंभ को लेकर 64 मशीनें अलग से मंगाई गई है।

### प्रत्येक मशीनों पर मौजूद रहेंगे ऑपरेटर

स्टेशनों पर लगने वाली एटीवीएम मशीनों को ऑपरेट करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति विभाग से ही की जाएगी अगर विभाग में कोई कर्मचारी नहीं उपलब्ध होता है, तो कमीशन के आधार पर लोगों की नियुक्ति की जाएगी जिन्हें प्रत्येक टिकट के हिसाब से कमीशन दिया जाएगा।

> महाकुंभ को देखे हुए प्रयागराज के कुछ अन्य स्टेशनों पर एटीवीएम मशीनें लगाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए 64 मशीनों को मंगाया गया है। नैनी, छिवकी और सूबेदारगंज में यह मशीनें लगेंगी।
>
> **-अमित कुमार सिंह,** पीआरओ, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज।

# पांच लाख से अधिक बकायेदारों की भूमि कुर्क

**हलिया, मिर्जापुर, अमृत विचार :** लालगंज तहसील क्षेत्र के थरपरसिया गांव निवासी राजकुमार की भूमि का जिलाधिकारी प्रियंका निरजंन के निर्देश पर एसडीएम लालगंज गुलाब चंद के आदेश पर संग्रह अमीन रविंद्र शुक्ला टीम के साथ बकायेदार के भूमि की कुर्की करते हुए भूमि पर लाल झंडी गड़वा दिया है। बकायेदार के ऊपर बैंक का पांच लाख दस हजार रुपये का बकाया था। बकाया नही जमा करने पर बैंक ने बकायेदार के विरुद्ध आरसी जारी कर तहसील भेज दिया था लेकिन बकायेदार द्वारा बैंक का बकाया धनराशि जमा नही किया जा रहा था जिस पर एसडीएम ने बकायेदार की भूमि की कुर्की के लिए आदेश जारी कर दिया था जिस पर संग्रह अमीन ने भूमि का कुर्क कर दिया है। लालगंज क्षेत्र के दर्जनों बडे डिफाल्टर के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई किया गया है। इस संबंध में एसडीएम लालगंज गुलाब चंद ने बताया कि पांच लाख रुपये से अधिक डिफाल्टर की अचल संपत्ति कुर्क कर लाल झंडी लगायी गयी है। तहसील क्षेत्र के दर्जनो बडे बकायेदारो के विरुद्ध कुर्क की कार्रवाई किया गया है। बडे.बकायेदारो के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई किया जायेगा।

## सार-संक्षेप

### बालू लदा अनियंत्रित ट्रेलर पलटा, स्कूटी सवार घायल



पीबी इंटर कॉलेज के सामने पलटा बालू लदा ट्रेलर। अमृत विचार

**प्रतापगढ़** : शनिवार दोपहर करीब एक बजे बालू लदा ट्रेलर वाराणसी - लखनऊ राजमार्ग पर कटरा मेदनीगंज से सिटी की तरफ जा रहा था। पीबी इण्टर कॉलेज मुख्य गेट के सामने ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रेलर पलटता देख वहां स्कूटी लेकर खड़े 58 वर्षीय इम्तियाज अहमद पुत्र मोहम्मद शफी निवासी कटरा मेदनीगंज, देहात कोतवाली बचने का प्रयास किये। बचते - बचते इम्तियाज के पैर के निचले हिस्से में चोट आई। हालांकि उनकी स्कूटी ट्रेलर के नीचे दबने से चकनाचूर हो गई। ट्रेलर पलटने से सड़क के बगल में बनी बाग की चहारदीवारी व गेट गिर पड़ा। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को अस्पताल ले गए। चालक और खलासी ट्रेलर (यूपी 72 बीटी 2786) छोड़कर फरार हो गए। खास बात यह है कि वाराणसी - लखनऊ राजमार्ग पर कटरा मेदनीगंज से प्रतापगढ़ सिटी को जोड़ने वाली सड़क पर पीबीपीजी महाविद्यालय व इण्टर कालेज है। बावजूद इसके इस रास्ते पर आए दिन ओवरलोड वाहन चलते हैं।

### नवरात्रि से पहले सभी सड़कें हो जायेंगी दुरुस्तः ईओ

**जौनपुर।** 3 अक्टूबर से प्रारम्भ होने जा रहे मां दुर्गा पूजनोतसव की तैयारी के सम्बन्ध में नगर की टूटी सडकें, गलियों एवं साफ सफाई तथा 12 अक्टूबर को होने वाले विराट मां दुर्गा की शोभायात्रा एवं विसर्जन की सुंदर व्यवस्था के सम्बन्ध में श्री दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष मनीष देव महासमिति के सदस्यों के साथ नगर पालिका परिषद जौनपुर के अधिशासी अधिकारी पवन कुमार के अलावा जल निगम निर्माण खंड, नगरीय इकाई के सहायक अभियंता, अवर अभियंता, ठेकेदारों ने नगर के विसर्जन घाट, नखास, ओलन्दगंज, मैहर मंदिर रोड, ईदगाह से नईगंज रोड, पॉलिटेक्निक से रूहट्टा, ओलन्दगंज, चहारसू, कोतवाली, शकरमण्डी होते हुए कुतूपुर तक का भ्रमण किया। इसके साथ ही पान दरीबा, किला से मानिक चौक होते हुये सिपाह तक, कोतवाली से भंडारी, कचहरी रोड आदि मार्गों का भ्रमण करके मां दुर्गा पूजा प्रारम्भ होने से पूर्व जर्जर सड़कों की मरम्मत कार्य पूर्ण करने का आश्वासन नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सहित अन्य ने आश्वासन दिया। इसी संदर्भ में उन्होंने यह बताया कि नगर की जर्जर सड़कों के मरम्मत का कार्य प्रारम्भ हो चुका है जो नवरात्रि से बहुत पहले पूर्ण कर लिया जायेगा।

### राधा हीं कृष्ण, कृष्ण ही राधा हैं: पं.शिवम द्विवेदी

**नारायनपुर (मिर्जापुर)।** ग्राम सभा डोमरी में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में व्यासपीठ से कथा वाचक पंडित शिवम् द्विवेदी के मुखर बिंदु से कथा के सातवें दिन कथा का वर्णन करते हुए बताया कि श्री कृष्ण और राधा रानी दोनों एक ही नाम है। राधा कृष्ण है और कृष्ण ही राधा है। कथा वाचक ने बताया कि राम कृष्ण में भी कोई भेद नहीं है। राम ही कृष्ण हैं, कृष्ण ही राम हैं। वहीं भगवान शिव को अलग नहीं समझा जाना चाहिए। उक्त अवसर पर आयोजक मिश्रा परिवार के ओमकार, ओम प्रकाश, जय प्रकाश, विजय प्रकाश, नंदलाल, संतोष, सोनू, मोनू, गोलू रोहित, रोशन आदि सहित तमाम ग्रामीण व भगवत प्रेमी उपस्थित रहे।



### राहुल गांधी का बयान नेता प्रतिपक्ष को शोभा नहीं देताः जसविंदर

**जौनपुर** : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान सिख समुदाय को लेकर दिए गए ब्यान की भाजपा नेता सरदार जसविंदर सिंह के नेतृत्व मे ओलंदगंज में सिक्ख समुदाय के लोगों ने राहुल गांधी का पुतला फुंका और कड़े शब्दों में निंदा की। सरदार जसविन्दर ने कहा कि राहुल गांधी का यह ब्यान सिर्फ सिख समुदाय ही नहीं बल्कि सभी अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ है। उक्त अवसर पर सरदार सतवंत सिंह, सरदार हरचरण सिंह, सरदार मनदीप सिंह, सरदार नवनीत सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, सरदार रणदीप सिंह, सरदार हरभजन सिंह, सरदार काकू सिंह, सरदार सोनू सिंह, दिव्याशु सिंह अंशुमान सिंह गोल्डी शशांक सिंह, सरदार पिनो सिंह आदि उपस्थित रहे।

### 24 घंटे में आठ गैंगस्टर व एक इनामी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़** : जनपद को बीट में बांटकर कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल को निगरानी का जिम्मा दिए जाने के बाद विभिन्न थाना क्षेत्र से 24 घंटे में आठ गैंगस्टर और 25 हजार के एक इनामी को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने गिरफ्तारी में विशेष योगदान के लिए सिपाहियों के साथ ही स्वॉट टीम के सदस्यों को सम्मानित किया। गिरफ्तार किए गए गैंगस्टर में सहबान पूरे पितई नगर कोतवाली, अभय सिंह उर्फ अभि सांगापुर उपाध्यायपुर अंतू, शिवचरण विश्वकर्मा गैंगलीडर, देवासा रानीगंज, दयाशंकर विश्वकर्मा देवासा रानीगंज, अनुभव विश्वकर्मा देवासा रानीगंज, सूरज सिंह लोका का पुरवा पूरे खुशई देहात कोतवाली जबकि 25 हजार का इनामी हथिगवां थाना क्षेत्र के छोटी बहरिया निवासी अरविंद मिश्र को थाने की पुलिस व स्वाट टीम ने गिरफ्तार किया है। वहीं मानधाता पुलिस ने भी जानलेवा हमले के आरोपी गैंगस्टर मानधाता के गाजीपुर निवासी शैलेश मिश्र उर्फ सूर्या को गिरफ्तार किया। एसआई शशि प्रकाश मिश्र ने उसे गाजीपुर गांव के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### महर्षि विद्या मन्दिर नैनी अन्तर्राष्ट्रीय शांति दिवस आयोजित



कार्यक्रम में गुरुपूजन करतीं प्रधानाचार्या पूजा चंदोला एवं शिक्षक। अमृत विचार

**नैनी, अमृत विचार** : महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय शांति दिवस मनाया गया। महर्षि विद्या मन्दिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष ब्रह्मचारी डॉ. गिरीशचन्द्र वर्मा के दिशा निर्देशन एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा चन्दोला के मार्गदर्शन में विद्यालय सभागार में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में अत्यन्त शांत मन से विश्व शांति दिवस मनाया गया। दुनिया भर में हिंसा और संघर्षो को रोकते हुए शांति को बढावा देने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय शांति दिवस या विश्व शांति दिवस प्रतिवर्ष 21 सितम्बर को मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरूपूजन से हुआ। प्रधानाचार्या पूजा चन्दोला ने संस्था अध्यक्ष गिरीश जी द्वारा सम्प्रेषित संदेश को पढ़ते हुए कहा कि विश्व शांति दिवस मनाने के मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सभी देशों और नागरिकों के बीच शांत व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रयास करना एवं अन्तर्राष्ट्रीय संघर्षो एवं विवादों पर विराम लगाना है।

### स्मरण दिवस के रूप में मनी राम नारायण सिंह की पुण्यतिथि

**मिर्जापुर।** क्षेत्र के नारायण नगर पचरांव गाव में स्थित नारायण गृहस्थ आश्रम के भूतपूर्व प्रबन्धक स्वर्गीय राम नारायण सिंह को उनकी 14वीं पुण्यतिथि को ऐन्जलवर्सरी यानि स्मरण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प चढाए गये, छोटे बच्चों को ईमरती की मिठाईयां बाटी गयी। राज नारायण सिंह मास्टर, अरुण कुमार सिंह, परशुराम सिंह, रानू तिवारी, सोनू पाण्डेय, बिनायक पाण्डेय, हर्षित पाण्डेय ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

### घायल की तहरीर पर 4 हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के अमरा गांव में सीमा देवी पत्नी सतवीर गौतम एवं उसके पड़ोसी मिठाई लाल में विगत कई सालों से जमीनी विवाद की रंजिश चल रही है। आरोप है कि इसी जमीनी विवाद को लेकर शुक्रवार की देर शाम को मिठाई लाल अपने घर के 3 और सदस्यों को साथ में लेकर सीमा देवी के दरवाजे पर चढ़ गया और आक्रामक होकर सीमा देवी (40) एवं उसके पुत्र करण (17) को लाठी-डण्डे से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना में करण का सर फट गया तथा उसे गंभीर चोट आई। पड़ोसियों की मदद से दोनो घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। घटना में घायल सीमा देवी थाने पर पहुंचकर तहरीर दी जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मिठाई गौतम, ज्वाला प्रसाद, पांचू कुमार एवं अक्षय निवासी अमरा के विरुद्ध उचित धाराओं में दर्ज कर लिया। इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने बताया कि इस घटना में घायल महिला सीमा देवी द्वारा दी गई तहरीर के विरुद्ध 4 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# वंतिका ने संभाली टीम की जिम्मेदारी

**शतरंज ओलंपियाड**

बुडापेस्ट, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय मास्टर वंतिका अग्रवाल ने जरूरत के समय शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रैंडमास्टर इरिना क्रश को हराया जिसकी मदद से भारतीय महिला टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के नौवे दौर में अमेरिका से 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि पुरूष टीम ने उजबेकिस्तान के साथ अंक बांटे। भारतीय टीम प्रबंधन ने खराब फॉर्म में चल रही डी हरिका को आराम दिया लेकिन आर वैशाली शीर्ष बोर्ड पर गुलरूखबेगम तोखिरजोनोवा से हार गई।

दूसरे बोर्ड पर दिव्या देशमुख ने कारिसा यिप से ड्रॉ खेला। तानिया सचदेव और एलिस ली का मुकाबला भी ड्रॉ रहा। इसके बाद वंतिका पर सारी जिम्मेदारी आ गई थी जिसने निराश नहीं किया और ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी को हराया। अब भारत के 15 अंक है और स्वर्ण पदक की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये आखिरी दोनों दौर में जीत दर्ज करनी होगी। कजाखस्तान 16 अंक लेकर शीर्ष पर है जिसने पोलैंड को 2.5-1.5 से हराया। भारत दूसरे स्थान पर हैं और नौ टीमें 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। अगले दौर में कजाखस्तान का सामना जॉर्जिया से और भारत की टक्कर चीन से होगी। ओपन वर्ग में भारतीय पुरूष टीम ने गत चैम्पियन उजबेकिस्तान से ड्रॉ खेला। लगातार आठ जीत के बाद अगर भारत नौवें दौर में भी जीत जाता तो स्वर्ण पदक तय हो जाता। अर्जुन एरिगेसी ने शमसिद्दीन वोखिदोव की गलती का फायदा नहीं उठा सके और उन्होंने ड्रॉ खेला।



● वंतिका अग्रवाल के शानदार प्रदर्शन से भारतीय महिला टीम ने अमेरिका से खेला ड्रॉ

**चीन में हुई एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में चैंपियन बनने वाली भारतीय हॉकी टीम में यूपी के चार खिलाड़ी रहे शामिल**

# भारतीय हॉकी का परचम फहरा रहे यूपी के सितारे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम में उत्तर प्रदेश के दो खिलाड़ी शामिल रहे। इन खिलाड़ियों ने मुकाबलों में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद हाल ही चीन में आयोजित की गई एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में चैंपियन बनने वाली भारतीय हॉकी टीम में भी उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने एक बार फिर जलवा बिखेरा। हॉकी जगत के दिग्गजों के अनुसार भारतीय हॉकी अपने स्वर्णिम दौर की तरफ बढ़ रही है। भारतीय हॉकी में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का दबदबा बढ़ रहा है।

पेरिस ओलंपिक में वाराणसी के ललित उपाध्याय और करमपुर के राजकुमार पाल भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहे। दोनों ही खिलाड़ियों ने मुकाबले में न केवल दमदार प्रदर्शन किया, बल्कि टीम को एक-एक बाद जीत दिलाने में विशेष योगदान किया। हॉकी टीम में भी करमपुर के राजकुमार शामिल रहे। करमपुर के एक अन्य खिलाड़ी उत्तम सिंह भी चैंपियंस ट्रॉफी में खेले। इसके अलावा लखनऊ के आमिर अली और गाजीपुर के विष्णुकांत सिंह भी टीम के लिए अहम खिलाड़ी साबित हुए।



ललित उपाध्याय | आमिर अली | उत्तम सिंह | विष्णुकांत सिंह

**इन सितारों ने कमाया नाम :** आमिर अली- लखनऊ, ललित उपाध्याय- वाराणसी, राजकुमार पाल- करमपुर, उत्तम सिंह- करमपुर, विष्णुकांत सिंह- अडगावा, गाजीपुर।

> उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी लगातार दमदार प्रदर्शन कर प्रदेश और देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। भारतीय हॉकी में प्रदेश के खिलाड़ी छाये हुए हैं। इन खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन से प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ी प्रोत्साहित होंगे।
>
> **डॉ. आरपी सिंह,** चेयरमैन, भारतीय हॉकी टीम चयन समिति

> उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के बदौलत ही भारतीय हॉकी स्वर्णिम दौर फिर लौटेगा। यहां के खिलाड़ी लगातार दमदार प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं के बढ़ने से भारतीय हॉकी और बेहतर होगी।
>
> **सै. अली,** पूर्व ओलंपियन

## खेल डायरी

### एनआरएआई के नए अध्यक्ष बने कलिकेश सिंह देव

**नई दिल्ली।** कलिकेश नारायण सिंह देव भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के नए अध्यक्ष बन गए हैं जिन्होंने वी के धाल को शनिवार को यहां हुए चुनाव में 36-21 से हराया। ओडिशा के पूर्व सांसद कलिकेश पिछले साल रनिंदर सिंह के इस्तीफे के बाद से एनआरएआई का दैनंदिनी कामकाज देख रहे थे। पिछले साल खेल मंत्रालय ने निर्देश जारी किया था कि राष्ट्रीय खेल महासंघों का कोई पदाधिकारी राष्ट्रीय खेल कोड के तहत 12 वर्ष से अधिक समय तक पद पर नहीं रह सकता। इसके बाद रनिंदर ने इस्तीफा दिया था जिनके 12 साल 29 दिसंबर 2022 को पूरे हो गए थे। पिछले साल अप्रैल में रनिंदर के इस्तीफे के बाद से एनआरएआई का कामकाज इसके वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश देख रहे थे। उनके कार्यवाहक प्रमुख रहते भारत ने पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी में तीन पदक जीते । रियो ओलंपिक 2016 और तोक्यो ओलंपिक 2020 से भारतीय निशानेबाज खाली हाथ लौटे थे।

### गोल्फर शुभंकर शर्मा वेंटवर्थ में कट से चूके

**वेंटवर्थ (इंग्लैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यहां बीएमडब्ल्यू पीजीए चैंपियनशिप के दूसरे दौर में 74 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने से चूक गए। शुभंकर दूसरे दौर में दो बर्डी के मुकाबले तीन बोगी कर बैठे। उन्होंने पहले दौर में 75 का स्कोर किया था। वह कुल पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 116वें स्थान पर रहे। इंग्लैंड के मैथ्यू बाल्डविन ने 66 के शानदार कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। उनके पास दो शॉट की बढ़त है।

### तीन भारतीयों ने ला सेला ओपन कट में किया प्रवेश

**डेनिया (स्पेन)।** भारत की रिधिमा दिलावारी, प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक ने ला सेला ओपन गोल्फ के दूसरे दौर के बाद कट में प्रवेश कर लिया जबकि सहर अटवाल एक शॉट से चूक गई। कुल 62 खिलाड़ियों ने कट में प्रवेश किया है। रिधिमा संयुक्त 15वें, प्रणवी संयुक्त 34वें और त्वेसा संयुक्त 52वें स्थान पर हैं। क्रिस्टीन आर, सारा कूस्कोवा और वर्जिनिया एलेना कार्टा संयुक्त रूप से शीर्ष पर है।

### लखनऊ के अब्बास ने नेशनल बाक्सिंग में जीता सोना

**लखनऊ।** रांची में स्थित खेल गांव स्टेडियम में 13 से 16 सितंबर तक खेली गई चौथी सीआईएससीई नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लखनऊ लामार्टिनियर कालेज के कक्षा 12 के छात्र अब्बास काजिम ने अण्डर-19 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। काजिम ने 64 से 69 किलाग्राम वर्गभार में महाराष्ट्र के मुक्केबाज को फाइनल के पहले राउंड में नॉकआउट मार कर स्वर्ण पदक जीत लिया। उन्होने इससे पहले गत वर्ष रांची में सीआईएससीई जूनियर नेशनल अण्डर-17 के 67 से 70 किलो भार वर्ग में स्वर्ण जीता था। काजिम ने रांची की सीनियर नेशनल 2024 के क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक को पहले राउंड के चंद पल में धूल चटाते हुए नॉक आउट आधार पर जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में दस्तक दी जबकि सेमीफाइनल में उन्होने पंजाब के मुक्केबाज को पहले राउंड के चंद पल में ढेर कर दिया। खिताबी मुकाबले में काजमी ने महाराष्ट्र के मुक्केबाज को अपनी धमक दिखाते हुए चंद पल में नॉकआउट मारकर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल लिया।

### जिम्बाब्वे का सितारा दे सकता है कंगारुओं को टक्कर : रजा

**हरारे।** जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा को उम्मीद है कि जिम एफ्रो टी-10 के दूसरे संस्करण में जिम्बाब्वे का कोई खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। ऑस्ट्रेलियाई डेविड वॉर्नर क्रिकेट के खेल में सबसे ज्यादा विध्वंसक बल्लेबाजों में से एक हैं और अभी उनका पूरा ध्यान खूबसूरत हरारे स्पोर्ट्स क्लब में रन बनाने पर है, लेकिन लोकल सुपरस्टार सिकंदर रजा को उम्मीद है कि जिम्बाब्वे क्रिकेट परिवार का कोई खिलाड़ी जिम एफ्रो टी10 के दूसरे संस्करण में अंतर्राष्ट्रीय सितारों से बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। रजा ने कहा हमने बहुत से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों को आकर्षित किया है, जिसमें डेविड वॉर्नर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो इस साल के सीज़न के मुख्य खिलाड़ियों में से एक हैं। हमारे इस टी-10 टूर्नामेंट ने इस साल सभी छह फ्रैंचाइजों में खिलाड़ियों को शामिल करके जो किया है, उससे यह निश्चित रूप से एक बहुत ही रोमांचक टूर्नामेंट होने जा रहा है। जिम्बाब्वे के कप्तान ने कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं उम्मीद कर रहा हूं और प्रार्थना कर रहा हूं कि कोई जिम्बाब्वे का खिलाड़ी सबसे अधिक रन बनाए, सबसे अधिक कैच पकड़े और सबसे अधिक विकेट ले, क्योंकि इस टूर्नामेंट में जिम्बाब्वे क्रिकेट का विकास बहुत महत्वपूर्ण है और मैं इसी का इंतजार कर रहा हूं।

# भारत ने बांग्लादेश पर कसा शिकंजा

## तीसरे दिन गिल और पंत ने जड़े शतक, बांग्लादेश ने 4 विकेट खोकर बनाए 158 रन



चेन्नई, एजेंसी

शुभमन गिल (119 नाबाद) और रिषभ पंत (109) के बीच 167 रन की भागीदारी के बाद रविचंद्रन अश्विन (63 रन पर तीन विकेट) की फिरकी की बदौलत भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। चिन्नास्वामी स्टेडियम पर मैच के तीसरे दिन शनिवार को भारत ने भोजन अवकाश के बाद अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 287 रन बना कर घोषित कर दी और मेहमान टीम को जीत के लिए 515 रन का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में बांग्लादेश ने चार विकेट पर 158 रन बना लिए थे।

दिन का खेल खत्म होने के समय नजमुल हुसैन शांतो 51 रन और शाकिब अल हसन पांच रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। बांग्लादेश अभी भी लक्ष्य 357 रन पीछे है जबकि भारत को जीत के लिये अब छह विकेट की दरकार है। भारत ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाये थे जिसके जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी 149 रन पर ढेर हो गई थी। पहली पारी में 227 रन की बढ़त के साथ भारत ने अपनी दूसरी पारी में 287 रन बनाकर 514 रन की लीड हासिल कर ली और मेहमान टीम को जीत के लिए 515 रन का मजबूत लक्ष्य दिया। आज के मैच का मुख्य आकर्षण शुभमन और रिषभ के शतक रहे। लंच के बाद मेहदी हसन मिराज को रिटर्न कैच देने से पहले रिषभ ने अपनी शतकीय पारी में 128 गेंद खेल कर 13 चौके और चार छक्के लगाए।

पंत के आउट होने के बाद क्रीज पर आए केएल राहुल (22 नाबाद) के साथ मिलकर गिल ने करियर का पांचवां शतक पूरा किया। जाकिर हसन (33) और शादमन इस्लाम (35) ने बांग्लादेश के लिए सतर्क और तेज शुरुआत की और पहले विकेट के लिये 62 रन बटोरे। रविचंद्रन अश्विन ने एक के बाद एक शादमन इस्लाम, मोमिनुल हक (13) और मुशफिकर रहीम (13) के विकेट झटक कर बांग्लादेश को बैकफुट पर ढकेल दिया। बांग्लादेश कप्तान शांतो आक्रामक अंदाज में अड़े रहे।



**शुभमन गिल**
119* रन
176 गेंद
10/4 चौके/छक्के

**ऋषभ पंत**
109 रन
128 गेंद
13/4 चौके/छक्के

### स्पिनरों के लिए कदमों का इस्तेमाल किया : गिल

**चेन्नई।** शुभमन गिल ने बांग्लादेश के स्पिनरों को कुंद करने के लिए कदमों का इस्तेमाल करने की पुरानी शैली अपनाई और भारत के इस बल्लेबाज ने कहा कि यह उनकी धीमी गति के गेंदबाजों से निपटने की रणनीति का हिस्सा था। गिल ने कहा इससे पहले जब मैं अभ्यास करता था तो विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ कदमों का इस्तेमाल करके आगे बढ़कर खेलता था। यही रणनीति मैंने यहां अपनाई ही क्योंकि इस तरह के विकेट पर स्पिनर के लिए लय हासिल करना आसान नहीं था क्योंकि गेंद कभी कभार ही टर्न ले रही थी। वह युवावस्था से ही स्पिनरों के खिलाफ कदमों का इस्तेमाल करने का अभ्यास करते थे और समय बढ़ने के साथ वह अपने कौशल को निखारते रहे।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी : 376 रन**

**बांग्लादेश पहली पारी : 149 रन**

**भारत दूसरी पारी : 287/4 (पारी घोषित)** 64 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का दास बो राणा | 10 | 17 | 2/0 |
| रोहित शर्मा का हसन बो अहमद | 5 | 7 | 1/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 119 | 176 | 10/4 |
| विराट कोहली पगबाधा बो मिराज | 17 | 37 | 2/0 |
| ऋषभ पंत का और बो मिराज | 109 | 128 | 13/4 |
| केएल राहुल नाबाद | 22 | 19 | 4/0 |

**अतिरिक्त** : पांच रन, कुल योग : 64 ओवर में चार विकेट पर 287 रन (पारी घोषित), **गेंदबाजी** : अहमद 7-1-22-1, महमूद 11-1-43-0, राणा 6-0-21-1, शाकिब 13-0-79-0, मिराज 25-3-103-2, हक 2-0-15-0

**बांग्लादेश दूसरी पारी : 158/4** 37.2 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाकिर हसन का जायसवाल बो बुमराह | 33 | 47 | 5/1 |
| शादमान इस्लाम का गिल बो अश्विन | 35 | 68 | 3/0 |
| नजमुल हुसैन शंटो नाबाद | 51 | 60 | 4/3 |
| मोमिनुल हक बो अश्विन | 13 | 24 | 3/0 |
| मुशफिकुर रहीम का राहुल बो अश्विन | 13 | 11 | 1/1 |
| शाकिब अल हसन नाबाद | 5 | 14 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : आठ रन, कुल योग : 37 .2 ओवर में चार विकेट पर 158 रन, **गेंदबाजी** : बुमराह 7-2-18-1, सिराज 3 .2-1-20-0, आकाश दीप 6-0-20-0, अश्विन 15-3-63-3, जडेजा 6-0-29-0

# अफगानिस्तान ने जीती वनडे सीरीज

● दक्षिण अफ्रीका को दूसरे मैच में 177 रनों से रौंदा, शृंखला जीतकर रच दिया इतिहास

शारजाह, एजेंसी



दक्षिण अफ्रीका को दूसरे एक दिवसीय मैच में 177 रनो से रौंद कर अफगानिस्तान ने शीर्ष पांच आईसीसी रैंकिंग वाली एकदिवसीय टीम के खिलाफ अपनी पहली शृंखला जीतकर इतिहास रच दिया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय शृंखला में खेलते हुए, अफगानिस्तान ने यहां शारजाह में दूसरे मैच में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली।

इस जीत ने वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान की सबसे बड़े अंतर से जीत दर्ज की, जिसने 2018 में उसी स्थान पर जिम्बाब्वे पर उनकी 154 रन की जीत को पीछे छोड़ दिया। रहमानुल्लाह गुरबाज़ और राशिद खान ने अफगानिस्तान की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई। गुरबाज ने अपना सातवां एकदिवसीय शतक ठोका, जो इस प्रारूप में किसी भी अफगानिस्तान बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे अधिक शतक है। उन्हे रहमत शाह (50) और अजमतुल्लाह उमरजई (नाबाद 86) का भरपूर साथ मिला। अफगानिस्तान ने अपने 50 ओवरों में चार विकेट पर 311 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया, यह 10वीं बार है जब अफगानियों ने वनडे में 300 रन का आंकड़ा पार किया है। इस प्रारूप में उनका छठा उच्चतम स्कोर है।

## भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट की टिकट की कीमतों में नहीं होगा इजाफा

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने कहा है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक से पांच नवंबर तक यहां खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के लिए टिकटों की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। इन दोनों टीमों ने इस स्टेडियम में 2021 में टेस्ट मैच खेला था। भारत ने इस मैच को 372 रन से जीता था।

एमसीए ने पिछली बार 2016 में टेस्ट मैचों की टिकट की कीमतों में 25 प्रतिशत का इजाफा किया था। उस समय सबसे सस्ते दैनिक टिकट की कीमतों को 100 से बढ़ा 125 जबकि पूरे मैच के लिए इसकी कीमत को 300 से बढ़ाकर 375 किया गया था। एमसीए ने अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में अगले साल 19 जनवरी को अपने स्वर्ण जयंती समारोह में सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट स्थलों में से एक वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने का भी फैसला किया है। बैठक में लिए गए निर्णयों में सभी प्रशिक्षु खिलाड़ियों को शिविर के लिए चुने जाने वा प्रथम श्रेणी पास और यात्रा भत्ता देने का फैसला किया गया।

**टेनिस लावेर कप**



● फ्रांसिस टियाफो की जीत से टीम वर्ल्ड ने 4-2 की बढ़त बनाई

### टियाफो ने टीम वर्ल्ड को दिलाई बढ़त

**बर्लिन।** फ्रांसिस टियाफो ने शनिवार को डेनियल मेदवेदेव पर जीत के साथ लावेर कप में टीम यूरोप पर टीम वर्ल्ड को शुरुआती बढ़त दिलाई। अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले टियाफो ने तीसरे सेट में 3-6, 6-4 और 10-5 से जीत हासिल की। लावेर कप में तीन दिनों में 12 मैच खेले जाते है। जिसमें पहले दिन प्रत्येक मैच की जीत एक अंक, दूसरे दिन दो अंक और तीसरे दिन तीन अंक के बराबर होती है। इसमें पहले 13 अंक हासिल करने वाली टीम विजेता बनती है। टियाफो की जीत से टीम वर्ल्ड ने 4-2 की बढ़त बना ली।

## बॉलीवुड हलचल



### जैकलीन का पहला गाना स्टॉर्मराइडर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री एवं पूर्व मिस श्रीलंका जैकलीन फर्नांडीज का पहला गाना स्टॉर्मराइडर रिलीज हो गया है। स्टॉर्मराइडर गाना अमृता सेन और रॉबिन ग्रुबर्ट द्वारा लिखा गया है और अमृता सेन, जेक जियोंग (फ्रिसन), सर्बन कैजन, फीनोम और एलेक्स विंटर द्वारा निर्मित है। स्टॉर्मराइडर बनाने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, जैकलीन ने अपनी टीम द्वारा साझा किए गए एक नोट में कहा, जब मैंने संगीत में कदम रखा, तो यह मेरे लिए केवल गाना नहीं था, यह मेरी कहानी, भावनाओं और यात्रा को व्यक्त करने का एक जरिया है। संगीत ध्वनि से कहीं अधिक है, यह जुड़ाव और सशक्तिकरण के बारे में है। मैंने इस सिंगल पर लगभग एक साल काम किया है, वीडियो में अपने हर लुक की अवधारणा और परख की है और हर एक शक्तिशाली है, इसके पीछे गहरा अर्थ है। जैकलीन ने कहा, मेरा सिंगल स्टॉर्मराइडर मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह बदलाव को अपनाने, तूफान में ताकत खोजने और साहस और शालीनता के साथ जीवन की लहरों पर सवार होने का साधन है। मैंने इस ट्रैक को अपने दिल से गाय है और मैं अपने फैंस के साथ इस नये अध्याय का अनुभव करने का इंतजार नहीं कर सकती।

### देवराः पार्ट 1 के लिए सरकार ने सुबह के विशेष शो को दी मंजूरी



**मुंबई।** आंध्र प्रदेश में एनटीआर जूनियर की फ़िल्म देवरा : पार्ट 1 के लिए सरकार ने सुबह के विशेष शो को मंजूरी दी है। एनटीआर जूनियर अभिनीत बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फिल्म देवरा : पार्ट 1 रिलीज होने में बस कुछ ही दिन दूर है। फिल्म के दुनिया भर में प्रीमियर के लिए तैयार होने के कारण उत्साह चरम पर है। हाल ही में, निर्माताओं ने आंध्र प्रदेश में अतिरिक्त शो के लिए सफलतापूर्वक अनुमति प्राप्त की। एक सरकारी आदेश के अनुसार, आंध्र प्रदेश सरकार ने रिलीज के दिन आधी रात से शुरू होने वाले छह विशेष शो और दूसरे दिन से पांच अतिरिक्त शो की अनुमति दी है। इसके साथ ही, सरकार ने टिकट की कीमतों में बढ़ोतरी को भी मंजूरी दे दी है। अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, एनटीआर जूनियर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, आंध्र प्रदेश सरकार के माननीय सीएम और माननीय उपमुख्यमंत्री, को #देवरा रिलीज के लिए नया जीओ पारित करने और तेलुगु सिनेमा के लिए आपके निरंतर समर्थन के लिए मेरा हार्दिक आभार। युवसुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत, देवरा : भाग 1, 27 सितंबर, 2024 को रिलीज होने के लिए तैयार है।

### राष्ट्रीय सिनेमा दिवस पर रिकार्ड संख्या में सिनेमाघर पहुंचे दर्शक

**मुंबई।** राष्ट्रीय सिनेमा दिवस के अवसर पर रिकार्ड संख्या में दर्शक सिनेमाघरों में फिल्म देखने पहुंचे। मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने एक बयान में बताया है कि 20 सितंबर, 2024 को राष्ट्रीय सिनेमा दिवस मनाने के लिए दर्शक रिकॉर्ड संख्या में सिनेमा देखने गए। इस साल के राष्ट्रीय सिनेमा दिवस को 4,000 से ज्यादा स्क्रीन तक बढ़ाया गया, जिसमें पीवीआर, आइनॉक्स, सिनेपोलिस, मिराज, सिटी प्राइड, समेत अन्य शामिल हैं। भारतभर के सिनेमाघरों में 6 मिलियन (अनुमानित) फिल्म देखने वालों के साथ, इस साल का राष्ट्रीय सिनेमा दिवस एक आश्चर्यजनक सफलता थी, पिछले दो संस्करणों की रिकॉर्ड-सेटिंग जीत की तरह, जिसमें 6 मिलियन से ज्यादा फिल्म देखने वाले आए थे। स्त्री 2, युद्ध, तुम्बाड, कहां शुरू कहां खतम और द बकिंघम मर्डर्स प्रमुख भीड़-खींचने वाली फिल्मों के रूप में उभरी हैं, जिन्होंने पूरे देश में दिल जीत लिया है और सिनेमाई उत्कृष्टता के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। इनके साथ-साथ, ट्रांसफॉर्मर्स वन, नेवर लेट गो जैसी अन्य उल्लेखनीय फिल्में और नवरा माज़ा नवसाचा - 2, सुच्चा सूरमा, अरदास सरबत दे भले दी, द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम, मथु वडालारा 2, किष्किंधा कंदम, बीबी रजनी, इब्बानी तब्बिडा इलियाली जैसी क्षेत्रीय फिल्मों ने इस वर्ष के राष्ट्रीय सिनेमा दिवस के लिए विविधतापूर्ण और गतिशील लाइनअप को और समृद्ध किया है।

# प्रशांत-जीवन और युकी अलग-अलग प्रतियोगिताओं के सेमीफाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विजय सुंदर प्रशांत और जीवन नेदुनचेझियान ने हांग्झोऊ ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के कड़े मुकाबले में शनिवार को दूसरी वरीयता प्राप्त जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल को हराया, जबकि युकी भांबरी ने फ्रांस के अपने साथी के साथ चेंगदू ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

हांग्झोऊ में खेले जा रहे टूर्नामेंट में प्रशांत और नेदुनचेझियान ने शुरुआती सेट गंवा दिया, लेकिन इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए दो घंटे तक चले मैच में 6-7 (4) 7-6 (6) 10-8 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला एरियल बेहार और रॉबर्ट गैलोवे की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। प्रशांत ने मैच के बाद कहा हमने बहुत अच्छा मैच खेला। हम जानते थे कि हम एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उधर चेंगदू में भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी की जोड़ी ने भी पहला सेट हारने के बाद गोंजालो एस्कोबार और डिएगो हिडाल्गो को 5-7, 6-3, 12-10 से पराजित किया।

### हद्दाद सेमीफाइनल में पहुंची, राडुकनू चोट के कारण हटीं

**सियोल।** बीट्रिज हद्दाद माइया कोरिया ओपन में बारिश के कारण देर से शनिवार को खेले गये मुकाबले में पोलिना कुदेरमेटोवा पर 6-2, 6-1 से जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गईं। ब्राजील की यह खिलाड़ी इस डब्ल्यूटीए 500-स्तरीय टूर्नामेंट की 2017 में उपविजेता रही हैं। बारिश के कारण शुक्रवार के पूरे दिन का खेल रद हो गया, जिसके कारण क्वार्टर फाइनल शनिवार को खेले गए। रूस की 21 साल की पोलिना की बड़ी बहन वेरोनिका कुदेरमेटोवा हालांकि अंतिम आठ की बाधा को पार करने में सफल रही। इस 27 साल की खिलाड़ी ने विक्टोरिया टोमोवा को 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। अमेरिका ओपन 2021 की चैंपियन एम्मा राडुकानू के चोटिल होने के कारण प्रतियोगिता से हटने से शीर्ष वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना भी सेमीफाइनल में पहुंच गईं। राडुकानू शुरुआती सेट में 1-6 से पिछड़ रही थीं।

### चाइना ओपन में उलटफेर, वेंग ने एंटोनसेन को हराया

**चांगझू (चीन)।** बैडमिंटन चाइना ओपन में पुरुष एकल में एक और उलटफेर देखने को मिला जब चीन के वेंग होंगयांग ने डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हरा दिया। दूसरे दौर में चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन को मामूली अंतर से हराने के बाद, दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी वेंग ने एक रोमांचक मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त एंटोनसेन को 19-21, 21-19, 23-21 से हराकर अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। सेमीफाइनल में वेंग का सामना इंडोनेशिया के जोनाटन क्रिस्टी से होगा, जिन्होंने चीन के लेई लांक्सी पर 21-18, 21-12 से शानदार जीत हासिल की है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# ट्रंप के साथ एक और बहस करना चाहती हैं कमला हैरिस

- रैली को संबोधित करते हुए मंच से डिबेट की बात कही

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की उपराष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रैटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक और बहस तय करना चाहती हैं।

हैरिस ने शुक्रवार को एक रैली के दौरान कहा मैं ट्रंप के साथ एक और बहस की कोशिश कर रही हूं। उल्लेखनीय है कि 10 सितंबर को एबीसी न्यूज द्वारा प्रसारित पहली बहस में ट्रंप और हैरिस के बीच टकराव हुआ। बहस देखने वालों के सीएनएन सर्वेक्षण में पाया गया कि 63 प्रतिशत लोगों ने माना कि हैरिस ने ट्रंप से बेहतर प्रदर्शन किया।



रैली के दौरान मंच से लोगों का अभिवादन स्वीकार करतीं कमला हैरिस।

# माइक्रोप्लास्टिक खतरनाक, 7,000 अध्ययनों का किया विश्लेषण

साइंस पत्रिका में 20 साल पहले एक शोधपत्र प्रकाशित हुआ था, जिसमें पर्यावरण में प्लास्टिक और फाइबर के सूक्ष्म कण इकट्ठा होने का खुलासा किया गया था। इसमें उक्त कणों को माइक्रोप्लास्टिक नाम दिया गया था। इस शोध पत्र ने अनुसंधान के नए क्षेत्र की शुरुआत की। तब से लेकर अब तक 7,000 से अधिक अध्ययनों में पर्यावरण में, जंगली जानवरों में और मानव शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी की पुष्टि की गई है। तो आखिरकार हमने क्या सीखा? शनिवार को प्रकाशित एक शोधपत्र में अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के एक समूह ने माइक्रोप्लास्टिक के संबंध में अब तक ज्ञात तथ्यों का सार पेश किया है। इस समूह में मैं भी शामिल हूं। संक्षिप्त में कहूं तो माइक्रोप्लास्टिक बड़े पैमाने पर फैले हुए हैं और इनके हमारे ग्रह के सुदूरतम हिस्सों में भी जमा होने के संकेत हैं। जैविक परिस्थितिकी तंत्र में हर स्तर पर–खाद्य श्रृंखला में सबसे निचले पायदान पर मौजूद छोटे कीड़ों से लेकर शीर्ष पर विराजमान शिकारी जीवों तक में, माइक्रोप्लास्टिक के जहरीले प्रभाव के प्रमाण मौजूद हैं।



## खान-पान के जरिये शरीर में कर सकते हैं प्रवेश

माइक्रोप्लास्टिक खान-पान के जरिये शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। मानव शरीर के हर भाग में इनकी मौजूदगी दर्ज की गई है। माइक्रोप्लास्टिक के दुष्प्रभावों को लेकर कई प्रमाण भी सामने आ रहे हैं। वैज्ञानिक साक्ष्य अब ज्यादा पुख्ता हो गए हैं कि माइक्रोप्लास्टिक की समस्या पहले कभी इतनी गंभीर नहीं रही है और इससे निपटने के लिए सामूहिक वैश्विक कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। छोटे कण, बड़ी समस्या –प्लास्टिक के उन कणों को माइक्रोप्लास्टिक की श्रेणी में रखा जाता है, जिनकी लंबाई पांच मिलीमीटर या उससे कम होती है।

## नग्न आंखों से नहीं देखा जा सकता

वैज्ञानिक यह भी पता लगाने की कोशिशों में जुटे हैं कि माइक्रोप्लास्टिक कितनी तेजी से टूटकर नैनोप्लास्टिक का रूप अख्तियार करते हैं, जिनका आकार एक माइक्रॉन से कम होता है और जिन्हें नग्न आंखों से नहीं देखा जा सकता है। संकट का आकलन –हवा, मिट्टी और पानी में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक का स्तर आंकना मुश्किल है, लेकिन शोधकर्ताओं ने इसका प्रयास किया है। उदाहरण के तौर पर, 2020 में प्रकाशित एक शोध में अनुमान लगाया गया था कि समुद्र में हर साल औसतन आठ लाख से 30 लाख टन माइक्रोप्लास्टिक पहुंचता है।

## कुछ मुख्य स्रोत की पहचान की गई

- कॉस्मेटिक क्लेंजर
- सिंथेटिक कपड़े
- वाहनों के टायर
- मछली पकड़ने के लिए इस्तेमाल होने वाली रस्सी और जाल
- मिट्टी की ऊपरी परत को ढकने के लिए प्लास्टिक की पतली परत का इस्तेमाल
- प्लास्टिक की परत वाली खाद

## एक नजर

### सीरिया में इजरायली हमले में इराकी शिया आतंकी समूह का नेता मारा गया

**बगदाद।** इराकी शिया आतंकी समूह के कातिब हिजबुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि सीरिया की राजधानी दमिश्क में हुए इजराइली हमले में उसका एक वरिष्ठ नेता मारा गया। इराकी सशस्त्र समूह के एक बयान में कहा गया कि अबू हैदर अल–खफ़ाजी की शुक्रवार सुबह दमिश्क में सुरक्षा सलाहकार के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करते समय हत्या कर दी गई। बयान के अनुसार, सशस्त्र समूह ने कहा कि वह गाजा और वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों का समर्थन करना जारी रखेगा।

### प्रधानमंत्री ने मैक्रों को अंतिम मंत्रिमंडल की अंतिम सूची सौंपी

**पेरिस।** फ्रांस के नवनियुक्त प्रधानमंत्री मिशेल बार्नियर ने कैबिनेट मंत्रियों की अंतिम सूची देश के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को सौंप दी है। फ्रांसीसी अखबार ले मोंडे की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को मैक्रों ने सूची के पहले से प्रस्तावित संस्करण को मोनोक्रोम मानते हुए खारिज कर दिया था, क्योंकि इसमें दक्षिणपंथी रिपब्लिकन पार्टी के प्रतिनिधियों की एक बड़ी संख्या शामिल थी, जिसके बार्नियर सदस्य हैं। बीएफएमटीवी ने शुक्रवार देर रात अपनी रिपोर्ट में कहा कि अंतिम सरकारी सूची एलिसी पैलेस में भेज दी गई है, जिसमें कहा गया है कि कैबिनेट संरचना की आधिकारिक घोषणा रविवार से पहले की जा सकती है।

### जहरीला इंजेक्शन लगाकर दी गई मौत की सजा

**कोलंबिया।** दक्षिण कैरोलाइना में कैदी फ्रेडी ओवेन्स को शुक्रवार को घातक इंजेक्शन लगाकर मौत की सजा दी गई। राज्य में 13 वर्ष बाद मौत की सजा की तामील की गई है क्योंकि जेल के अधिकारियों के नरा प्राणघातक इंजेक्शन के लिए आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं थी। ओवेन्स (46) को शाम 6.55 बजे मृत घोषित कर दिया गया। ओवेन्स को 1997 में ग्रीनविले में एक स्टोर में डकैती के दौरान एक व्यक्ति की हत्या का दोषी ठहराया गया था। जेल में बंद रहने के दौरान ओवेन्स ने काउंटी जेल में एक कैदी की भी हत्या कर दी। इस मामले में उसे मौत की सजा सुनाई गई। राज्य में 13 वर्ष में मौत की सजा की तामील का यह पहला मामला है।

# हिंद-प्रशांत में शांति निभा रहा क्वाड

## प्रधानमंत्री मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे, फिलाडेल्फिया एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

वाशिंगटन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने और संयुक्त राष्ट्र में एक महत्वपूर्ण सम्मेलन को संबोधित करने के लिए शनिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे। मोदी विलमिंगटन, डेलवेयर में क्वाड शिखर सम्मेलन और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भविष्य के शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और अन्य विश्व नेताओं के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। मोदी विलमिंगटन की अपनी आगे की यात्रा के लिए फिलाडेल्फिया पहुंचे।

राष्ट्रपति जो बाइडन के गृहनगर विलमिंगटन में वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने और यूक्रेन और गाजा में संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान खोजने के तरीकों का पता लगाने के लिए कई नई पहल शुरू होने की उम्मीद है। क्वाड में अमेरिका के अलावा भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। प्रधानमंत्री के अन्य कार्यक्रमों में लॉन्ग आइलैंड में भारतीय प्रवासी समुदाय के एक कार्यक्रम में शामिल होना तथा कृत्रिम बुद्धिमता, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों पर काम कर रही अमेरिकी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ एक गोलमेज बैठक में भाग लेना शामिल है। नई दिल्ली में अपने प्रस्थान वक्तव्य में मोदी ने कहा कि वह क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए अपने सहयोगियों राष्ट्रपति जो बाइडन, प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा के साथ शामिल होने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा यह मंच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करने वाले समान विचारधारा वाले देशों के एक प्रमुख समूह के रूप में उभरा है। विलमिंगटन से मोदी न्यूयॉर्क जाएंगे और 22 सितंबर को लॉन्ग आइलैंड में भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा अगले दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करेंगे।


अमेरिका के फिलाडेल्फिया एयरपोर्ट के बाहर मोदी का स्वागत करते भारतीय लोग।

### राष्ट्रपति बाइडन एशिया-प्रशांत कूटनीति पर करेंगे फोकस

**विलमिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन जब शनिवार को अपने गृहनगर में ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत के नेताओं की मेजबानी करेंगे तो वह हिंद–प्रशांत साझेदारी को प्रदर्शित करना चाहेंगे जिसे उन्होंने पदभार ग्रहण करने के बाद से पोषित किया है, साथ ही उनकी नजर अपनी विरासत पर भी होगी। जब बाइडन ने व्हाइट हाउस में प्रवेश किया तो उससे पहले तथा कथित क्वाड के सदस्य देशों की बैठक केवल विदेश मंत्री स्तर पर ही होती थी।

### भारत में हुए विकास की बातें करेंगे साझा

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी डेलावेयर के विलमिंगटन में क्वाड के चौथे शिखर सम्मेलन में भारत के अपने घरेलू विकास की कहानी साझा करेंगे। वह 22 सितंबर को लॉन्ग आइलैंड में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह 23 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में आयोजित होने वाले भविष्य का शिखर सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे और इसके बाद भारत के लिए रवाना हो जाएंगे। इस शिखर सम्मेलन का ध्यान विशेष रूप से युवाओं पर है क्योंकि वह विश्व का भविष्य हैं।

### सिख कार्यकर्ताओं से मिले अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने सिख कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि अमेरिकी सरकार अमेरिकियों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। व्हाइट हाउस में की गई बैठक में अमेरिकन सिख कॉकस कमेटी के प्रीतपाल सिंह, सिख गठबंधन और सिख अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड (एसएएलडीईएफ) के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रीतपाल सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में ऐसा पहली बार हुआ है जब राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने सिख कार्यकर्ताओं और सिख अलगाववादियों के साथ बैठक की है।

# लेबनान में इजराइली हवाई हमले में 31 की गई जान

बेरूत, एजेंसी

लेबनान की राजधानी बेरूत के एक उपनगर में शुक्रवार को हुए हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है जिनमें सात महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। देश के स्वास्थ्य मंत्री फिरास आबियाद ने शनिवार को यह जानकारी दी। आबियाद ने बताया कि इस हमले में 68 लोग घायल भी हुए हैं जिनमें 15 अस्पताल में भर्ती हैं। उनके अनुसार, 2006 की इजराइल-हिजबुल्ला लड़ाई के बाद से यह सबसे घातक इजराइली हवाई हमला था। इस हमले में जिन लोगों की मौत हुई है उनमें हिजबुल्ला कमांडर इब्राहिम अकील और इस उग्रवादी संगठन के करीब दर्जनभर सदस्य शामिल हैं।

हमले के समय ये सभी एक भवन के बेसमेंट में बैठक कर रहे थे। हमले में संबंधित भवन भी ध्वस्त हो गया। अकील हिजबुल्ला की रडवान फोर्सेज का प्रभारी था। आबियाद ने बताया कि इस हमले में तीन सीरियाई नागरिक भी मारे गए। शुक्रवार को इजराइल की सेना ने कहा था कि इस हमले में अकील समेत हिजबुल्ला के 11 सदस्य मारे गए। इजराइल ने शुक्रवार दोपहर घनी आबादी वाले दक्षिणी बेरूत इलाके में उस समय दुर्लभ हवाई हमला किया था जब लोग काम से और छात्र स्कूलों से घर लौट रहे थे। शनिवार सुबह हिजबुल्ला का मीडिया कार्यालय पत्रकारों को हमले वाली जगह पर लेकर गया जहां लोग मलबा हटा रहे थे। लेबनानी सैनिकों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और वे लोगों को हमले में ध्वस्त हुई इमारत तक पहुंचने से रोक रहे थे।

## युद्ध हुआ तेज

- 2006 की इजराइल-हिजबुल्ला लड़ाई के बाद से यह सबसे घातक हवाई हमला
- मरने वालों में सात महिलाएं और तीन बच्चे शामिल



### स्कूल पर हमले में 22 की मौत

**गाजा पट्टी।** इजराइल द्वारा गाजा के एक स्कूल पर किए गए हमले में 22 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यह हमला गाजा शहर के जैतून इलाके में स्थित स्कूल पर किया गया है जिसमें 30 अन्य लोग जख्मी हुए हैं। इससे पहले शनिवार को इजराइल की सेना ने कहा था कि उसने हमास के कमांड और नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया है।

## 19 महीने तक बंधक रहे न्यूजीलैंड के पायलट को किया मुक्त

**जकार्ता।** अशांत पापुआ क्षेत्र में एक वर्ष से अधिक समय से बंधक बनाकर रखे गए न्यूजीलैंड के पायलट को अलगाववादी विद्रोहियों ने मुक्त कर दिया है। इंडोनेशियाई प्राधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। कार्टेन्ज पीस टास्क फोर्स के प्रवक्ता बायु सुसेनो ने बताया कि इंडोनेशियाई विमानन कंपनी सुसी एयर के लिए काम करने वाले क्राइस्टचर्च के पायलट फिलिप मार्क मेहरटेंस को अलगाववादी विद्रोहियों ने मुक्त कर दिया और शनिवार सुबह टास्कफोर्स को सौंप दिया। टास्कफोर्स एक संयुक्त सुरक्षा बल है जिसे पापुआ में अलगाववादी समूहों से निपटने के लिए इंडोनेशिया सरकार ने स्थापित किया। सुसेनो ने कहा कि पायलट का स्वास्थ्य ठीक है। उन्होंने कहा कि मेहरटेंस को गहन स्वास्थ्य जांच के लिए तिमिका ले जाया गया।

# हिंसा छोड़ें, बातचीत से स्थायी शांति करें स्थापित : रीजीजू

- केंद्रीय मंत्री ने मणिपुर के लोगों से हथियार छोड़कर बातचीत के लिए आगे आने का किया अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर के लोगों से हथियार छोड़कर बातचीत के लिए आगे आने का शनिवार को अनुरोध किया ताकि राज्य में शांति का स्थायी समाधान निकाला जा सके। गैर सरकारी संगठन माय होम इंडिया द्वारा आयोजित नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स फेस्टिवल को संबोधित करते हुए रीजीजू ने कहा कि (केंद्र की) नरेन्द्र मोदी सरकार के तहत पूर्वोत्तर में अभूतपूर्व विकास हो रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों को एक सुनहरा अवसर मिल रहा है।

उन्होंने कहा मैं कुकी भाइयों-बहनों से आग्रह करता हूं कि भारत सरकार हर कोशिश करने के लिए तैयार है लेकिन आपको हथियार छोड़ना होगा। यदि आप हथियार उठाएंगे तो कोई समाधान नहीं निकल सकता। संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने कहा कोई भी समाधान केवल बातचीत के जरिये ही निकाला जा सकता है। चाहे कुछ भी हो, आप एक दूसरे से नहीं लड़ सकते। अगर आप एक दूसरे से बात करते हैं, बातचीत की मेज पर आते हैं, तभी हम स्थायी शांति स्थापित कर सकते हैं।



# युद्धक क्षमता बढ़ाएगी भारतीय नौसेना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना के शीर्ष कमांडरों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी युद्धक क्षमता में पर्याप्त बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। भारतीय नौसेना ने यह निर्णय हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दखल और इस क्षेत्र में दिख रहे भू-राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में लिया।

अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को यहां संपन्न चार दिवसीय नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में व्यापक विचार-विमर्श के बाद समुद्री क्षेत्र में देश की युद्धक क्षमता को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। कमांडरों को संबोधित करते हुए नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने तटरक्षक बल और अन्य समुद्री एजेंसियों के साथ घनिष्ठ तालमेल और कार्यात्मक संबंधों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा और तट की रक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सतर्कता बनाए रखने की जरूरत को रेखांकित किया। नौसेना के अनुसार, एडमिरल ने नौसेना मुख्यालय में कमांड और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वह एक संतुलित बहुआयामी और निर्बाध नेटवर्क आधारित सेना के रूप में विकसित करना जारी रखें जो राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा करने और इसे बढ़ावा देने समेत जवाब देने के लिए तैयार रहे। नौसेना प्रमुख ने समकालीन भू-रणनीतिक परिदृश्य के साथ-साथ समुद्री क्षेत्र में उभरती रणनीति पर प्रकाश डाला। नैसेना के बयान में कहा गया कि बल के लिए अल्प, मध्यम और लंबी अवधि के लिहाज से प्रमुख क्षेत्रों को गिनाते हुए उन्होंने दोहराया कि सभी नौसैनिक मंचों, उपकरणों, हथियारों एंवं सेंसर को युद्ध के लिए तैयार सुनिश्चित करने की आवश्यकता है जिनका एकमात्र ध्येय 'लक्ष्य तक आयुध' पहुंचाना है।


शीर्ष कमांडरों के साथ बैठक करते नौसेना प्रमुख। एजेंसी

- शीर्ष कमांडरों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर की बैठक

## लेबनान पर हमला अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने शुक्रवार को कहा कि लेबनान में पेजर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से किया गया हमला अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन है। तुर्क ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि उपकरणों से हजारों लोगों को एक साथ निशाना बनाना, चाहे वे नागरिक हों या सशस्त्र समूहों के सदस्य और हमले के समय यह जाने बिना कि उपकरणों के निशाने पर कौन हैं व उनके आसपास कौन लोग हैं, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून और लागू अंतर्राष्ट्रीय मानवतावादी कानून का उल्लंघन है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार गैरहानिकारक उपकरणों में विशेष रूप से डिज़ाइन और एकत्रित किए गए विस्फोटक सामग्रियों के उपयोग को रोकता है।

# श्रीलंका में शांतिपूर्ण हुआ मतदान

- मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित 38 उम्मीदवार हैं मैदान में

श्रीलंका, एजेंसी

श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान शनिवार को संपन्न हुआ। इस दौरान, सभी 22 निर्वाचन जिलों में कहीं से भी हिंसा या सुरक्षा उल्लंघन की कोई खबर नहीं आई। वर्ष 2022 के आर्थिक संकट के बाद श्रीलंका में यह पहला चुनाव है।

निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे तक मतदान केंद्र में प्रवेश करने वाले सभी लोगों को निर्धारित समय सीमा के बाद भी वोट डालने की अनुमति दी गई। अधिकारियों ने अभी कुल मतदान प्रतिशत का अंतिम आंकड़ा जारी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि दोपहर दो बजे तक 1.7 करोड़ पात्र मतदाताओं में से 60 फीसदी से अधिक ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। पर्यवेक्षकों के मुताबिक, जाफना जिले में दोपहर तक मतदान काफी धीमा था। एक तमिल अल्पसंख्यक कट्टरपंथी समूह ने यहां लोगों से मतदान में हिस्सा नहीं लेने की अपील की थी। शाम चार बजे मतदान खत्म होने के तुरंत बाद डाक मतों की गिनती शुरू कर दी गई।


श्रीलंका में मतदान के बाद मतदाता।

### 8,000 स्थानीय और विदेशी पर्यवेक्षकों की थी तैनाती

श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए लगभग 8,000 स्थानीय और विदेशी चुनाव पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई थी। इनमें यूरोपीय संघ, राष्ट्रमंडल देशों और 'एशियन नेटवर्क फॉर फ्री इलेक्शन्स के 116 तथा दक्षिण एशियाई देशों के सात अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक शामिल थे।

## भारत, म्यांमार ने स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** भारत और म्यांमार ने शनिवार को अपनी स्थानीय मुद्राओं रुपये और क्यात के माध्यम से द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और म्यांमार के निवेश और विदेशी आर्थिक संबंध मंत्री कान जॉ के बीच लाओस में 12वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के दौरान हुई बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई। गोयल ने कहा देशों के बीच दाल, डीजल, गैसोलीन, इलेक्ट्रिक वाहन जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग व रुपया-क्यात मुद्रा व्यवस्था के माध्यम से द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। भारत-म्यांमार व्यापार 2023-24 में 1.75 अरब अमेरिकी डॉलर था। भारत यूएई, अफ्रीकी देशों और रूस सहित विभिन्न देशों के साथ स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है।

**ज्ञान–विज्ञान** | नेपच्यून ग्रह को देखने के लिए बेहतर अवसर

# हमारे नजदीक आ पहुंचा सबसे दूर का ग्रह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हमारे सौरमंडल का सबसे दूर का आठवे ग्रह नेप्च्यून को निहारने का यह सुनहरा अवसर है। शनिवार को नेपच्युन अपोजिसन यानी हमारे नजदीक आ गया है। अब यह कुछ दिन पृथ्वी के साथ करीबी बनाए रखेगा। वैज्ञानिको के अध्ययन व खगोलप्रेमियों के अवलोकन के लिए यह बेहतर मौका होगा।

दरअसल नेप्च्यून हमारे सौरमंडल का सबसे दूर का ग्रह होने के कारण वैज्ञानिक अध्ययनों से दूर ही रहा है। मगर अत्याधुनिक दूरबीनों की सुविधाओं के उपलब्ध हो जाने से अध्ययन की दिशा में भी तेजी आने लगी है। जिस कारण इस ग्रह को लेकर ग्रह वैज्ञानिकों के बीच चर्चाएं तेज होने लगी हैं। अब यह हमारे नजदीक है तो अगले कुछ दिन ऑब्जर्वेशन के केंद्र में रहेगा। अपोजिसन के दौरान नेपच्यून हमारे सबसे निकट रहता है और सबसे अधिक चमकीला भी नजर आता है। मगर इसे कोरी आंखों से नही देखा जा सकता है। दूरबीन के जरिए इसे देखा जा सकता है। अभी तक नेप्च्यून पूर्व में सूर्योदय से पहले नजर आ रहा था और अब सूर्यास्त के बाद पश्चिम में नजर आने लगेगा। फरवरी 2025 तक शाम के आकाश में दूरबीन से दिखाई देता रहेगा। आज इसकी चमक 7.8 परिमाण थी। शनिवार को पृथ्वी से इसकी दूरी 28.9 खगोलीय इकाई (ए यू) रह गई थी। नजदीक होने के कारण नेप्च्यून का सबसे चमकीला चंद्रमा ट्राइटन को देखने का भी यह अच्छा मौका होगा। आठवां ग्रह नेपच्यून का एक वर्ष 165 पृथ्वी वर्ष के बराबर होता है। इसकी कक्षा बहुत बड़ी है।



### वोयाजर 2 अंतरिक्ष यान ने करीब से देखा नेपच्यून ग्रह

**नैनीताल :** नासा के वोयाजर 2 अंतरिक्ष यान नेपच्यून की यात्रा करने वाला पहला यान था। जिसने 1989 में इसे करीब से देखा था। पृथ्वी के समान यह नीला दिखाई देता है। हमसे बहुत दूर होने के कारण इसे कभी भी नग्न आंखों से नही देखा जा सकता है। दूरबीन से भी यह एक धुंधला तारा जैसा ही नजर आता है।